मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 2 अंक: 166 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 07 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


### किसानों का चक्काजाम बेअसर

## खत्म हुआ किसानों का 3 घंटे का देशव्यापी 'चक्का जाम'

### दबाव में सरकार से बात नहीं करेंगे, कानून वापसी के लिए 2 अक्टूबर तक का वक्त दिया है : टिकैत

**नई दिल्ली ।** कृषि कानूनों का विरोध कर रहे 40 किसान संगठनों ने शनिवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक देशभर में चक्काजाम किया। प्रदर्शनकारियों ने राजस्थान-हरियाणा के बीच शाहजहांपुर बॉर्डर पर जाम लगा दिया। उधर, पंजाब में अमृतसर और मोहाली में किसान गाड़ियों को रोकने के लिए सड़कों पर बैठे। इसके साथ ही जम्मू-पठानकोट हाईवे पर भी वाहनों की आवाजाही रोक दी। हालांकि, बंद के दौरान एंबुलेंस जैसे इमरजेंसी सर्विस वाले वाहनों को नहीं रोका गया।

शनिवार को चक्काजाम के दौरान दिल्ली समेत कई जगहों पर प्रदर्शनकारी हिरासत में ले लिए गए, लेकिन ओवरऑल प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। कहीं से हिंसा या तोड़फोड़ की खबर नहीं आई। चक्काजाम खत्म होने के बाद भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि दबाव में



सरकार से बात नहीं करेंगे। कानून वापसी के लिए सरकार को 2 अक्टूबर तक का वक्त दिया है।

#### कहां क्या हुआ?

राजस्थानः कोटा में प्रदर्शनकारियों ने ट्रैक्टर रैली निकाली। वहीं अलवर में किसानों ने 10 से 12 जगहों पर पत्थर और कंटीली झाड़ियां डालकर नेशनल और स्टेट हाईवे जाम कर दिए। कांग्रेस ने किसानों के चक्काजाम का समर्थन किया।

#### हरियाणा-पंजाब

किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। रोडवेज की बसें भी बंद रहीं। भिवानी और जींद में 15-15, यमुनानगर में 12, करनाल में 10 और कैथल में 5 जगहों पर चक्काजाम किया गया। हिसार और पानीपत में प्रदर्शनकारियों ने नेशनल और स्टेट हाईवे जाम कर दिए। उधर, पंजाब में भाजपा को छोड़कर सभी राजनीतिक दल जाम के समर्थन में दिखे।



#### गलती से सबक लेकर दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाई गई

26 जनवरी को दिल्ली में हुई हिंसा की वजह से पुलिस ज्यादा अलर्ट रही। दिल्ली-में पुलिस, पैरामिलिट्री और रिजर्व फोर्स के 50 हजार जवानों को तैनात किया गया है। दिल्ली में तैनात CRPF की सभी यूनिट्स से कहा गया था कि वे अपनी बसों पर लोहे की जाली लगा लें, ताकि पथराव की स्थिति में बचा जा सके।

चक्काजाम के दौरान किसानों को दिल्ली में घुसने से रोकने के लिए रोड नंबर 56, NH-24, विकास मार्ग, जीटी रोड और जायराबाद रोड पर फोर्स तैनात की गई। इन इलाकों में बैरिकेडिंग भी की गई। दिल्ली में टीकरी बॉर्डर पर पुलिस ने आंदोलनकारियों पर ड्रोन से नजर रखी।

## गुजरात हाईकोर्ट पर आज जारी हुआ डाक टिकट



**नई दिल्ली ।** पीएम मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात हाई कोर्ट के डायमंड जुबली समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने डाक टिकट जारी किया है। गुजरात हाई कोर्ट ने सत्य और न्याय के लिए जिस निष्ठा से काम किया है, उसने भारतीय न्यायिक व्यवस्था और लोकतंत्र को मजबूत किया है।

#### डिजिटल तरीके से जारी हुआ डाक टिकट-

पीएम मोदी ने डिजिटली डाक टिकट को जारी किया। ह्यप्रधानमंत्री के गुजरात हाईकोर्ट की हीरक जयंती समारोह में शिरकत की और छह फरवरी, 2021 को सुबह साढ़े दस बजे स्मारक डाक टिकट जारी किया।

#### कैसा हो सिस्टम-

पीएम ने कहा कि हमारा जस्टिस सिस्टम ऐसा होना चाहिए, जो समाज के आखिरी पायदान पर खडे व्यक्ति के लिए काम आए। हर व्यक्ति को न्याय की गांरटी मिले और समय से न्याय की गारंटी हो। साथ ही कहा कि भारतीय समाज में रुल ऑफ लॉ सदियों से चल रहा है। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि 'न्यायमूल सुराज्यं स्यात' यानी सुराज्य की जड़ ही न्याय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यायपालिका को भरोसा दिलाने के लिए नागरिक के मन में एक आत्मविश्वास जगाया है। सच्चाई के लिए खड़े होने की उसे ताकत दी है। पिछले कई सालों में अपनी कानूनी समझ, अपनी विद्वत्ता और बौद्धिकता से गुजरात हाई कोर्ट ने एक खास पहचान बनाई है।

### संक्षिप्त समाचार

## सभी राज्यों में हुई कोविड टीके की शुरूआत: राज्यमंत्री अश्विनी चौबे

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने लोकसभा मे कहा कि कोविड-19 टीके को देश में स्वास्थ्य परिचर्या कार्मिकों और फ्रंटलाइन कर्मचारियों के प्राथमिकता प्राप्त समूहों से आरंभ करके चरणबद्ध तरीके से 16 जनवरी, 2021 से शुरु किया गया है। कोविड-19 टीके की शुरूआत सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में एक साथ की जा रही है। कोविड-19 टीकों की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार आपूर्ति अनुलग्नक में है। सरकार के पास देशभर में कोविड-19 टीकाकरण के चालू चरण के लिए कोविड-19 टीके की पर्याप्त खुराकें उपलब्ध हैं। सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत मौजूदा कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं को अधिक सुदृढ़ किया गया है और इनका कोविड-19 टीके को रखे जाने के लिए उपयोग किया जा रहा है। उपलब्ध भंडारण स्थान राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को पहले ही भेजे जा चुके कोविड-19 टीकों को रखे जाने के लिए पर्याप्त है।

## राहुल गांधी ने किसानों के चक्का जाम को दिया समर्थन

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किसान संगठनों के 'चक्का जाम' का समर्थन करते हुए कहा कि अन्नदाताओं का सत्याग्रह देश हित में है और तीनों कृषि कानून राष्ट्र के लिए घातक हैं। राहुल ने ट्वीट किया, ह्यअन्नदाता का शांतिपूर्ण सत्याग्रह देशहित में है- ये तीन कानून सिर्फ किसान-मजदूर के लिए ही नहीं, जनता व देश के लिए भी घातक हैं। पूर्ण समर्थन बता दें कि किसान संगठनों ने शनिवार को ह्यचक्का जाम का आह्वान किया है। किसान नेताओं ने सोमवार को कहा था कि वे छह फरवरी की दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक सड़कों को अवरुद्ध करेंगे। राहुल गांधी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया, ह्यमोदी सरकार ने देश और घर, दोनों का बजट बिगाड़ दिया है।

## शाह तिरुपति में दक्षिण क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे

अमरावती, आंध्र प्रदेश। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने बताया कि देश के गृह मंत्री अमित शाह तिरुपति में चार मार्च को प्रस्तावित दक्षिण क्षेत्रीय परिषद की 29वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गृह मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को कहा गया, दक्षिण क्षेत्र के आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री तथा उपराज्यपाल अपने-अपने मुख्य सचिवों, सलाहकारों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण एजेंडा वाली इस बैठक में हिस्सा लेंगे। इसमें कहा गया है कि बैठक में कुल 90 से 100 गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। दक्षिण क्षेत्रीय परिषद में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और पुडुचेरी सदस्यों के तौर पर तथा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप विशेष आमंत्रित के रूप में शामिल हैं।

## बंगाल ईस्ट पाकिस्तान में जा रहा था, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसे बचाया: जेपी नड्डा

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल गरमा गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को राज्य में दो कार्यक्रमों में शामिल हुए। पहला कार्यक्रम माल्दा में और दूसरा नादिया के नवद्वीप में हुआ। नवद्वीप में नड्डा ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यहां उन्होंने कहा कि नेहरू के जमाने में बंगाल ईस्ट पाकिस्तान के हिस्से में जा रहा था। पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए, तो बंगाल को बचाने का काम श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया।

नड्डा ने कहा, 'मोदी जी ने बंगाल को हर बार सब कुछ देने की कोशिश की, लेकिन ममता ने क्या किया- हर बार होवे ना, होवे ना यानी नहीं हो पाएगा, नहीं हो पाएगा। ममता जी जाएंगी, रास्ते का रोड़ा खत्म होगा और बंगाल की जनता को आयुष्मान भारत योजना का फायदा मिलेगा। ममता जी जाएंगी और 70 लाख किसानों को सम्मान निधि मिलेगी। हर किसान को 14 हजार रुपए मिलेंगे। यह है परिवर्तन, जिसकी हम बात करते हैं।

#### बंगाल में रेप के सबसे ज्यादा मामले : नड्डा



बंगाल में हिंसा का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा, ह्ययह सरकार तानाशाही की सरकार है। हमारे 130 लोग मारे गए हैं। यह कैसी सरकार है। इसे जाना होगा। हमारे ऊपर अटैक कर सकते हैं तो हम समझ सकते हैं कि सामान्य आदमी की बंगाल में क्या हालत होगी। रेप के मामले सबसे ज्यादा बंगाल में हैं। राज्य में महिला मुख्यमंत्री हो और महिलाओं का सम्मान न हो, तो हमें परिवर्तन चाहिए।

#### संस्कृति की रक्षा ममता के बस की बात नहीं

उन्होंने कहा कि संस्कृति की रक्षा की बात ममता जी करती हैं। यह विवेकानंद जी की धरती है, रविंद्रनाथ जी की धरती है। ममता जी, यहां की संस्कृति आप नहीं संभाल सकेंगी। इसकी रक्षा भाजपा के लोग ही कर पाएंगे। आपने मेरे नाम के आगे एक विशेषण लगाया था। वह बताता है कि आपकी खुद की संस्कृति क्या है।

#### ममता ने केंद्र की योजनाओं का नाम बदला

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 1 हजार करोड़ रुपए बंगाल की महिलाओं को दिए हैं। ममता जी ने स्वच्छ भारत योजना का नाम बदल दिया। सड़क ग्रामीण योजना का नाम बदल दिया। आवास योजना का नाम बदल दिया। काम मोदी का और नाम ममता का। ममता जी नाम बदलने से कुछ नहीं होगा। जिस किसी ने ममता जी का नाम लिया, उसे जेल में डाल दिया गया।

#### बंगाल में केवल तृणमूल का विकास हुआ

ममता सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्होंने पूछा कि कटमनी किसकी पॉकेट में गया? मोदी जी ने बंगाल की जनता को जो पैसा दिया, उसे खा गए। मोदी जी ने अनाज भेजा, लेकिन यहां पहुंचने के बाद चावल कहां मिला? दाल कहां मिली? ळटउ के कार्यकताओं के घर में मिली। हाईकोर्ट ने कहा कि सीएजी से इसकी ऑडिटिंग कराओ।

## रतन टाटा को भारत रत्न देने की उठी मांग, उद्योगपति बोले- न चलाएं कोई अभियान

**नई दिल्ली ।** भारतीय उद्योगपति, दानदाता और टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा को भारत रत्न दिलाने के लिए सोशल मीडिया पर एक अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर अब उद्योगपति ने ट्वीट कर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, मैं लोगों की भावनाओं की सराहना करता हूं, लेकिन ऐसे अभियानों को बंद कर दिया जाना चाहिए।

बता दें कि ट्विटर पर एक तबका टाटा को भारत रत्न देने की पुरजोर मांग कर रहा है। सोशल मीडिया पर इसके लिए बाकायदा एक अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान को बंद करने की



अपील करते हुए टाटा ने ट्वीट कर कहा, 'सोशल मीडिया पर लोगों के एक तबके द्वारा एक अवॉर्ड को लेकर व्यक्त की गई भावनाओं की मैं सराहना करता हूं, लेकिन मैं बेहद नम्रता के साथ अपील करता हूं कि ऐसे अभियान बंद कर दिए जाएं। मैं भारतीय होने और भारत की उन्नति व समृद्धि में योगदान कर पाने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं।

## हैकर्स ने एयरटेल के नेटवर्क पर सैन्यकर्मी का डेटा लीक किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में एक हैकर समूह ने भारती एयरटेल के नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे सैन्यकर्मी का डेटा कथित तौर पर लीक कर दिया है। हालांकि, कंपनी ने अपनी प्रणाली में किसी तरह की सेंध से इनकार किया है। इस समूह का नाम रेड रैबिट टीम है। समूह ने कुछ भारतीय वेबसाइट को हैक कर डेटा को उन पोर्टल के वेब पेज पर डाला है। हैकरों ने साइबर सुरक्षा शोधकर्ता राजशेखर राजहरिया के एक ट्वीट के जवाब में इन वेब पेज के कुछ लिंक साझा किए हैं और मीडिया संगठनों को इसे टैग किया है। इस बारे भारतीय सेना को भेजे गए सवाल का जवाब नहीं मिला है। हालांकि, सेना के एक अधिकारी ने कहा, हमें इस तरह की सूचना की कोई जानकारी नहीं है। लेकिन ऐसा लगता है कि कुछ निहित स्वार्थी तत्वों ने गलत मंशा से ऐसा किया है। इस बारे में संपर्क करने पर भारती एयरटेल के प्रवक्ता ने अपने सर्वर में किसी तरह की सेंध से इनकार किया। प्रवक्ता ने कहा, हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि एयरटेल की प्रणाली में कोई सेंध नहीं लगी है, जैसा कि इस समूह ने दावा किया है। नियामकीय जरूरत के हिसाब से एयरटेल के बाहर के कई अंशधारकों की डेटा तक पहुंच होती है। हमने संबंधित अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दे दी है। हमने उनसे इस मामले की जांच करने और उचित कार्रवाई करने को कहा है। प्रवक्ता ने कहा कि यह समूह पिछले 15 माह से हमारी टीमों के संपर्क में है और लगातार विरोधाभासी दावे कर रहा है। समूह एक क्षेत्र से गलत डेटा पोस्ट कर रहा है। हैकर द्वारा शेयर किए गए लिंक पर ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर और पते के आधार पर पहुंचा जा सकता था। लेकिन कुछ समय बाद इसने काम करना बंद कर दिया। अखिल भारतीय स्तर पर भारती एयरटेल के डेटा तक पहुंच है और जल्द ही वह कुछ और डेटा लीक करेगा। राजहरिया ने कहा कि हैकर भारती एयरटेल के अखिल भारतीय डेटा तक पहुंच के बारे में कोई विश्वसनीय प्रमाण देने में विफल रहे हैं।

## भाजपा ने प्रयागराज में निषाद समाज की नावें तोड़कर उनके पेट पर मारी लात : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि प्रयागराज में भाजपा सरकार ने निषाद समाज की नावें तोड़कर उनके पेट पर लात मारी है। भाजपा सरकार तत्काल निषाद समाज से माफी मांगे और रोजगार के लिए नई नावें दे। दरअसल पूरा मामला प्रयागराज में यमुनापार इलाके का है। जहां गुरुवार को अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस और बालू खनन मजदूरों में झड़प हुई। इस दौरान कई नावें क्षतिग्रस्त कर दी गईं। वहीं मामले में गुस्साए खनन मजूदरों ने मौके पर पहुंचे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संजय निषाद और उनके साथ गए नेताओं को भी दौड़ा लिया। अखिलेश यादव ने ट्वीट में कहा कि यूपी सरकार ने डायल 100 जैसी सुविधाएं निष्क्रिय कर दी हैं व ठोको नीति के तहत अब गरीबों तक को निशाना बनाया जा रहा है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में कोई



भी सुखी नहीं है। किसान अपनी खेती बचाने के लिए जीवन-मरण की लड़ाई लड़ रहे हैं। बहरी सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। क्रूरता की हद यह है कि किसानों की बात सुनने के बजाय उनके रास्ते में लोहे के जाल, कील कांटे और लोहे की दीवारें खड़ी की जा रही है। सरकार और किसान के बीच में यह विभाजन रेखा खींचना देश और लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भाजपा जो नए कृषि कानून लाई है, उससे पूरे देश का किसान न केवल चिंतित है अपितु आक्रोशित भी है। भाजपा दमन के जरिए किसानों की आवाज को दबाना-कुचलना चाहती है पर वह न भूले कि इतिहास बताता है कि झूठ और अन्याय की जड़े नहीं होती है, जनाक्रोश के आगे सत्ता की एक नहीं चलती है। किसान कोई बड़ी मांग नहीं कर रहे है। वे केवल तीनों काले कृषि कानूनों की वापसी और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का कानून बनाने की मांग कर रहे है।

## सीमा विवाद पर चीन के साथ हुई वाताओं का हो रहा है असर: एस जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन की सेना के शीर्ष कमांडर पूर्वी लद्दाख में सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया को लेकर नौ दौर की वार्ता कर चुके हैं और भविष्य में भी ऐसी वाताएं की जाती रहेंगी। जयशंकर ने विजयवाड़ा में पत्रकारों से कहा कि अब तक हुई वाताओं का जमीन पर कोई प्रभाव दिखाई नहीं दिया है। उन्होंने कहा, ह्यसैनिकों के पीछे हटने का मुद्दा बहुत पेचीदा है। यह सेनाओं पर निर्भर करता है। आपको अपनी भौगोलिक स्थिति और घटनाक्रम के बारे में पता होना चाहिये। सैन्य कमांडर इस पर काम कर रहे हैं ।ह्न जयशंकर से पूछा गया था कि क्या भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़पों को लेकर दोनों देशों के बीच मंत्रिस्तरीय वार्ता हो सकती है। इस सवाल पर विदेश मंत्री ने यह जवाब दिया। भारत और चीन के बीच बीते साल पांच मई से पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध चल रहा है। गतिरोध खत्म करने लिये दोनों देशों के बीच कई दौर की सैन्य और राजनयिक स्तर की वाताएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है। विदेश मंत्री ने कहा, ह्यसेना के कमांडर अब तक नौ दौर की वाताएं कर चुके हैं।

## संपत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को बड़ी राहत मिलेगी: मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक संपत्तियों के सर्कल दर को 20 प्रतिशत तक कम करने का एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम कोविड काल के दौर में हुए आर्थिक नुकसान से अब धीरे-धीरे उबर रहे हैं। हमारी सरकार का यह कर्तव्य है कि वह आम आदमी पर वित्तीय बोझ को और कम करने के लिए सभी कदम उठाए। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस निर्णय से संपत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और इससे रियल एस्टेट क्षेत्र को एक बड़ा बढ़ावा मिलेगा। वहीं, राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि सर्कल दर में 20 प्रतिशत तक कमी करने का निर्णय अधिक से अधिक लोगों को अचल संपत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और रियल स्टेट में आई स्थिरता को दूर करेगा। जनता के हित में दिल्ली सरकार ने सर्किल रेट में 20 प्रतिशत की कमी करने का फैसला किया है। हालांकि हम कोविड काल के दौरान हुए आर्थिक नुकसान से अब धीरे-धीरे उबर रहे हैं।



हमारी सरकार का यह कर्तव्य है कि वह आम आदमी पर वित्तीय बोझ को और कम करने के लिए सभी कदम उठाए।

वहीं, राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि हम कठिन समय का सामना कर रहे हैं। एक जवाबदेह सरकार होने के नाते अर्थ व्यवस्था को वापस पटरी पर लाने के लिए दिल्ली की जनता को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होगी, जो तेजी लाने के लिए सबसे बड़ी अचल संपत्ति है। सर्किल दरों में यह कमी, मुख्यमंत्री का स्वागत योग्य कदम है।

मुझे उम्मीद है कि इससे रियल एस्टेट में अधिक लोगों को खरीद-बिक्री करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और रियल स्टेट में आई स्थिरता को दूर करेगा।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एंव वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, सीएम अरविंद केजरीवाल का यह बहुत बड़ा निर्णय है। इस निर्णय से दिल्ली में आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक संपत्तियों की सभी श्रेणियों में सर्किल दरें अगले 6 महीनों के लिए 20 प्रतिशत तक कम हो गईं।

## देवेन्द्र कुमार बहल पं. बृजलाल द्विवेदी साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान के लिए चयनित

» **मदरलैंड संवाददाता**

नई दिल्ली । साहित्यिक पत्रिका 'अभिनव इमरोज' के संपादक देवेन्द्र कुमार बहल को मीडिया विमर्श परिवार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में 13वें पं. बृजलाल द्विवेदी स्मृति अखिल भारतीय साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय , भोपाल के पूर्व कुलपति अच्युतानंद मिश्र मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. कुमुद शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर एवं प्रख्यात साहित्यकार गिरीश पंकज तथा दैनिक जागरण के एसोसिएट एडीटर अनंत विजय विशिष्टि अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मीडिया



विमर्श के फेसबुक पेज पर होगा। समारोह में ऑनलाइन लिंक पर क्लिक कर जुड़ सकते हैं।

'मीडिया विमर्श' के कार्यकारी संपादक प्रो. संजय द्विवेदी ने बताया कि यह पुरस्कार प्रतिवर्ष हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। इस अवॉर्ड का यह 13वां वर्ष है। 'मीडिया विमर्श' द्वारा शुरू किए गए इस अवॉर्ड के तहत ग्यारह हजार रुपए, शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र दिया जाता है। पुरस्कार के निर्णायक मंडल में नवभारत टाइम्स, मुंबई के पूर्व संपादक विश्वनाथ सचदेव, छत्तीसगढ़ ग्रंथ अकादमी, रायपुर के पूर्व निदेशक रमेश नैयर तथा इंदिरा गांधी कला केंद्र, दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी शामिल हैं।

इससे पूर्व यह सम्मान वीणा (इंदौर) के संपादक स्व. श्यामसुंदर व्यास, दस्तावेज (गोरखपुर) के संपादक डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, कथादेश (दिल्ली) के संपादक हरिनारायण, अक्सर (जयपुर) के संपादक डॉ. हेतु भारद्वाज, सद्भावना दर्पण (रायपुर) के संपादक गिरीश पंकज, व्यंग्य यात्रा (दिल्ली) के संपादक डॉ. प्रेम जनमेजय, कला समय (भोपाल) के संपादक विनय उपाध्याय, संवेद (दिल्ली) के संपादक किशन कालजयी, अक्षरा (भोपाल) के संपादक कैलाशचंद्र पंत, अलाव (दिल्ली) के संपादक रामकुमार कृषक, प्रेरणा (भोपाल) के संपादक अरुण तिवारी और युगतेवर (सुल्तानपुर) के संपादक कमल नयन पाण्डेय को दिया जा चुका है।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# भगीरथ झा को भगवान जगन्नाथ पर हिंदी में पुस्तक लिखने का दायित्व सौंपा



» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

**नई दिल्ली ।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के प्रधान रवीन्द्र प्रधान, एनडीएमसी में कार्यरत भगवद् प्रेमी सुशांत दास, एवं दिल्ली वैश्य समाज के अग्रणी रोहित गोयल द्वारा पारस्परिक सहमति से भगवान जगन्नाथ पर राष्ट्रभाषा हिंदी में एक पुस्तक लिखने का एक विचार प्रस्तुत किया ।

भागीरथ झा जिनको इस पुस्तक को साकार रूप देने का दायित्व सौंपा गया है, ने मीडिया से वातार्लाप करते हुए भावी पुस्तक की रूपरेखा पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला।

आपसी विचार विमर्श में भगवान जगन्नाथ भक्तों ने इस संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए यथासंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

एक विशेष समारोह में पालिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी संजय त्यागी भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी ने भगीरथ. झा का अभिनंदन किया । उन्होंने इस प्रयास के लिए उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की ।

# मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा योजना का शुभारंभ

» शैलेंद्र पचौरी

नई दिल्ली ।दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा योजना का शुभारंभ किया गया है । इसके तहत सभी स्कूलों में 1000 मेधावी छात्रों को प्रत्येक माह 5000 की राशि साइंस स्कॉलरशिप के रूप में दी जाएगी। दिल्ली के सरकारी या प्राइवेट स्कूलों के छात्रों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार मेधावी और प्रतिभाशाली छात्रों को बढ़ावा देने के मद्देनजर यह योजना शुरू कर रही है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि साइंस स्कॉलरशिप स्कूल स्तर पर साइंस एजुकेशन को बढ़ावा देगी ।आठवीं कक्षा में 60% से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा, परंतु एस सी एस टी एवं दिव्यांग वर्ग को इसमें 5% की छूट दी जाएगी । इसके अतिरिक्त शिक्षा जगत को पूरी तरह डिजिटल करने का भी निर्णय लिया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार 10 .85 करोड़ रुपए खर्च करेंगी।

दिल्ली सरकार शिक्षा विभाग के सभी कार्यालयों को 1200 कंप्यूटर उपलब्ध कराएगी ताकि इन कार्यालयों में काम के माहौल को बेहतर बनाया जा सके ।इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को मिलकर काम करने की अपील की उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों को बेहतर शिक्षा देने के सपने को पूरा करना हमारा लक्ष्य है ।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बताया कि भारत के 200 सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट स्कूलों में 100 स्कूल दिल्ली के हैं ।सरकारी और प्राइवेट स्कूल साथ साथ मिलकर दिल्ली के बच्चों को ईमानदार पेशेवर व भावनात्मक रूप से मजबूत बनाने का काम करेंगे।

# दोस्ती के बहाने नाबालिग लड़की से किया दुराचार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली । द्वारका स्कूल की कक्षा 12 वीं की एक नाबालिग लड़की ने अपने माता-पिता के साथ पुलिस स्टेशन में एक लड़के के खिलाफ दोस्ती के बहाने फंसा कर उसका शारीरिक और मानसिक शोषण करने की शिकायत दर्ज कराई ।



नाबालिग लड़की ने कहा कि आरोपी ने उसे दोस्ती के लिए इंस्टाग्राम के जरिए फंसाया और धीरे-धीरे पारिवारिक समस्या के बहाने पेटीएम के माध्यम से पैसे लेने शुरू कर दिए। लड़की ने आगे आरोप लगाया कि हिमांशु उर्फ हेमंत नाम के उक्त लड़के ने जुलाई 2020 के महीने में द्वारका में मुलाकात की, जिसमें उसे चक्कर आने पर उसे कोल्ड ड्रिंक देने की पेशकश की। बाद में लड़के ने लड़की को सोशल मीडिया में उसकी आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए उससे पैसे निकालने की बात कही जो उसे चक्कर आने की स्थिति में ली गई थी। धमकी और जबरन वसूली की हद तक डर कर लड़की अपनी माँ के सोने के गहने चोरी कर माँग को पूरा करती रही । लड़की ने आगे आरोप लगाया कि लड़के का व्यवहार दिन पर दिन खराब हो रहा था, उसने उसे गंदी और अपमानजनक भाषा बोलना शुरू कर दिया, ताकि वह उससे पैसे कमाने के लिए दबाव डाले और अपने दोस्त के साथ सो सके। नाबालिग लड़की के अपराध और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, उसकी एनजीओ के माध्यम से काउंसलिंग की गई, मेडिकल जांच की गई और पोक्सो एक्ट के साथ व / २ 384/509/506 के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रमुख / द्वारका साउथ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गयी जिसमें एसआई मुकेश, एएसआई मेहराबअलम, एएसआई मनोज, एचसी प्रवीण और कॉन्स्टेबल विनीत को शामिल किया गया लड़की के पेटीएम विवरण के साथ-साथ कथित लड़के की भी पहचान हो गयी ।एकत्र किए गए कथित फोन की सीडीआर और सीएएफ, तकनीकी निगरानी की गई और कथित लड़के के करनाल हरियाणा में होने के सुराग मिले तदनुसार, उक्त टीम मध्य रात्रि में करनाल के लिए रवाना हुई। टीम के सदस्यों द्वारा तकनीकी निगरानी और फील्ड जांच पड़ताल के आधार पर, आरोपियों की गिरफ्तारी की गिरफ़्तारी की गयी ।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-यूरोपीय संघ के बीच प्रथम उच्च स्तरीय संवाद आयोजित हुए

नई दिल्ली । वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय संघ के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यापार आयुक्त वाल्डिस डोंब्रोव्स्की के सह-अध्यक्षता में प्रथम उच्च स्तरीय संवाद (एचएलडी), 5 फरवरी 2021 को आयोजित किया गया । इस वार्ता की नींव जुलाई 2020 में आयोजित 15वें भारत-यूरोपीय संघ के नेता के शिखर सम्मेलन में रखी गई थी, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों के लिए एक मंत्री स्तरीय मार्गदर्शन समिति बनाना था । एचएलडी में चर्चा के दौरान मंत्रियों ने कोविड-19 युग के बाद वैश्विक सहयोग और एकजुटता के महत्व पर जोर दिया और द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए सहमति व्यक्त की जिसके लिए नियमित रूप से बैठक का अयोजन किए जाएंगे । इसका उद्देश्य इस कठिन समय में बिजनेस को त्वरित सुविधा उपलब्ध कराना है । मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश सहयोग के मुद्दों की मेजबानी पर आम सहमति तक पहुंचने के उद्देश्य से अगले तीन महीनों के भीतर बैठक करने पर भी सहमति बनी । एक द्विपक्षीय नियामक संवाद, सहयोग की आगे की संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक भारत-यूरोपीय संघ बहुपक्षीय वार्ता आदि पर जोर दिया गया । एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश समझौतों को फिर से शुरू करने के लिए, एक अंतरिम समझौते के साथ, शुरू करने के लिए नियमित बातचीत पर भी चर्चा की गई । मंत्रियों में इस बात पर सहमति बनी कि नए सिरे से भारत-यूरोपीय संघ की वाणिज्यिक और आर्थिक साझेदारी के प्रति विश्वास और प्रतिबद्धता बहाल की जाएगी ।

### 25 देशों को 'मेड इन इंडिया' कोविड वैक्सीन का इंतजार: एस. जयशंकर

नई दिल्ली । विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत ने अभी तक 15 देशों को कोविड-19 रोधी टीके की आपूर्ति की है और 25 अन्य देशों को भारत में बने कोरोना टीके का इंतजार है । उन्होंने कहा कि तीन श्रेणियों के देश भारत से टीका हासिल करने के इच्छुक हैं- गरीब, कीमत को लेकर संवेदनशील देश और दवा कंपनियों के साथ सीधे समझौता करने वाले अन्य देश । जयशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्यजहां तक मुझे पता है, हम 15 देशों को पहले ही टीके की आपूर्ति कर चुके हैं । 25 अन्य देशों को टीके का इंतजार है । लेकिन आज महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत इस मामले में विश्व के नक्शे पर उभरा है । विदेश मंत्री ने कहा कि कुछ गरीब देशों को अनुदान के आधार पर टीके की आपूर्ति की जा रही है जबकि कुछ देश उस कीमत पर टीका चाहते हैं जो भारत सरकार टीका निमार्ताओं को दे रही है । जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को ह्यविश्व की फामेर्सीह्ण के तौर पर स्थापित करना चाहते हैं ।

### आईआरसीटीसी ने शुरू की नई सर्विस अब ट्रेन के साथ बस का टिकट भी कर सकेंगे बुक

नई दिल्ली । ट्रेन और फ्लाइट टिकट के बाद अब आईआरसीटीसी से बस का टिकट भी बुक किया जा सकेगा । इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड आईआरसीटीसी ने यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए बस टिकट की बुकिंग शुरू कर दी है । इस सर्विस को देशभर में 29 जनवरी से ही लाइव कर दिया है । ये जानकारी आईआरसीटीसी की ओर से शुक्रवार को दी गई । बुकिंग के दौरान ग्राहकों को बैंक और ई-वॉलेट डिस्काउंट भी मिलेगा । यानि अब यात्री एक जगह से ही रेल, फ्लाइट और बस की ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे । इसके लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी । आईआरसीटीसी से बस की टिकट बुक करना चाहते हैं तो इसके लिए आप आईआरसीटीसी मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं । इसके अलावा आप वेबसाइट पर भी जा सकते हैं । यहां आप अपनी पसंद के हिसाब से सीट का चयन कर टिकट बुक कर सकते हैं । यह सर्विस देशभर में 22 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध होगी ।

### दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशनों पर प्रवेश और निकास खुले

नई दिल्ली । नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसान यूनियनों द्वारा घोषित ह्यचक्का जामह्ण के मद्देनजर शनिवार को बंद किए दिल्ली के कई प्रमुख मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश और निकासी फिर से शुरू हो गई है । डीएमआरसी ने ट्वीट कर यात्रियों को सूचित किया कि सभी स्टेशनों को खोल दिया गया है । दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को दिल्ली में सुरक्षा कारणों के चलते ऐहतियातन अपने 10 मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश और निकासी बंद कर दी थी । हालांकि, इस दौरान इंटरचेंज की सुविधा जारी रही । दिल्ली मेट्रो के जिन स्टेशनों पर प्रवेश और निकासी बंद की गई थी उनमें- मंडी हाउस, आईटीओ, दिल्ली गेट, विश्वविद्यालय, लाल किला, जामा मस्जिद, जनपथ, केंद्रीय सचिवालय, खान मार्केट और नेहरू प्लेट शामिल रहे ।

# दहेज को लेकर तीन तलाक, हुई एफआईआर

» मदरलैंड संवाददाता

लोनी । तीन तलाक का कानून बनने के बाद भी ये मामलें थम नहीं रहे हैं । ताजा मामला लोनी में सामने आया है । यहां एक पति ने दहेज में कार और एक लाख नकद रुपयें न मिलने के कारण पत्नी को तीन तलाक दे दिया । पीड़िता ने न्याय के लिए एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया था । जिस पर लोनी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति समेत सास व ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामलें में पति किसी अन्य युवती को लेकर फरार है । मामला लोनी कोतवाली क्षेत्र की अल्वी नगर कॉलोनी का है । यहां की रहने वाली नाजमा पुत्री मौहम्मद यूनुस अपने माता पिता और भाई के साथ



एसएसपी कार्यालय पहुंची थी। पीड़िता के अनुसार उसका निकाह दो साल पहले शाहनवाज पुत्र अय्यूब के साथ हुआ था। लोनी कोतवाली क्षेत्र की प्रेम नगर, लोनी में उसकी ससुराल है । पीड़िता का आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद ही उससे अतिरिक्त दहेज के रूप में कार और एक लाख नकदी की मांग की जाने लगी। इसको लेकर आए दिन उसे प्रताड़ित किया जाता था। करीब चार माह पूर्व उसको मारपीट करके ससुराल से निकाल दिया गया था। तब से वो अपने मायके में रह रही थी । पीड़िता के मुताबिक 19 जनवरी की शाम को उसका पति ससुराल पक्ष के कुछ लोगों के साथ उसके मायके आया और मारपीट कर दहेज मांगने लगा। इस बीच विवाद बढ़ गया और शाहनवाज ने उसे तीन तलाक बोल दिया । तभी से आरोपी पति फरार है। पीड़िता ने उच्चाधिकारियों के पास इसकी शिकायत की थी। जिसके आधार पर लोनी कोतवाली पुलिस ने उसके पति के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) कानून, 2019 और आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) की धारा 498 ए, 323 व 504 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# भारत और ईयू के बीच उच्चस्तरीय वार्ता में व्यापार, निवेश बढ़ाने पर हुई बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार बताया कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच पहली उच्चस्तरीय वार्ता (एचएलडी) में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई । जारी बयान में कहा गया कि बैठक की सह-अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा यूरोपीय संघ के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यापार आयुक्त वाल्डिस डोमब्रोव्स्किस ने की । बैठक में मंत्रियों के बीच नियमित संपर्क के जरिये द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति बनी। मंत्रियों में तीन माह के भीतर विभिन्न द्विपक्षीय व्यापार और निवेश मुद्दों पर एकराय बनाने के लिए एक और बैठक की सहमति बनी। इनमें द्विपक्षीय नियामकीय वार्ता भी शामिल है।

# शिकायत और मांग के बाद भी चार दिवारी की मरम्मत नहीं





» मौसम खान

लोनी। चौकिये नही ये मांग, शिकायत कोई अपने घर - घेर या निजी सम्पति के लिए नही की जा रही है । ये शिकायत मांग दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र की मुस्तफाबाद कालोनी में बने प्राथमिक विद्यालय के लिए की जा रही है। विद्यालय की चार दिवारी काफी साल से टूटी हुई है । जिसकी वजह से विद्यालय में कई बार चोरी भी हो चुकी है, और ऐसा नही है कि संबंधित अधिकारी इस बात से अवगत नही है। अधिकारियों को भी सब पता है, साथ ही मौजूदा जनप्रतिनिधि को सब जानकारी है । चार दिवारी टूटी होने की वजह से विद्यालय में चोर, चोरी की घटनाओं को कई बार अंजाम दे चुके है। स्थानीय निवासियों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से विद्यालय के चार दीवार की मरम्मत निर्माण के लिए कई बार मांग की जा चुकी है। लेकिन अधिकारी शासन के पास धन का आभाव बताते हुए अपना पल्ला झाड़ देते है।

# कोरोना की रफ्तार कम हुई, बीते 24 घंटे में मिले 11 हजार 713 संक्रमित, 100 से कम की जान गई

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना महामारी के संक्रमण की मार कम होती नजर आ रही है। हालात दिन पर दिन सुधरते जा रहे हैं। एक्टिव मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट देखने और ठीक हो रहे मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान संक्रमण के कारण 100 से कम लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आज सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना के 11 हजार 713 मामले सामने आए। इस दौरान 14 हजार 488 मरीज ठीक हुए और 95 लोगों की मौत हुई। इस दौरान सात लाख 40 हजार 794 सैंपल टेस्ट हुए।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में अब तक कुल कोरोना के एक करोड़ आठ लाख 14 हजार 304 मामले सामने आ गए हैं। एक्टिव केस एक लाख 48 हजार 590 है, जो कुल मामलों का 1.37 फीसद है। एक करोड़ पांच लाख 10 हजार 796 मरीज संक्रमण से उबर गए हैं, जो कुल मामलों का 97.19 फीसद है । महामारी के कारण अब तक एक लाख 54 हजार 918 लोगों की मौत हो गई है, जो कुल मामलों का 1.43 फीसद है । कुल अब तक 20 करोड़ छह लाख 72 हजार 589 सैंपल टेस्ट हो गए हैं।

# किसान कानून को लेकर जावेड़कर ने कांग्रेस पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के विरोध में एक ओर किसान आंदोलन चल रहा हैं वहीं राजनीति भी शीर्ष पर है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कांग्रेस नेता शशि थरुर का एक पुराना ट्वीट लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है। ट्वीट के जरिए किसान कानून को लेकर जावड़ेकर ने कांग्रेस के दोहरे रवैये का आरोप लगाया है। नवम्बर आखिरी से ही किसान आंदोलन चरम पर है। दिल्ली-यूपी गाजीपुर बॉर्डर में अभी भी किसान भारी संख्या में डटे हुए हैं। कांग्रेस लगातार किसानों का समर्थन करते हुए कानून को वापस लेने की मांग कर रही है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरुर का 2010 का एक ट्वीट पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि हैशटैग कृषि कानून पर कांग्रेस के पाखंड का एक और खुलासा। कांग्रेस 2010 में ऐसा सोचती थी और अब इसके बिल्कुल विपरीत सोचती है।



साल 2010 में कांग्रेस की सरकार थी और उस दौरान शशि थरुर ने जो ट्वीट किया है उसमें लिखा है कि हम हर साल ऑस्ट्रेलिया के कुल पैदावार के बराबर गेंहू भंडार करने और बंटवाने में बर्बाद कर देते हैं । गेंहूं के स्टोर की जिम्मेदारी प्राइवेट सेक्टर को देने की सख्त जरुरत है । शशि थरुर के इसी ट्वीट पर अब भाजपा हमलावर हो चुकी है।

इससे पहले भी बीजेपी के तमाम नेता कांग्रेस के पुराने ट्वीट्स को लेकर हमला करते रहे हैं। बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा ने कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी का एक वीडियो को ट्वीट करते हुए लिखा था कि यह उजागर करता है कि कांग्रेस किसानों को भ्रमित कर रहा है। जेपी नड्डा के द्वारा ट्वीट किये गए वीडियो में सोनिया गांधी एक रैली को संबोधित कर रही हैं। जिसमें वो सामने की भीड़ से पूछ रही हैं कि क्या किसानों को दलालों से मुक्त कर उनकी पैदावार की अच्छी कीमत नहीं दिलानी चाहिए? इस वीडियो को ट्वीट करते हुए नड्डा ने कहा कि किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस का सच फिर से उजागर हुआ है । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपना एक वीडियो ट्वीट किया था।

ये 2015 में संसद में कृषि मुद्दों पर दिए अपने एक भाषण का पुराना वीडियो था, जिसमें उन्होंने कहा था कि किसानों की जमीन महंगी हो रही है, और सरकार किसानों को कमजोर बना रही है। राहुल गांधी ने बीजेपी पर तंज कसते हुए पुराना वीडियो ट्वीट किया है, इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि अब भी वक्त है मोदी जी, अन्नदाता का साथ दो, पूंजीपतियों का साथ छोड़ दो।

# गाजीपुर सिंघु और टीकरी बॉर्डर पर इंटरनेट सेवा फिर ठप: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली।** किसानों नेताओं द्वारा चक्का जाम खत्म करने के ऐलान के बाद किसानों के धरनास्थलों पर इंटरनेट सेवा आज एक बार फिर से बंद कर दी गई है। तीनों धरना स्थल पर आज रात 11.59 बजे तक के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है । गृह मंत्रालय की ओर से टेलिकॉम कंपनियों को शुक्रवार को जारी किए गए आदेश में दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन के धरनास्थलों गाजीपुर, टीकरी और सिंघु बॉर्डर पर शनिवार 6 फरवरी को रात 11.59 बजे तक इंटरनेट सेवा सस्पेंड रखने को कहा गया है । सरकार ने सभी निजी और सरकारी टेलिकॉम कम्पनियों से इन आदेशों का पालन करने को कहा है। माना जा रहा है कि सरकार ने ये आदेश किसान आंदोलन के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, सार्वजनिक व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जारी किए हैं। गौरतलब है कि 26 जनवरी को भी दिल्ली के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी तौर पर बंद कर दी गई थीं। गणतंत्र दिवस पर किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान हिंसा की घटना होने पर यह कदम उठाया गया था। बता दें कि, कृषि कानूनों के खिलाफ देशभर में दोपहर 12-3 बजे तक चला चक्का जाम अब खत्म हो गया है । इस दौरान हरियाणा और पंजाब समेत देश के कई हिस्सों में चक्का जाम का असर देखने को मिला। किसानों ने देशभर के कई हिस्सों में आज चक्का जाम किया। दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड को छोड़कर देश के बाकी राज्यों में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से ये चक्का चला। इस दौरान किसानों ने सड़कों पर जाम लगाया तो कई जगह सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। राजधानी दिल्ली से लगी गाजीपुर, टीकरी और सिंघु बॉर्डरों पर किसानों का आंदोलन आज 73वें दिन भी जारी है। कानूनों को रद्द कराने पर अड़े किसान इस मुद्दे पर सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर चुके हैं । इस बीच, राकेश टिकैत को मिल रहे भारी समर्थन के बाद गाजीपुर बॉर्डर पर अब आंदोलन का केंद्र बिंदु बन गया है । वहीं, सिंघु और टीकरी बॉर्डर पर भी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी मौजूद हैं।

# सुप्रीम कोर्ट भी रह गया हैरान हाईकोर्ट ने बिना शादी के ही दे दिया गुजारा भत्ता देने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक ऐसा मामला सामने आया जिसने भारत के मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली बेंच को चकित कर दिया । एक हैरान कर देने वाले मामले में एक लड़के को आदेश दिया गया कि वो लड़की को गुजारा भत्ता दे, मामला मार्च 2006 का है। लड़का उस दौरान सिर्फ 20 साल का था जब वह अपने गांव की लड़की के साथ भागा और इस उम्र में शादी नहीं हो सकती । इसके बावजूद भी एक नहीं, बल्कि दो अदालतों ने ये आदेश दिया। इसके बाद ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। जहां तथ्यों को सुनकर कोर्ट हैरान रह गया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां अधिवक्ता रचिता प्रियंका राय ने मामले के तथ्यों को उजागर किया। प्रियंका राय के क्लाइंट उस समय 20 साल के थे जब



ने अपने ही गांव की 18 साल की एक लड़की के साथ भाग गए थे। दोनों भागकर जमशेदपुर गए जहां वे लगभग एक सप्ताह तक साथ रहे । जब वे अपने गाँव वापस आए, तो पंचायत ने उनकी शादी कराने की कोशिश की, लेकिन हंगामा हुआ और शादी कभी नहीं हुई। इसके बाद, महिला ने पुरुष के खिलाफ दो मामले दर्ज किए - एक जिसमें क्रूरता का आरोप लगाया, और दूसरा गुजारा भत्ते के लिए जिसमें लड़की का कहना था कि उसके लिव अन रिश्ते को शादी के रिश्ते की तरह माना जाए। ट्रायल कोर्ट में दायर याचिका के अनुसार, क्रूरता के आरोप के तहत लड़के को एक साल की जेल की सजा सुनाई। उसे रखरखाव के रूप में हर महीने महिला को 5,000 रुपये का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया था । जब आदमी ने इन आदेशों के खिलाफ अपील दायर की, तो झारखंड उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला छोड़ दिया और कहा कि उन्होंने कभी शादी नहीं की इसलिए भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के तहत क्रूरता का आरोप नहीं लगा । लेकिन रखरखाव का भुगतान करने के आदेश को बरकरार रखा गया था । प्रियंका राय ने पीठ के सामने अपनी दलीलें शुरू कीं, जिसमें गुजारा भत्ता आदेश के कारण सामने आए कानूनी रूप को उजागर किया गया। पीठ में जस्टिस एएस बोपन्ना और वी रामसुब्रमण्यम भी शामिल थे।

# रिहायशी स्कूलों का नामकरण सुभाष चंद्र बोस के नाम पर होगा : निशंक

**नई दिल्ली।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी को समावेशी एवं गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय ने देश के 383 रिहायशी स्कूल एवं 680 हॉस्टल का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस रेजिडेंशियल स्कूल रखने का निर्णय लिया है । ये सभी विद्यालय शिक्षा मंत्रालय की समग्र शिक्षा योजना के तहत वित्तपोषित हैं। मंत्रालय के इस फैसले पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कम आबादी वाले इलाकों, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में जहां स्कूल खोलना मुश्किल है और विशेष देखभाल की जरूरत वाले शहरी बच्चों के लिए समग्र शिक्षा योजना के तहत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को आर्थिक सहायता प्रदान की है, ताकि वे रिहायशी स्कूल एवं हॉस्टल खोल सकें।



सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए यह निर्णय लिया है कि इन रिहायशी स्कूलों एवं हॉस्टलों का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस रेजिडेंशियल स्कूल रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 383 स्कूल और 680 हॉस्टल का नाम बदला जाएगा । ये सभी संस्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के लिए बनाए गए नियमों का पालन करेंगे। साथ ही उनके जैसी गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत होंगे। निशंक ने कहा कि नेताजी का नाम न सिर्फ छात्रों, बल्कि शिक्षकों, कर्मचारियों और स्कूल प्रबंधन को भी गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। इन सभी स्कूलों में नियमित पाठ्यक्रम के संचालन के अलावा विशिष्ट कौशल और आत्मरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक हुई सम्पन्न

» पूजा जैन



रामपुर। जिलाधिकारी आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर स्वनिधि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में जिलाधिकारी ने पाया कि जनपद में अब तक 15964 स्ट्रीट वेण्डर स्वनिधि योजना में आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके है जिसमें 13543 पथ विक्रेताओं का डाटा उपलब्ध कराया गया है। डेटा के सापेक्ष 7019 पथ विक्रेताओं को ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध हुए है। आनलाइन आवेदनों के सापेक्ष ऋण स्वीकृति की कम प्रगति पर जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी एवं लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि स्थानीय निकाय स्तर पर बैंकों के माध्यम से आगामी 08 फरवरी 2021 से 06 दिवसीय कैम्प लगाकर लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण करते हुए रेहड़ी-पटरी वालों और ठेलों पर सामान बेचने वालों को रोजगार के लिए ऋण की व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन लाभार्थियों को प्रथम किश्त दी जानी है उनकी पात्रता सम्बन्धी जांच अवश्य करा ली जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गजल भारद्वाज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम भरत तिवारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जगदम्बा प्रसादगुप्ता, समस्तउपजिलाधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरकार को किसानों की मांगें माननी ही होंगी: उस्मान

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। किसान भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के बैनर तले कलेक्ट्रेट रामपुर में एकत्रित हुए और जोरदार प्रदर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री को संबोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट रामजी मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में कृषि अध्यादेश 2020 को वापस लेने सहित कई मांगे हैं जिनके समाधान की मांग की गई है।प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मुशाहिद हुसैन, शादाब हुसैन, मुकीम खान, शमशाद खान, फरहीन खान, गुड़िया, सुभान अली, नाजिम अली, संजीव राजपूत, विनोद कुमार आदि लोग रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आखिर क्यों ग्लोकल अस्पताल पर कार्रवाई नहीं कर रहा स्वास्थ्य विभाग

मदरलैंड संवाददाता, अमरोहा। गुलडिया रोड पर स्थित ग्लोकल अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीज की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। अब तक दर्जनों मामले सामने आ चुके है। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग के अफसर अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई करने जहमत नहीं उठाते। हाल ही में नवजात शिशु की मौत के मामले में भी कोई कार्रवाई नहीं गई। इससे अफसर भी कठघरे में खड़े हो रहे हैं। बता दें कि करीब 15 दिन पूर्व स्थानीय निवासी तस्व्वुर आजान की नवजात बेटी ग्लोकल अस्पताल में स्टाफ की लापरवाही का शिकार हुई। जिसे एक निजी अस्पताल में सामान्य डिलीवरी के बाद यहां एनआईसीयू में भर्ती कराया गया था। बच्ची दो दिन तक बिल्कुल ठीक थी। आखिर में चिकित्सक व स्टाफ ने इंजेक्शन व ब्लड अरेजमेंट की बात कही। पिता ने बमुश्किल तमाम मुरादाबाद से इंजेक्शन व ब्लड का इंतेजाम किया। हालांकि बाद में स्टाफ ने जरूरत न होने की बात कहकर अस्पताल में ही फ्रिज कर लिया। लापरवाही की इंतेहा का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि डिमांड लेटर पर नवजात के लिए दो यूनिट ब्लड की मांग की गई। साईं हॉस्पिटल मुरादाबाद पहुंचने पर पिता को जानकारी हुई कि डिमांड लेटर ही गलत बना है। नवजात को सिर्फ ब्लड सेल्स की जरूरत थी। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने इसे मामूली गलती कहकर पल्ला झाड़ लिया। एक वार्ड बॉय द्वारा नवजात को तेज प्रेशर से ब्लड चढाया गया। जिससे नवजात की मौत हो गई। जबकि, ये काम एक चाइल्ड स्पेशलिस्ट का था। ऐसे में पीड़ित पिता ने ग्लोकल अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मगर, कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को पुनः पीड़ित पिता मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिला और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई।

### मुरादाबाद मंडल में विश्वविद्यालय के प्रयास जारी: डा.ढिल्लो

मदरलैंड संवाददाता, अमरोहा। शिक्षक विधायक डा.हरि सिंह ढिल्लो ने मुरादाबाद मंडल में विशिवविद्यालय की स्थापना को लेकर प्रयास किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही शासन स्तर पर वार्ता कर छात्र-छात्राओं की सुविधा के मद्देनजर सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। शनिवार को मंडी धनौरा के मोहल्ला महादेव में एक प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक विधायक डा.हरि सिंह ढिल्लो का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त बरेली में विश्वविद्यालय की स्थापना होने से मुरादाबाद मंडल के सभी जिलों के छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूरे प्रदेश में हर मंडल पर विश्वविद्यालय स्थापित है। इसलिए मुरादाबाद में भी विश्वविद्यालय की स्थापना कराना उनके एजेंडे में शामिल है। वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाने व उन्हें अंशकालीन अध्यापक से पूर्णकालिक का दर्जा मिले इसको लेकर भी सरकार के सामने बात रखने की बात कही। बताया कि शासन स्तर पर अध्यापकों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए शिक्षा एक्ट बनाने को लेकर भी विचार किया जा रहा है। इस दौरान सरदार सेवा सिंह, नपा अध्यक्ष राजेश सैनी, शरद गर्ग, दूजेंद्र सिंह, क्षेत्रपाल सिंह, जसवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### हिरनपुरा के जंगल में गौवंश के अवशेष, ग्रामीणो का हंगामा

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। गढ कोतवाली क्षेत्र के गांव हिरनपुरा के जंगल में गौवंश के अवशेष मिलने पर ग्रामीणो ने हंगामा किया ओर गौकशी की आशंका व्यक्त करते हुऐ कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को गढ कोतवाली क्षेत्र के गांव हिरनपुरा के जंगल में जब ग्रामीण खेतों पर काम करने गये तो उन्हें जंगल में गौवंश के अवशेष पडे देखे जिसकी खबर गांव में पहुंते ही सैकडो ग्रामीण व हिंदु संगठनो के लोग मौके पर पहुंच गये। जिन्होने पुलिस ने गौवध करने वालो के विरूद्व कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची गढ पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करते हुऐ पशु चिकित्साधिकारी को बुलाकर अवशेष की जांच कराते हुऐ कार्रवाई की है।

### सरकार से कृषि नीति को स्पष्ट करने की मांग

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। गढ तहसील पर ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारीयों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें तीन कृषि कानून को निरस्त करते हुऐ सरकार से कृषि नीति को स्पष्ट करने की बात कही गई है। शनिवार को ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पं0 गोपाल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारीयों व कार्यकर्ता गढ तहसील मुख्यालय पर पहुंचे ओर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम विजय वर्धन तोमर को सौंपा। जिसमें तीन कृषि कानून को निरस्त करते हुऐ सरकार से कृषि नीति को स्पष्ट करने की बात कही गई है। ज्ञापन में जनपद के कई थाना क्षेत्रों में आपराधो का ग्रॉफ बढने पर चिंता व्यक्त की गई है इतना ही नही प्रदेश में आपराध व भ्रष्टाचार बढा है जिसे रोका जाना चाहिऐ। ब्रजघाट अलाबख्शपुर टोल टैक्स को मानक के रूप नही होने के कारण समाप्त कर देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में केएम शर्मा, अंकित शर्मा, महताब आलम, गिरीराज शर्मा, लोकेश शर्मा,सुनील कुमार शर्मा, गजराज, राजकुमार शर्मा आदि शामिल रहे।

# नए कृषि कानून किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं



» मदरलैंड संवाददाता

अमरोहा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक पदाधिकारियों ने कृषि कानून के विरोध में कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कानून को वापस लेने की मांग की। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी उमेश मिश्र को सौंपा। चेतावनी दी कि जब तक कानून वापस नहीं होंगे तब तक किसान आंदोलन जारी रहेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारी शनिवार सुबह कलक्ट्रेट पहुंचे। कृषि कानून के विरोध में प्रदर्शन किया। कहा, नए कृषि कानून किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है। भाकियू पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर फसलों का समर्थन मूल्य स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लागू करने, तीनों कृषि कानूनों को तत्काल वापस लेने, गन्ने का समर्थन मूल्य जल्द घोषित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। कहा कि जब तक तीनों कृषि कानून वापस नहीं होंगे, तब तक दिल्ली में किसान आंदोलन लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों में विजयपाल सिंह, वेदपाल सिंह, चरन सिंह, बलराम सिंह, आलोक कुमार, नरेंद्र सिंह, रफीक अहमद, शादाब आलम आदि मौजूद थे।

# कृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने किया हाईवे पर चक्का जाम

» जावेद आलम



अमरोहा। नए कृषि कानून के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (असली) पदाधिकारियों व किसानों ने शनिवार सुबह दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर चक्का जाम किया। कृषि कानून को वापस लेने की मांग की। इसके पहले रजबपुर बाजार में पंचायत की और फिर हाईवे पर ट्रैक्टर टिपलर लगाकर यातायात रोक दिया। सूचना पर एडीएम व एएसपी मौके पर पहुंचे। भाकियू असली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह के नेतृत्व में शनिवार सुबह से किसानों का रजबपुर बाजार पहुंचना शुरू हो गया। दोपहर 12 बजे तक बड़ी संख्या में किसान वहां जमा हो गए। सुरेंद्र सिंह ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की। कहा कि यह कानून किसानों के हित में नहीं हैं। गन्ना मूल्य घोषित करने की आवाज बुलंद की। कहा कि गन्ना सीजन शुरू हुए कई महीने बीत गए हैं लेकिन अभी तक भी किसानों को यह नहीं पता है कि उन्हें गन्ने का दाम क्या मिलेगा। जिलाध्यक्ष महावीर सिंह ने भी गन्ना मूल्य घोषित करने व तीनों कानूनों को वापस लेने की मांग उठाई। इसके बाद किसान एक बजे दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर आ गए। ट्रैक्टर टिपलर खड़ा कर हाईवे पर यातायात रोक दिया। तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की। जाम की सूचना से पुलिस-प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया। आनन-फानन एडीएम विनय कुमार सिंह व एएसपी अजय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और किसानों के साथ वार्ता की। करीब 15 मिनट तक लगे जाम और अफसरों के साथ हुई वार्ता के बाद किसानों ने अपनी मांगों से जुड़ा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दोनों अधिकारियों को सौंपते हुए जाम खोल दिया। जाम खुलने पर फंसे वाहन चालकों व राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस दौरान जयकीरत सिंह, प्रमोद नागर, रावेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, जयपाल सिंह, शीशपाल सिंह आदि संगठन पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे। उधर, चक्का जाम को लेकर थाना पुलिस के साथ ही पीएसी जवान हाईवे पर दिन भर मुस्तैद रहे। एसपी कार्यालय से भी पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया।

# लाईब्रेरी में प्रतियोगिता व महापुरूषो से संबंधी पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग



» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने गढ अम्बेडकर गेट की सार्वजनिक लाईब्रेरी में प्रतियोगिता व महापुरूषो से संबंधी पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग करते हुऐ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने गढ एसडीएम विजय वर्धन तोमर को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें गढ नगर के अम्बेडकर चैपला के पास बने अम्बेडकर पर बनी सार्वजनिक लाईब्रेरी में गरीब व जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए प्रतियोगिता व महापुरूषो से संबंधी पुस्तकें उपलब्ध करायी जायें। प्रतियोगिता संबंधी पुस्तको से बच्चों को नौकरी आदि में मदद मिलेगी। ज्ञापन देने वालो में विभाग संयोजक गौरव गौड, तहसील संयोजक नितिन पूनिया, आशुतोष सिंघल,आशीष कुमार, निखिल कुमार, पारस भारद्वाज, अभिनव पंडित, राजपूत, अंश गोयल, रोहित अग्रवाल, अंकुश, अमित, मयंक आदि शामिल रहे।

# गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 2 गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त अनमोल कश्यप पुत्र सुनील कुमार कश्यप निवासी सरायगेट थाना कोतवाली को रजा टैक्सटाईल से तथा गुड्डू रावत पुत्र रमेश रावत निवासी गंगापुर थाना सिविल लाइन को एलआईसी तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अनमोल कश्यप तथा अभियुक्त गुड्डू गैंगेस्टर एक्ट में 1 जनवरी से वांछित चल रहे थे।

# सिंभावली पुलिस ने किया जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता



गढमुक्तेश्वर। सिंभावली पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुऐ कार्रवाई की है। सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी ने जानकारी देते हुऐ बताया कि एसपी की आपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान में सिंभावली पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त शाहरूख निवासी वैठ को गिरफ्तार करते हुऐ कार्रवाई की है। आरोपी पर पहले भी पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मुकदमें दर्ज हैं।

# पुलिस ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान

» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली पुलिस ने कालिज की छात्राओ के साथ छेडछाड की शिकायत पर कालिज आने-जाने वाले रास्तो पर विशेष चैकिंग अभियान चलाते हुऐ कई बाईक सवार युवको को रोककर उनकी तलाशी ली ओर बिना काम के घुम रहे युवको को थाने ले जाकर उन्हें उनके परिजनो को बुलकार कार्रवाई की चेतवानी देकर छोडा। सिंभावली स्थित आरएसके इंटर कालिज के प्रधानाचार्य के शिकायत करने व एबीवीपी पदाधिकारियों के पुलिस अधिकारीयों से इस संबंध में मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर शनिवार को सिंभावली पुलिस एक्शन में आई। थानाध्यक्ष ने स्वयं कमान संभालते हुऐ कई टीमें बनाई ओर रेलवे रोड, हरौडा मोड, हिम्मतुपर मार्ग आदि प्रमुख मार्गो पर कालिज की छुटटी के समय गश्त व चैकिंग करते हुऐ। अलग-अलग स्थानो ने बिना किसी काम के घुम रहे पांच बाईक सवार युवको को पकडा ओर उन्हें थाने ले गई। जहां युवको को उनके परिजनो का बुलाकर चेतावनी देकर छोड दिया गया है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि कालिज पढने वाले छात्र-छात्राओ को पुरी सुरक्षा दी जायेगी। उन्होने यह भी कहा कि असामाजिक तत्वो से सख्त से निपटा जायेगा।

# प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक डॉ रिपुदमन सिंह को को मिला पर्यावरण प्रहरी सम्मान

» मदरलैंड संवाददाता




मैनपुरी। जनपद की बहुचर्चित प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक डॉ रिपुदमन सिंह यादव को २पर्यावरण प्रहरी सम्मान२ से नवाजा गया। एच एन पब्लिक स्कूल इटावा में नेल्स फाउंडेशन परिवार इटावा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव द्वारा डॉ रिपुदमन सिंह यादव को यह सम्मान प्रदान किया गया।

प्रशांत फाउंडेशन इटावा ने प्रकृति एवं पर्यावरण सरक्षण में बेहतर कार्य किये हैं जिसे देखते हुए प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक को यह पुरष्कार प्रदान किया गया। कोरोन काल से अवतक फाउंडेशन जिस प्रकार से जन भलाई के कार्य कर रहा है उससे फाउंडेशन की लोकप्रियता तेजी के साथ बढी है। प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक डॉ रिपुदमन सिंह यादव बताते है की फाउंडेशन ने अल्प समय में ही बडे स्तर पर कार्य कर जनमानस के बीच एक अलग पहचान बना ली है। उन्होने बताया कि प्रशांत फाउंडेशन के द्वारा अब तक 300 अनाथ बच्चों की शिक्षा एवं 90 गौवंस के लिये चारा-दाना, 21000 हजार पेड़ों का वृक्षारोपण, 35 वृद्ध लोगों की देख-रेख एवं 11 बेटियों का कन्यादान कर बडी उपलब्धि हासिल की है। प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक को मिले इस सम्मान के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हेमंत यादव और प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश यादव मुख्य सचिव गौरव यादव सचिव अवनीश यादव मीडिया प्रभारी हिमांशु जैन व विमलेश यादव व जितेंद्र यादव जीतू बृजेश पाल ने अहम सम्मान से फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नेल्स फाउडेशन का सुक्रिया अदा किया एवं सभी ने खुशी जाहिर की है।

# सन्त विवेकानन्द विद्यालय के छात्र ने पाई बड़ी कामयाबी, असिटेंट कमांडेंट के पद पर हुआ चयन



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। कस्बे में स्थित संत विवेकानंद स्कूल ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र शिवेंद्र यादव का असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयन होते ही परिजनों, अध्यापकों व शुभचिंतकों में भारी खुशी की लहर दौड़ गई। वही शिवेंद्र को बधाई दी। आपको बताते चलें कि नगर के संत विवेकानंद विद्यालय में भूमि विकास बैंक के कैशियर राजेश यादव के पुत्र शिवेंद्र यादव का असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर 214 रैंक हासिल करके चयन हुआ है। आपको बताते चलें अभी तक शिवेंद्र ने सात परीक्षाओं के लिए लिखित परीक्षा दी सभी मैं उत्तीर्ण हुए। नवनियुक्त असिस्टेंट कमांडेंट शिवेंद्र यादव ने बताया है कि माता पिता के साथ गुरुजनों के आशीर्वाद से यह कामयाबी पाई है। इसका पूरा श्रेय माता पिता और गुरुजनों को जाता है।वही संत विवेकानंद विद्यालय के निदेशक जेपी यादव ने बताया है कि शिवेंद्र यादव ने कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक की शिक्षा दीक्षा हमारे विद्यालय से प्राप्त की है शिवेंद्र यादव से पूर्व शिवेंद्र की बहन नेहा ने भी शिक्षा इसी विद्यालय से कक्षा 8 तक की शिक्षा पाई थी जो कि शिक्षा विभाग में है।

# नोडल अधिकारियां तथा छात्र-छात्राएं बैंक खाते से आधार नम्बर कराएं लिंक

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. इन्द्रा सिंह ने जनपद में संचालित समस्त पूर्वदशम संस्थाओं के प्रधानाचार्यों, छात्रवृत्ति का कार्य देख रहे नोडल अधिकारियां तथा छात्र, छात्राओं को सूचित किया है कि शैक्षिक सत्र 2020-21 में जिन छात्र, छात्राओं के बैंक खाते आधार नम्बर से लिंक नहीं हैं वह तत्काल अपने बैंक खाते से आधार नम्बर लिंक करा लें अन्यथा की स्थिति में धनराशि प्राप्त न होने दशा में छात्र, छात्रा, संस्था स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# विद्युत विभाग की घोर लापरवाही, छः महीने का भेजा 65,829 रुपए का बिल

» अजय सक्सेना



मैनपुरी। घिरोर थाना क्षेत्र ग्राम मुहल्ला टावर वाली गली के रहने वाले दीपक गुप्ता पुत्र श्री गौरी शंकर गुप्ता ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि मेरा 1 किलो वाट का घरेलू कनेक्शन है। जिसका विद्युत संजोग संख्या 245 /13 है। प्रार्थी नियमित अपना बिल जमा करता है प्रार्थी की पत्नी की बेहद गंभीर बीमार थी। जिस कारण पैसा जमा नहीं कर पाया प्रार्थी के पास पैसा का भाव हो गया था। जिस कारण प्रार्थी का करीब 6 माह का बिल जमा नहीं कर पाया। जिस पर विद्युत विभाग के द्वारा 65,829रुपए का विद्युत बकाया आरसी नोटिस दिए प्रार्थी गरीब आदमी प्रार्थी की पत्नी का चल रहा है। प्रार्थी के घर पर जो कस्बा अमीन है बार-बार घर आ रहे हैं और धमका रहे हैं, मैं तुम्हें जेल में भेज दूंगा। प्रार्थी पर इस समय पैसे की व्यवस्था नहीं है। जो विद्युत विभाग द्वारा रिकवरी जारी की गई है। वह अवैध एवं दुष्टपूर्ण है उपभोक्ता फोरम मैनपुरी में चल रहा है। प्रार्थी ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि विद्युत विभाग द्वारा मेरा बिल सही करा दिया जाए। जिससे हम बिल जमा कर सकें।

# भाकियू पदाधिकारियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। कस्बा करहल में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आव्हान पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने करहल तहसील मुख्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी रतन वर्मा को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से तीनों कृषि कानून वापस लिए जाने, एमएसपी पर कानून बनाए जाने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किए जाने, बिजली के संबंध में किसानों पर हो रही एफआईआर बंद किए जाने एवं जिन पर एफ आई आर हो गई है उन्हें वापस लिए जाने की मांग की गई। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनुज प्रताप यादव, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चंद, शेरसिंह शाक्य ब्लॉक अध्यक्ष बरनाहल, राम नरेश पाल तहसील उपाध्यक्ष करहल योगेंद्र सिंह रामप्रताप राजपूत, मानिकचंद भूरे सिंह दुर्वेश सिंह मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### रिपोर्ट दर्ज ना करना नौचंदी थाने को पड़ा महंगा, महिला ने उतारे कपड़े

शकील सैफी, मेरठ। नौचंदी थाना की महिला की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज न करने पर शास्त्री नगर की एल ब्लॉक पुलिस चौकी में एक महिला ने कपड़े उतार कर हंगामा कर दिया। इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस में खलबली मच गई। मारपीट के मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए महिला ने यह कदम उठाया। इसके बाद महिला की शिकायत पर तुरंत केस दर्ज किया गया। बताते चलें एल ब्लॉक चौकी के पास दो महिलाओं में किसी बात पर झगड़ा हो गया। इसमें एक महिला के कपड़े फट गए। अर्धनग्न अवस्था में महिला पुलिस चौकी में पहुंच गई। यहां आरोपी पक्ष की दूसरी महिलाएं भी पहुंचीं। इसके बाद अर्धनग्न अवस्था में महिला ने अपने पूरे कपड़े उतार दिए और हंगामा करना शुरू कर दिया। जैसे तैसे कर महिला को कपड़े पहनाए गए। सीओ का कहना है कि दो महिलाओं में झगड़ा हुआ था। इसमें एक महिला के कपड़े फट गए थे। यह महिला नग्न अवस्था में ही चौकी में आकर घुस गई थी। महिला की शिकायत पर दूसरी महिला और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, इसमें महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### हत्या कर, राज छुपाने के लिए शव को जलाने का प्रयास

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। थाना बुढ़ाना गेट के पास युवक की पहले पीट-पीटकर हत्या की गई और उसके बाद उसकी पहचान छुपाने के लिए उसके शव को जलाया गया फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि मृतक युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस जांच कर युवक की पहचान करने का प्रयास कर रही है ताकि उसकी हत्या किसने और क्योंकि इसका खुलासा किया जा सके आपको बता दें यह पूरा मामला मेरठ के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मेरठ के बुढ़ाना गेट के एक खाली प्लॉट पर युवक का जला हुआ शव बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों की माने तो अभी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है लेकिन शुरुआती जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पहले युवक की पीट-पीट कर हत्या की गई और उसके बाद उसकी पहचान छुपाने के लिए उसको जलाने का प्रयास किया गया। फिलहाल कौन है ये मृतक और कहां का रहने वाला है और इसकी हत्या किसने और क्यों की, इसका पता अभी नहीं लग पाया है पुलिस मृतक की शिनाख्त का प्रयास कर रही है ताकि यह पता चल सके कि ये युवक कौन है और कहां का रहने वाला है। जिसके बाद इसकी हत्या किसने और क्यो की इस राज का पता चल सके।

### विकासखंड स्तर पर आयोजित होगी खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी, मेरठ ने बताया कि जनपद के 11 विकास खण्डो में विकास खण्ड स्तर की खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के इच्छुक पुरुष एवं महिला खिलाडी प्रतिभाग करेंगे तथा प्रतियोगिता में कोविड-19 हेतु भारत सरकार एवं उ.प्र. सरकार द्वारा जारी गाइडलाईन का अनुपालन कराने के निर्देश भी उच्च स्तर से दिये गये है। उन्होने बताया कि 7 फरवरी को संजय गाधी पी.जी. कालिज सरूरपुर खुर्द तथा सर्व हितकारी इण्टर कालिज किनानगर रजपुरा तथा 8 फरवरी 2020 को गाँधी शताब्दी इण्टर कालिज कैली, खरखौदा, बी.पी. इण्टर कालिज भराला विकास खण्ड दौराला तथा सर्वोदय इण्टर कालिज ग्राम पाचली खुर्द, जानी खुर्द में खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### किसानो के लिए बनाई आठ सूत्रीय रणनीति

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि है। प्रदेश में कृषि कार्यों में लगे श्रमिक, किसानों, कृषि विपणन आदि कार्यों में लगे लोगों की जीविका के साधन में कृषि का बड़ा योगदान है। प्रदेश की जनसंख्या के लगभग 65 प्रतिशत लोग किसी न किसी तरह से कृषि से जुड़े है। प्रदेश के किसानों को खेती में लाभ दिलाने और उनकी आय दोगुनी करने के लिए प्रदेश सरकार ने आठ सूत्रीय रणनीति बनाई है। सी.सी.आई एवं मण्डी परिषद उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में फार्मर्स-एग्रो इण्डस्ट्रियलिस्ट-फार्मर्स फर्स्ट का आयोजन लखनऊ में किया गया जिसमें कृषि उत्पादों से जुड़े उद्यमी, कृषि वैज्ञानिक, कृषि से सम्बन्धित विषयों के अधिकारी कृषक गणों ने भाग लेते हुए मण्डी रिफार्म्स, कृषकों की आय वृद्धि में सहायक संसाधन, कृषि के साथ साथ अन्य सहायक फसलों के उत्पादन में वृद्धि आदि विषयों पर दिये गये सुझावों को अमल में लाया जा रहा है।

# कृषि बिलों के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। आपको बताते चलें कि दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर पूरे देश के किसान संगठित होते जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष में किसान श्यामसिंह चाहर के आवास पर अपर जिलाधिकारी नगर चतुर्थ ने ज्ञापन लिया। जिसमें किसानों ने तीनों कृषि बिलों को वापिस कराए जाने की माँग की हैं। आगरा के किसानों की स्थानीय किसानों की मांगें पूरी कराये जाने की माँग रखी गई हैं। जिसमें आगरा इनर रिंग रोड लैंड पार्सल में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले में दोषियों को के खिलाफ कार्यवाही की माँग की गई हैं। स्थानीय किसानों की दूसरी समस्या पावर ग्रिड कारपोरेशन की हैं। जिसमें पावर ग्रिड से प्रभावित गांवों को बिजली फ्री दिये जाने पर समझौता हुआ था लेकिन पावर ग्रिड ने किसानों की बिजली फ्री की शर्तों को आज तक पूरा नहीं किया है। इसलिए पावर ग्रिड के द्वारा किसानों से किये गए वायदों को पूरा किया जाना चाहिए। लेकिन कई दौर की वार्ता हो चुकी हैं। लेकिन निष्कर्ष ढाक के तीन पात तक ही सीमित रह जाता है। किसान श्यामसिंह चाहर ने कहा है कि किसानों के ऊपर लगें फर्जी मुकदमें वापिस लिए जाय। किसानों के ऊपर लगे फर्जी मुकदमें की रिपोर्ट जिलाधिकारी ने शासन के लिए भेज दी है।

किसान नेता सोमबीर यादव ने कहा है कि सरकार आन्दोलित किसानों के कँटीले तार कीले ठोकने का काम कर रही है।

किसानों के ऊपर संगीन आरोप लगाने का काम कर रही है। कार्यक्रम में दाताराम तोमर, रविन्द्र सिंह महाराज सिंह, मेहताब सिंह चाहर, दुर्गेश चाहर नागेन्द्र सिंह, लाखन सिंह बिशम्भर सिंह, निरोती लाल, अरुण कुमार प्रधान, बलवीर सिंह तोमर, भोला फौजदार, किशनवीर चाहर, हतेश चाहर, प्रमोद कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

# आगरा पुलिस ने मानव तस्करी गिरोह का किया पदार्फाश

## गिरोह के 11 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। आगरा के थाना बसई अरेला पुलिस ने मानव तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के 9 पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। वही इस दौरान तीन युवतियों का रेस्क्यू किया। एसपी ईस्ट के.वेंकट अशोक ने बताया कि थाना बसई अरेला क्षेत्र में लंबे समय से मानव तस्करी गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम गठित कर गिरोह के सदस्यों की तलाश में जुटी थी। कई दिनों के प्रयासों के बाद आखिरकार पुलिस को गिरोह का पदार्फाश करने में सफलता मिल गई।

एसपी ईस्ट ने बताया कि पुलिस को मिशन मुक्ति फाउंडेशन एनजीओ द्वारा सूचना मिली थी कि बसई अरेला थाना क्षेत्र में एक गिरोह द्वारा मासूम लड़कियों को तस्करी के लिए आगरा लाया गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई कर मानव तस्करी करने वाले 9 पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों से तीन युवतियों को रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू की गई युवतियां झारखंड, मध्यप्रदेश और सोनभद्र की रहने वाली बताई गई हैं। एसपी ईस्ट के. वेंकट अशोक ने बताया कि पकड़े गए गिरोह के सदस्य जॉब दिलाने और शादी करवाने के बहाने युवतियों को बहला फुसलाकर लेकर आते थे फिर उन्हें अपने जाल में फंसाकर उनकी सौदेबाजी कर बेच देते थे। पुलिस ने फिलहाल तीनों लड़कियों को इन शातिरों के चंगुल से छुड़वा एनजीओ के सुपुर्द कर दिया है और जल्द ही इन युवतियों के पुनर्वास के प्रयास किये जायेंगे।

# नशे की गिरफ्त में देश का भविष्य



» विष्णु सिकरवार

आगरा। उत्तरप्रदेश की स्मार्ट सिटी आगरा में देश का भविष्य कहे जाने वाला बचपन नशे की गिरफ्त में है। जहां तक कि नशे व भूख की लाचारी ने नन्हें हाथों में कटोरियों में भगवान को रख भूख और भगवान का वास्ता देती मासूम जुबान शहर में दिखाई देती नजर आ रही है।

बिलखती आवाज में भूखे पेट को भरने के लिए खाना या पैसे मांगना कोई नई बात नहीं है।

लेकिन बड़ी बात ये है कि भीख के पैसों से सस्ते नशे का सेवन करने वाले इन बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर अग्रसर है। चौकाने वाली बात ये है कि यहां भीख मांगने वाले बच्चे महज आठ से दस साल की उम्र में ही नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। जोकि हमारे समाज, प्रशासन और सरकार के लिए बेहद चिंता का विषय बना है। जहाँ इन मासूमों की खेलने कूदने व स्कूल जाने की उम्र है। लेकिन बड़ा दुर्भाग्य की देश का भविष्य नन्हीं उम्र के पायदान पर खड़े बच्चे शिक्षा से वंचित है। तो वहीं अपने भविष्य को भी अंधेरे की ओर धकेल रहे हैं। देखा जाता है कि नन्हे हाथों में कटोरियों में भगवान को रख भूख का वास्ता देकर नशे के लिए पैसो का इंतजाम करते है। जब कोई व्यक्ति उन्हें पैसों की जगह खाने और जरूरत की चीजें देते हैं तो ये पैसे की ही मांग करते है। शहर के रेलवे, शराब के ठेके मंदिर के बाहर चौराहों, बस स्टैंड सहित शहर के अन्य हिस्सों में छोटी उम्र के बच्चे भीख मांगते हुए आसानी से देखे जा सकते है।

# भाकीयू ने कृषक समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

» मदरलैंड संवाददाता

बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने तहसील सदर में बैठक कर विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा शनिवार को दोपहर भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के जिला प्रभारी चौधरी नरेश प्रधान के नेतृत्व में आयोजित एक बैठक में गन्ना मूल्य घोषित करना गन्ना मूल्य तुरंत भुगतान दिलाने किसानों के लिए बिजली मुफ्त में दिए जाने बिजली बिल बकाया पर किसानों को कनेक्शन ने काटे जाने आदि पर विचार विमर्श किया गया तथा तीनों कृषि बिल वापस लेने की मांग की गई समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी घनश्याम वर्मा को सौंप कर शीघ्र समाधान की मांग की गई है।

# भारतीय किसान यूनियन अंमबावता ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

» शरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। भारतीय किसान यूनियन अंमबावता के सहारनपुर मंडल प्रभारी मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम के नेतृत्व में 5 सूत्री मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है की तीनों कृषि काले कानून को वापस ले सरकार। एमएसपी की गारंटी का कानून लागू करें स्वामीनाथन रिपोर्ट सीटू का आधार पर लागू करे गन्ना बकाया भुगतान गन्ना मिलों से तुरंत कराया जाए। संपूर्ण भारत के किसानों को कर्जा मुक्त करे सरकार इन मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने कहा काफी समय से देश का किसान दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन कर रहा है। मगर केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार किसान की आवाज को दबाने का काम कर रही है हमारा देश कृषि प्रधान देश है किसान की हालत बहुत ही निंदनीय है किसानों का आंदोलन को काफी समय हो गया है और जब तक सरकार इन बिलों को वापस नहीं लेगी यह आंदोलन जारी रहेगा इस मौके पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम के साथ दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।



# मारपीट की रंजिश में हुआ रचित हत्याकांड

» अवनीश त्यागी

बिजनौर। रचित हत्याकांड में पुलिस द्वारा जांच, पड़ताल में साफ हुआ है कि मारपीट की वजह से रचित हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। शनिवार को हलदौर थाना क्षेत्र के कस्बा चालू के मोहल्ला पीरजादा निवासी सादिक पुत्र रशीद अहमद, सादा पुत्र शकील, शहजाद पुत्र इरफान ने राजपूत सरवर का पुलिस ने चालान करते हुए कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने चारों को जेल भेज दिया। वही पांचवा आरोपी आशीष की तलाश में दबीस दी जा रही है। सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता के मुताबिक मारपीट की रंजिश में आरोपियों ने रचित की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आठ 10 दिन पहले रचित और उसके साथियों ने मारपीट की थी। तभी आसिफ सादा बदला लेने के लिए प्लान बना रहे थे। जिन्हें सुनियोजित ढंग से चालू में खरीदारी करने आए सिहोरा गिरधर गांव निवासी रचित की गोली मारकर हत्या कर दी।

मौके पर 13 राउंड गोलियां चलाई गई जिनमें 6 गोलियां लगी और मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने चार आरोपियों को अपनी गिरफ्त में ले लिया था उसमें आरोपियों ने बताया कि कुछ दिन पहले सादा के घर आया और धमकी भी दी थी। पुलिस की मानें तो रचित उसके साथियों और हत्यारों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। पुलिस हत्यारों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई करेगी।

# दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय ने मात्र 23 दिन में सुनाया अपना निर्णय

» माधुरी चक्रपाणि



हाथरस। अबोध के साथ दुष्कृत्य के मामले पर 2021 में उत्तर-प्रदेश के हाथरस सेशन न्यायालय ने सबसे तेज मात्र 23 दिन में निर्णय देते हुए एक इतिहास रचा है। न्याय के इस इतिहास को रचने में एडीजे प्रतिभा सक्सेना को पैरवी में रात-दिन एक कर देने वाले अपर जिला शासकीय अधिवक्ता राजपाल सिंह दिशवार की भी दाद देनी होगी।

जी हाँ ! जब-जब न्याय और निर्णय की बात आयेगी तो समय को देखते हुए यह निर्णय सराहा जायेगा। इतने कम समय में इस न्यायालय का यह इकलौता निर्णय नहीं है। इससे पूर्व भी थाना सासनी क्षेत्र के एक गाँव के मामले में भी मात्र 38 दिन में निर्णय देते हुए आरोपी को सजा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मामला थाना चंदपा क्षेत्र के गांव भटेला का है। बताते हैं अपनी ससुराल थाना हाथरस गेट से एक विवाहिता अपनी डेढ़ वर्षीय अबोध बच्ची के साथ अपने मायके आई थी। दो जनवरी 2021 को शाम करीब सात बजे गांव भटेला निवासी वीरेंद्र पुत्र प्रेमपाल खिलाने के बहाने ले गया और गलत कार्य कर दिया। जिसकी प्राथमिक शिकायत थाना चंदपा पर दर्ज की गई। पुलिस ने भी तत्काल विवेचना कर आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

# फर्जी कॉल सेन्टरों पर छापा



» मदरलैंड संवाददाता

हाथरस। पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराधियों खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली सदर पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में बालापट्टी में चल रहे लोगों को फोन करके झांसे में लेकर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भण्डाफोड कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 मोबाइल फोन, 1 लैपटाप व 1 रजिस्टर आदि बरामद किए हैं।

कोतवाली सदर परिसर में आज खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस व एसओजी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्यवाही करते हुए बालापट्टी में छापेमारी कर लोगों को फोन करके झांसे में लेकर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेन्टर का भण्डाफोड करते हुये 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 20 मोबाइल, 1 लैपटाप व 1 रजिस्टर आदि बरामद हुआ है।

गिरफ्तार किए गए लोगों में दुर्गेश कुमार पुत्र दामोदर सिंह निवासी हतीसा, सन्तोष शर्मा पुत्र रामखिलाडी शर्मा निवासी बालापट्टी गली नं. 3, राहुल शर्मा पुत्र मानिक चन्द्र शर्मा निवासी माधव बिहार कालौनी, लोकेश कुमार पुत्र स्व. मुन्शीलाल निवासी हतीसा, अनवर पुत्र अयूब कुरैशी व अफरान पुत्र महरवान निवासीगण लाला का नगला, सौरव शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी इगलास अड्डा, इमरान पुत्र असलम महरवान निवासी लाला का नगला, सुन्दरम पुत्र हीरालाल निवासी घण्टाघर, अभिषेक पुत्र सुशील कुमार निवासी राममन्दिर के पास पीपल चोक श्रीनगर, माही, प्रीती, मोनिका व सुमन शामिल हैं।

कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक मुनीश चन्द, एसआई सर्वेश कुमार, जयप्रकाश यादव, है.का. जवाहर सिंह, शैलेश यादव, कमरुद्दीन, शाकिब, सिपाही सचिन कुमार, जोगेन्द्र सिंह, सोनवीर सिंह, चेतन राजौरा, महिला सिपाही अन्जु यादव शामिल थे।

# युवती का नग्न अधजला शव मिलने से फैली सनसनी

» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र में शनिवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे नग्न अवस्था में एक युवती का अधजला हुआ शव मिला। झाड़ियों में मिले महिला के अधजले शव की सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने तुरंत शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। आशंका जताई जा रही है कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर शिनाख्त न होने सके इसलिए उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जला दिया गया।

घटना थाना खंदौली क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे सर्विस रोड के किनारे की है। जहां सुबह शौच के लिए जाते समय ग्रामीणों ने झाड़ियों के किनारे एक महिला का शव पड़ा मिला जो कि शव अधजली अवस्था मे था व प्रतक महिला के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। इस अवस्था में पड़े शव को देख लोग घबरा गए और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। महिला के शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच वहां मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन महिला की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त में जुट गई।



# सत्य पाल जैन को सम्मानित किया गया

» विनोद कुमार

चंडीगढ़। मकान बचाओ समिति चंडीगढ़ के सदस्यों द्वारा एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया, व भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पूर्व सांसद श्री सत्य पाल जैन जी का उनके हाउसिंग बोर्ड के मकानों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के लिए सेक्टर 45 सी स्थित कम्युनिटी सैंटर में सम्मानित किया गया। इस मौके पर मकान बचाओ समिति के प्रधान श्री कमल किशोर शर्मा सहित अन्य सेक्टरों की एसोसिएशन से आये सदस्यों द्वारा अपने एरिया की विभिन्न समस्याओं के बारे में जैन साहब को अवगत करवाया और इन सब के शीघ्र समाधान निकालने का आग्रह किया। श्री सत्य पाल जैन जी ने अपने संबोधन में वहां उपस्थित सदस्यों को हर संभव सहयोग देने और हाऊसिंग बोर्ड के मकानों के निवासियों की समस्याओं को लेकर कहा कि इसको लेकर प्रशासक के साथ बातचीत जारी है और शीघ्र ही इसका दिल्ली मॉड्यूल की तर्ज पर हल निकलने की उम्मीद है।




इस मौके पर पूर्व मेयर श्री देवेश मौदगिल जी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

मकान बचाओ समिति की ओर से इस कार्यक्रम में विशाल शर्मा, रमन शर्मा, भूषण भारद्वाज, कैप्टन सिंह, अविनाश धवन, संजीव शर्मा, सुमित शर्मा, शिवकरन राणा, प्रदीप यादव, होशियार सिंह, सुभाष चंदर पटियाल, मुकेश ठाकुर, कोमल चंद दिलबाग, कप्तान सिंह, राकेश ठाकुर और मोहन लाल सहित अन्य सेक्टर से पहुंचे निवासी मौजूद रहे।

# कांग्रेस के पूर्वांचल सेल ने कृषि कानूनों के विरोध में किया किसानों के साथ मिलकर चक्का जाम

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। कांग्रेस के पूर्वांचल सेल के चेयरमैन रमेश कुमार शर्मा ने अपने समर्थकों तथा किसानों के साथ संयुक्त तौर से शनिवार को हल्लोमाजरा लाइट पॉइन्ट पर कृषि कानूनों के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन कर जमकर नारे बाजी की।

इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि बिल किसानों के हक में नही है जिसको सरकार को तुरंत वापिस लेना चाहिए तथा केंद्र सरकार को अपना अडिल रवैया छोड़ कर इस संबंध में किसानों से बातचीत के लिए आगे आना चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, चंडीगढ़ के पूर्वांचल सेल किसानों को पूर्णतया समर्थन देता है और उनके साथ सदैव इस आंदोलन में खड़ा है। इस मौके पर यादविंदर मेहता, रवि ठाकुर, जीत सिंह, गुरु चरण सिंह (काला), हरि जी शर्मा, मुकेश प्रताप सिंह, राकेश बिंग, देवेंद्र सिंह, गोरख सिंह, नरेंद्र राजभर, रमेश तिवारी, दिलीप यादव, दिनेश चौहान व अन्य उपस्थित थे।




# पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा वेबिनार आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज सैक्टर 46 चंडीगढ़ के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा वेबिनार आयोजित किया गया।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कमलेश बजाज और कॉलेज के डीन डॉ. राजेश कुमार ने डॉ. लोधा, मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर, वेबिनार के संसाधन व्यक्ति का स्वागत किया। डॉ. लोधा ने भारत के साथ-साथ दुनिया भर में क्रिप्टो करेंसी के प्रमुख मुद्दों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने क्रिप्टो मुद्रा के पूरे तंत्र को बहुत अच्छी तरह से समझाया और यह भविष्य की संभावनाएं हैं।

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इस मुद्रा से व्यवहार करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है और केवल बिटकॉइन जैसी प्रतिष्ठित क्रिप्टो मुद्रा में ही सौदा करें। बीबीए के प्रमुख विभाग डा. मुकेश चौहान ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कंपनी सेक्रेटरीज की संस्था ने मनाया स्थापना दिवस




मदरलैंड संवाददाता, चण्डीगढ़ । इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के नॉर्दर्न इंडिया रीजनल कॉउन्सिल ( एनआईआरसी ) के चण्डीगढ़ चैप्टर ने अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया जिसमें चण्डीगढ़ नगर निगम के वरिष्ठ उपमहापौर महेशइंदर सिंह सिद्धू मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे। चण्डीगढ़ चैप्टर के चेयरमैन सीएस विश्वजीत गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय बजट-2021 पर एक विशेष सत्र भी रखा गया था जिसमें केएमपीजी व ग्रांट थोर्नटोन, चण्डीगढ़ के वरिष्ठ पेशेवरों ने भाग लिया तथा बजट की विशेषताओं की बिंदुवार व्याख्या की जोकि काफी उपयोगी रही।

### अदालत ने विदेशी लड़कियों समेत 76 को न्यायिक हिरासत में भेजा

चंडीगढ़। मोहाली की अदालत ने गैंबलिंग और सेक्स रैकेट मामले में गिरफ्तार 76 आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी किए हैं। अब यह सभी आरोपी पंजाब की संगरूर जेल में रहेंगे। साथ ही विदेश फरार हुए आरोपियों के पासपोर्ट नंबर भी जांच टीम ने ट्रेस कर लिए हैं। पुलिस जल्द उन्हें लुक आउट नोटिस जारी करेगी। साथ ही पुलिस बरामद का लैपटॉप का डाटा भी साइबर सेल टीम खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने आठ बड़े लोगों समेत कुल 76 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने इनसे करीब 9 लाख की रिकवरी की है। यह धंधा चिप सिस्टम से चलाते थे जिसमें कैश पेमेंट की जरूरत नहीं होती, ताकि पुलिस रेड भी पड़े तो पैसे की कोई बरामदगी न हो। इस बारे में एसपी जसकीरत का कहना है कि बताया कि पैलेस में की गई रेड के दौरान उन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो कि इस धंधे में शामिल थे। वहां काम करने वाली लेबर या अन्य किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए लैपटॉप्स में दर्ज जुएबाजों का डाटा खंगालने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

### विधायक पद से इस्तीफा देने वाले इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला का किसानों ने सम्मान किया

चंडीगढ़। कृषि कानूनों के विरोध में और किसान आंदोलन के समर्थन में विधायक पद से इस्तीफा देने वाले इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला का किसानों की महापंचायत में सम्मान किया गया। चौटाला इनेलो से जीतने वाले एकमात्र विधायक हैं।
57 साल के चौटाला ने 11 जनवरी को विधानसभा स्पीकर को लिखे पत्र में कहा था कि अगर केंद्र सरकार 26 जनवरी तक केंद्रीय कृषि कानूनों को वापस नहीं लेती है तो इसे विधानसभा से उनका त्यागपत्र समझा जाए। उन्होंने कहा था कि किसानों पर अलोकतांत्रिक तरीके से किसानों पर काला कानून थोपा था। कृषि बाहुल्य क्षेत्र के ज्यादातर राजनीतिक दलों की तरह अभय चौटाला भी कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के साथ खड़े होने का दबाव झेल रहे हैं। एलेनाबाद में किसानों की भारी भीड़ के समक्ष चौटाला ने कहा, वह सभी किसान नेताओं को सिरसा में होने वाली अगली महापंचायत में शामिल होने का न्योता देते हैं।

### दिल्ली जाकर बेकसूर नौजवानों को बाहर निकालना, कैप्टन साहब का फर्ज : हरसिमरत बादल

चंडीगढ़। केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के विरोध में लामबंद किसानों ने आज चक्का जाम का आह्वान किया है। ह्यचक्का जामह्व शनिवार को दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक किये जाने का प्रस्ताव है। लेकिन 26 जनवरी को दिल्ली में ट्रैक्टर रैली के नाम पर हुए हिंसा के खेल के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ एक्शन लेते हुए कई केस दर्ज किए। अब इसको इसको लेकर केंद्र सरकार में पूर्व मंत्री रहीं और शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल ने पंजाब के मुख्यमंत्री से एक मांग कर डाली। हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि कैप्टन साहब का फर्ज बनता है कि वो दिल्ली जाकर बेकसूर नौजवानों को बाहर निकालें और उनके खिलाफ हुए केसों को बंद करें जिससे 200-300 नौजवानों की ज़िंदगी खराब ना हो। पूर्व मंत्री ने कहा कि 26 जनवरी से उन नौजवानों को बंद करके रखा है, लाल किले के थाने पर एक भी एफआईआर हुई है ? इसके साथ ही हरसिमरत कौर बादल ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह गलतफहमी है कि केवल पंजाब का ही आंदोलन है।

# ट्रूकॉलर के 145 मिलियन मासिक सक्रिय यूजर्स

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ । आज ट्रूकॉलर ने घोषणा की कि कंपनी के ब्रांड समाधान प्लेटफॉर्म ने स्थानीय सेगमेंट में ढेरों ब्रांड्स को तीव्र वृद्धि करने में समर्थ बनाया है। यह भारत में औद्योगिक स्तरों की तुलना में काफी ज्यादा इंगेजमेंट प्रदान कर रहा है। टियर 2 और 3 शहरों में ट्रूकॉलर की मजबूत उपस्थिति एवं स्थानीय ग्राहकों के साथ कनेक्ट होने की क्षमता के चलते अनेक ब्रांड अपने ब्रांड की विजिबिलिटी बढ़ाने एवं भारत में लाखों ग्राहकों के साथ संलग्न होने में समर्थ बने हैं। ट्रूकॉलर का प्रोग्रामेटिक प्लेटफॉर्म ब्रांड्स को विज्ञापन का अभिनव माध्यम प्रदान करता है, जो स्थानीय बाजार में 145 मिलियन से ज्यादा मासिक सक्रिय ग्राहकों को संदर्भात्मक रूप से उपयोगी संदेश पहुंचाता है। सागर मानिकपुरी, वाईस प्रेसिडेंट-ग्लोबल एड्स बिजेस, ट्रूकॉलर ने कहा कि मोबाईलइंटरनेटएवंएडवरटाईजिंग का भारत में विस्तार होने के साथ ब्रांड्स क्षेत्रीय उपयोगिता एवं स्केल पर किए जाने वाले विज्ञापनों का महत्व समझ चुके हैं। हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई है कि हमारे ब्रांड साझेदार कॉलर के 150 मिलियन दैनिक औसत यूजर्स एवं 2 बिलियन दैनिक इंप्रेशंस के अतुलनीय स्केल का उपयोग कर ग्राहकों के साथ सबसे सुगमता से संपर्क स्थापित करने वाली भाषा के माध्यम से संदर्भात्मक संलग्नता सुनिश्चित कर रहे हैं।

# प्रसिद्ध गायिका कंचन भल्ला सम्मानित




**मदरलैंड संवाददाता चंडीगढ़।** एन ए कल्चरल सोसायटी के वाह वुमेनिया के समारोह में प्रसिद्ध गायिका कंचन भल्ला को उनकी सेवाओ के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान चंडीगढ नगर निगम के मेयर रविकातं शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर शैली तनेजा और पायल भी उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि कंचन भल्ला ने समाज और कला के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है।

# अनियंत्रित होकर कार और बाइक से टकराई सूमो, एक घायल

**चम्बा।** पठानकोट चम्बा नेशनल हाइवे पर एक सूमो गाड़ी अनियंत्रित होकर एक इनोवा कार व बाइक को टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार घायल हो गया जबकि अन्य दोनों वाहनों में सवार सुरक्षित रहे। जानकारी के मुताबिक, नैनीखड्ड निवासी इंदरजीत देर शाम डल्हौजी से अपनी निजी सूमो गाड़ी को लेकर अपने घर नैनीखड्ड की ओर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पहले सामने से आ रही इनोवा कार से जा टकराई और फिर इनोवा कार के पीछे आ रही बाइक को भी जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण बाइक सवार गगन सड़क किनारे नाले की ओर जा गिरा। गनीमत रही कि टक्कर लगने के बाद सूमो अपनी दिशा से उल्टी दिशा में घूमती हुई सीधा बिजली के खंभे से जा टकराई। इस हादसे में बाइक सवार को तो टांग में चोट लगी और बाकी दोनों वाहनों में सवार सुरक्षित हैं। बताया गया कि हादसे में वाहनों का नुकसान होने के कारण दोनों पक्षों में देर समय तक बहस बाजी का सिलसिला जारी रहा। इसके बाद सूमो चालक ने अपनी गलती मानली और बाइक सवार का इलाज करा दिया। फिलहाल यह मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा।



# मंडी में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने की 3 युवकों की पिटाई, आठ गिरफ्तार

**मंडी।** मंडी में पुरानी रंजिश निकालने के लिए दंबगों ने 3 युवकों की बेरहमी से पिटाई की। मारपीट में तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया है। वहीं, एक युवक को गंभीर अवस्था में आईजीएमसी शिमला रैफर कर दिया गया है। सूचना के बाद मामले की जांच करते हुए पुलिस ने 8 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। यह घटना 2 फरवरी की बताई जा रही है। यह सारा वाक्या पंडोह पुलिस चौकी के तहत आने वाले नांडी गांव का बताया जा रहा है, जहां गागल और मंडी के रहने वाले 8 युवकों ने तीन युवकों को फोन करके घटनास्थल पर बुलाया तो तीनों मौके पर पहुंचे गए।

# राज्य सरकार गद्दी समुदाय के विकास के लिए प्रतिबद् : जय राम ठाकुर

**धर्मशाला।** प्रदेश सरकार गद्दी समुदाय के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और भेड़-पालन को और अधिक लाभदायक व्यवसाय बनाने के लिए नई योजनाओं की शुरूआत सुनिश्चित करेगी। यह बात आज मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने जिला कांगड़ा के पालमपुर के बनूरी में हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन द्वारा आयोजित भेड़ प्रजनन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जनजातीय समुदाय एवं प्रशिक्षण केन्द्र का भी उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2000 में केन्द्र और प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान गद्दी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे गद्दी लोगों की भेड़ और बकरियों की चोरी में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गद्दी समुदाय को उच्च गुणवत्ता की ऊन मिल सके, इसके लिए अच्छी नस्ल के भेड़ उपलब्ध करवाए जाएंगे।



जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य के लोगों ने हाल ही में संपन्न हुए पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकाय के चुनावों में वर्तमान राज्य सरकार को भारी जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि अब तक घोषित 63 पंचायत समितियों में से 57 समितियों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान लोक सभा और विधानसभा उप चुनावों सहित सभी चुनावों में राज्य के लोगों ने भाजपा की जीत को सुनिश्चित किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग राज्य सरकार की विकासात्मक और कल्याणकारी नीतियों व कार्यक्रमों से पूर्णतया संतुष्ट हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान गरीबों और निम्न वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं।

# शराबी पिता ने की अपनी मासूम बच्ची की हत्या, कल मना था जन्म दिन

**ऊना।** ऊना के दौलतपुर चौक के समीप गांव चलेट में एक सेवानिवृत फौजी ने अपनी लगभग 3 वर्षीय बच्ची को मौत के घाट उतार दिया और पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया है। घायल महिला को गंभीर हालत में ऊना अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6 बजे चलेट निवासी रविन्द्र कुमार( 40 ) की मां बचाओ-बचाओ चिल्ला रही थी। आवाज सुनकर आसपास वाले एकत्रित हुए। इस दौरान कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया गया। ग्रामीण अंदर से बन्द दरवाजे को खोलने का प्रयास करने लगे परंतु नशेड़ी युवक ने सोफे से दरवाजा ब्लॉक कर रखा था और अपनी पत्नी को लगातार पीट रहा था। इस पर गांव वाले दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसे तो उसके हाथ में एक सरिया व एक लकड़ी थी। इसके बाद गांववालों पुलिस को सूचना दी और मां बेटी को अस्पताल पहुंचाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। बताया गया कि युवक फौज से रिटायर है और नशे का आदी है। पहले भी अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। मौके पर पुलिस के उच्चाधिकारी एस.पी. अर्जित सेन, डी.एस.पी. सृष्टि पांडे, एस.एच.ओ. दर्शन ङ्क्षसह सहित समस्त टीम मौके पर पहुंची है। एसएसओ ने बताया कि 7 फरवरी को सान्वी अपने जीवन के 3 वर्ष पूरे करने वाली थी और उसके जन्मदिन की तैयारियां चल रही थी पर शायद ही किसी ने सोचा होगा कि तैयारियां धरी ही रह जाएंगी और जन्मदिन कभी मना ही पाएंगे। फिलहाल पुलिस मामले की जाचं कर रही है।

# रसोई गैस के दाम बढा कर जनता का खून चूस रही भाजपा सरकार: दीपक शर्मा

**ज्वालामुखी।** भाजपा सरकार ने रसोई गैस के दाम बढा कर जनता का खून चूसना शुरू कर दिया है। दाम बढ़ने से हर घर की रसोई पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।यह प्रतिक्रिया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता दीपक शर्मा ने आज दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी हो चुकी है। पेट्रोल-डीजल के दाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे कम हैं लेकिन सरकार निरन्तर दाम बढा कर जनता को दुखी कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि चुनिंदा बड़े औद्योगिक घरानों को फायदा देने के उदेश्य से सरकार आए दिन आवश्यक वस्तुओं के दाम बढा रही है।

पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने के बाद अब रसोई गैस की कीमतों में बढ़ौतरी भी इसी उद्देश्य से की गई है। दीपक शर्मा ने कहा कि यूपीए सरकार के समय जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही थीं तो रसोई गैस की कीमत 370 रुपए प्रति सिलिंडर थी लेकिन उस वक़्त भाजपा सड़कों पर प्रदर्शन करके विरोध जता रही थी लेकिन अब जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें सबसे कम हैं सरकार दाम बढा रही है।



सिलेंडर की कीमत 800 रुपए से ऊपर पहुंच चुकी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार अडानी-अम्बानी जैसे बड़े घरानों की गिरफ्त में है। मेडिकल माफिया ने सरकार को अपनी गिरफ्त में ले लिया है।दीपक शर्मा ने कहा कि आज खाद्य पदार्थों, आवश्यक वस्तुओं की कीमतें निरन्तर बढ़ती ही जा रही हैं। महंगाई को रोकने में सरकार की न कोई नीति है और न ही नीयत। मात्र बड़े घरानों को फायदा पहुंचाना सरकार का मुख्य ध्येय हो गया है। दीपक शर्मा ने कहा कि सरकार की इस मनमानी, मिलीभगत और विफलता के खिलाफ कांग्रेस पार्टी जनांदोलन करेगी और सड़कों पर आ कर विरोध करेगी।

# कांगड़ा में ड्राइविंग टेस्ट को लेकर युवाओं में रोष, बार-बार हो जाता है लाईसेंस रद्द

**कांगड़ा।** कांगड़ा में ड्राइविंग लाईसेंस के टेस्ट को लेकर युवाओं ने रोष जताया है। युवाओं का कहना है कि हमारे लिए बार-बार तिथि निश्चित की जाती है तथा हर बार ड्राइविंग टेस्ट रद्द हो जाता है। रोहित, परीक्षित, योगेश, नीतिश, ओंकार, सूरज, राहुल, विशाल ने मिनी सचिवालय में बताया कि हममें से अधिकांश युवा दूरदराज के स्थानों से उक्त टेस्ट देने जब यहां पहुंचते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि टेस्ट आज नहीं होगा।

इस लालफीताशाही कारण उनके 4 अवकाश बेकार ही नहीं गए बल्कि उन्हें घोर असुविधा का सामना करना पड़ा है। युवाओं का कहना है कि ड्राइविंग लाईसैंस के इस टेस्ट के लिए अपनाई जा रही प्रक्रिया के अनुसार इसके लिए सलॉट बुक करवाना पड़ता है।

# सैमसंग ने उड़चलो के साथ साझेदारी में रक्षाकर्मियों के लिए पेश किया रोमांचक खरीद कार्यक्रम

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ । भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने रक्षाकर्मियों के लिए कार्यरत एक ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल उड़चलो के साथ साझेदारी में भारतीय सशस्त्र सेना के सदस्यों के लिए एक रोमांचक रक्षा खरीद कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम उड़चलो के सभी सत्यापित उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होगा, जो सैमसंग के ऑनलाइन स्टोर सैमसंग.कॉम पर सैमसंग के उत्पाद खरीद सकेंगे। इस कार्यक्रम के लॉन्च होने के साथ ही भारतीय सशस्त्र सेना के लाखों सदस्य अपने घर में आराम से बैठ कर सैमसंग के स्मार्टफोन और अप्लायंसेज खरीद सकेंगे और साथ ही इन पर आकर्षक ऑफर और छूट का लाभ भी उठा सकेंगे।

सैमसंग इंडिया के B2B बिजनेस के वरिष्ठ निदेशक आकाश सक्सेना ने बताया, भारत की सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी के तौर पर हम खरीदारी करने वालों के लिए नए अनुभव तैयार करने और उपभोक्ताओं के लिए शॉपिंग को अफोर्डेबल बनाने के कार्यक्रमों के साथ ही सैमसंग.कॉम को खरीदारी का सबसे रोमांचक ठिकाना बनाने पर लगातार काम करते रहते हैं। हमारा नया कर्मचारी खरीद कार्यक्रम लाखों रक्षाकर्मियों को तमाम उत्पाद श्रेणियों में आधुनिकतम तकनीकों का चुनाव करने के लिए प्रेरित करेगा।

सैमसंग इंडिया के साथ हुई साझेदारी के बारे में उड़चलो के निदेशक और सीईओ तथा सह-संस्थापक वरुण जैन ने कहा, एक स्वदेशी कंपनी के तौर पर हमें इस बात का गौरव है कि हम सशस्त्र सेना समुदाय की नब्ज को अच्छी तरह समझते हैं और हमारे उपभोक्ताओं को उत्पादों और सेवाओं में अधिकतम वैल्यू उपलब्ध कराने के लिए हम कई ब्रांड्स के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सैमसंग इंडिया के साथ हमारी रणनीतिक भागीदारी हमारी वेबसाइट और ऐप प्लेटफॉर्म के जरिए हमारे ग्राहकों तक आधुनिकतम उत्पाद और टेक्नोलॉजी पहुंचा कर हमारे सैनिकों की जिंदगी आसान बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

# पियाजिओ की ओर से अप्रिलिया एसएक्सआर 160 मैक्सिफाय लाईफ विज्ञापन लाँच

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ । पियाजिओ इंडिया ने आज उनके प्रिमियम अप्रिलिया एसएक्सआर 160 इस उत्पादन के लिए -मैक्सिफाय लाईफ इस नए टिवीसी के लाँच की घोषणा की। इस टिवीसी मुहिम के माध्यम से अप्रिलिया एसएक्सआर 160 का तत्वज्ञान जो इस स्कूटर को एक मैक्सिमाईजर होनें के साथ ही चालकों को शक्ती प्रदान करनेंवाला और हर एक क्षण की जिंदगी को मैक्सिफाय करतें है इसे अधोरेखित की गई है। यह विज्ञापन सभी प्रकार की कलात्मकता से प्रिंट, बिलबोर्ड, डिजिटल और टिवी माध्यम से प्रदर्शित की जा रहीं है तथा इसमें सभी प्रकार के मुड्स -मैक्सिफाय लाईफ के माध्यम से दशार्या गया है। पियाजिओ इंडिया चे चेयरमैन और व्यवस्थापकीय संचालक दिएगो ग्राफ्फी ने कहा कि इस मुहिम की मुख्य संकल्पना यह है की नयी पिढी के ग्राहकों के बारे में एक आसान निरिक्षण दर्ज किया गया हैण वो यह है की वें मैक्सिमाईजर्स हैण क्यों की वे अनुभव लेकर हर एक दिन का क्षण खुशी से जीना चाहतें हैए यानी मैक्सिफाय लाईफ है।



इस विज्ञापन में रोजमरहा के जीवन को दशार्या गया है, वें उनके जीवन में अप्रिलिया एसएक्सआर 160 के कारण कैसे चालना देतें है यह दशार्या गया है। इस विज्ञापन में प्रमुखकिरदार अपनें सुंदर दफ्तर में है, उसी वक्त उसे एक फोन आता है और वह स्टाईलिश तथा आरामदायक अप्रिलिया एसएक्सआर 160 से घर की ओर रवाना होता है। तो सुंदर शहर से गाडी चलाते हुए अच्छी कार्यक्षमता से साफ रोशनी में अपनें एसएक्सआर जाते हुए हमे दिखेगा। इस से रास्तों पर उसका अस्तित्व दिखता है और उसके मूड में सुधार आता है। एक पॉश उंची इमारत में प्रवेश करतें हुए वह एसएक्सआर को सीधे लिफ्ट में ले जाता है जो लिविंग रूम में खुलता है, जहां उसके लिए एक सरप्राईज तैय्यार है।

अप्रिलिया एसएक्सआर 160 को लाँच कर पियाजिओ इंडिया ने दोपहीया वाहनों के बाजार में नया विभाग निर्माण किया है, इस नए उत्पादन में सर्वोत्कृष्ट कार्यक्षमताए आराम और स्टाईल का संगम प्राप्त है। आज से शुरू होनेवाले इस विज्ञापन द्वारा ग्राहकों तक पहुच कर नयी अप्रिलिया एसएक्सआर 160 को प्रतिबिंबित किया जाएगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# तंबाकू बर्बाद कर रहा जिंदगी

**अगर दूसरे शब्दों में कहा जाए तो इसका लगातार सेवन करने से एक तकलीफदेह मौत निश्चित है। भले ही लोग तंबाकू के सेवन से मर रहे हैं, लेकिन भारत में धुएं के सेवन का इतिहास बहुत ही पुराना है। एक अनुमान के मुताबिक ईसा पूर्व 2000 के पहले से ही इसका उपभोग भारत में किया जा रहा है। धुएं के सेवन के दृष्टांत अर्थववेद में भी पाए जाते हैं। हालांकि, देखा जाए तो भारत में तंबाकू का आगाज 17वीं शताब्दी में हुआ था। तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत होने के बावजूद भारत में सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू का उपयोग दो अक्टूबर-2008 को बंद कर दिया गया था। हालांकि, अभी भी इस बंदिश का अनुपालन देश भर में नहीं किया जा रहा है। लोग सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू पीने के आदी हैं।**



सिद्धार्थ शंकर

दुनिया में धूमपान करने वाली कुल आबादी के 11.2 प्रतिशत लोग भारत में रहते हैं। अब देखा जाए तो मौजूदा समय में धूमपान अक्षमता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। शोधकताओं का मानना है कि धूम्रपान के खिलाफ अभी एक लंबी अंतहीन लड़ाई लडी शेष है। इस समय पूरे विश्व में 25 प्रतिशत पुरुष और 5.4 प्रतिशत महिलाएं धूम्रपान करती हैं। एक दूसरे अनुमान के मुताबिक भारत में लगभग 12 करोड़ लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। वह भी तंबाकू के नुकसान को जानते हुए। विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार विश्व भर में तंबाकू सेवन करने वालों में से 12 प्रतिशत लोग भारत में निवास करते हैं। विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार 20वीं सदी में तंबाकू का सेवन करने से लगभग 10 करोड़ लोग मारे गए थे। अगर तंबाकू सेवन का मौजूदा चलन यूं ही चलता रहता है तो 21वीं शताब्दी के अंत तक लगभग एक अरब लोग इसके कारण असमय ही काल-कवलित हो जाएंगे। वित्त वर्ष 2005-06 में की गई राष्ट्रीय स्वास्थ परिवार सर्वे के मुताबिक तंबाकू का उपभोग ग्रामीण पुरुषों में खास करके निरक्षर व गरीब लोगों में ज्यादा था।

ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे, जो कि 15 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों को लक्षित करके किया गया था में पाया गया कि 34.6 प्रतिशत वयस्क में 47.9 प्रतिशत पुरुष एवं 20.3 प्रतिशत महिलाएं तंबाकू का सेवन करते थे। तंबाकू स्वास्थ के लिए बहुत हानिकारक है। इसकी वजह से कैंसर एवं दूसरे रोगों के कारण मरने का खतरा लगातार बना रहता है। इससे विकलांगता का भी खतरा रहता है। वैसे, इससे सबसे अधिक मुंह एवं फेफड़े के कैंसर होते हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में टीबी की बीमारी के कारण सबसे ज्यादा लोग मर रहे हैं, जिसका कारण भी तंबाकू सेवन है। इसके बरक्स सबसे खतरनाक तथ्य तंबाकू के सेवन से शरीर के किसी भी अंग का कभी भी फेल होना है।

अगर दूसरे शब्दों में कहा जाए तो इसका लगातार सेवन करने से एक तकलीफदेह मौत निश्चित है। भले ही लोग तंबाकू के सेवन से मर रहे हैं, लेकिन भारत में धुएं के सेवन का इतिहास बहुत ही पुराना है। एक अनुमान के मुताबिक ईसा पूर्व 2000 के पहले से ही इसका उपभोग भारत में किया जा रहा है। धुएं के सेवन के दृष्टांत अर्थववेद में भी



पाए जाते हैं। हालांकि, देखा जाए तो भारत में तंबाकू का आगाज 17वीं शताब्दी में हुआ था। तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत होने के बावजूद भारत में सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू का उपयोग दो अक्टूबर-2008 को बंद कर दिया गया था। हालांकि, अभी भी इस बंदिश का अनुपालन देश भर में नहीं किया जा रहा है। लोग सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू पीने के आदी हैं। ऐसे में तंबाकू का सेवन नहीं करने वाले लोग भी बिना किसी गलती के तंबाकू जनित रोग के शिकार हो रहे हैं।

भारत में तंबाकू सेवन करने की समस्या बहुत ही गंभीर है। स्वास्थ के दृष्टिकोण से और दूसरे कारणों से भी। दरअसल, भारत में तंबाकू सेवन के बहुत सारे प्रकार हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बीड़ी, हुक्का और चिलम आदि पिया जाता है तो शहरों में सिगरेट, सिगार, चुरूट आदि। खैनी, पान, जर्दा आदि के जरिए भी तंबाकू सेवन किया जाता है, लेकिन तंबाकू सेवन के इस प्रकार को अपनाने वालों की संख्या कम है। मौजूदा समय में भारत में तंबाकू से बहुत सारे उत्पाद बनाए जा रहे हैं। इसका आर्थिक पक्ष बहुत ही सबल है। इसका व्यापार करने वालों की लॉबी देश में बहुत ही ताकतवर हो चुकी है। फिर यह बहुत सारे लोगों की आजीविका से भी जुड़ा हुआ है। एक बड़ी आबादी तंबाकू के उत्पादन से जुड़े कार्यों में लगी है। वहीं बीड़ी जैसे उत्पाद का निर्माण मुख्य तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में ही किया जाता है। तंबाकू से जुड़े लघु एवं कुटीर उद्योगों का योगदान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी है।

कहा जा सकता है कि तंबाकू के सेवन से लाखों लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इससे मरने वाले लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। केवल राजस्व के लिए कब तक हम अपनी जान के दुश्मन बने रहेंगे। इस तरह देखा जाए तो बिहार में शराबबंदी के मामले में एक सकारात्मक पहल की जा चुकी है। अब इस तरह की पहल दूसरे राज्यों में भी किए जाने की जरूरत है। अगर केंद्र व राज्य सरकार चाहें तो पूरे देश में तंबाकू को प्रतिबंधित किया जा सकता है, लेकिन लोग तंबाकू का सेवन नहीं करें इसके लिए आम लोगों को भी अपने अंदर अनुशासन विकसित करना होगा और इस बुरी लत से दूर रहने का संकल्प लेना होगा। हालांकि, इसके बरक्स अब पूरे देश में तंबाकू के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाने की भी जरूरत है। मीडिया के सभी माध्यमों का उपयोग करके एवं नुक्कड़ नाटकों की मदद से मामले में सकारात्मक परिणाम लाए जा सकते हैं। शराब और तंबाकू पर रोक के लिए सख्त कानून भी बनाया जा सकता है। मगर यह तभी हो सकेगा, जब सभी दल इच्छाशक्ति दिखा पाएंगे।

यह लेखक की निजी राय है

## संपादकीय



# चौरीचौरा: यह कैसी नौटंकी

जब मैंने अखबारों में पढ़ा कि गोरखपुर के चौरीचौरा कांड का शताब्दि समारोह मनाया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसका उदघाटन करेंगे तो मेरा मन कौतूहल से भर गया। मैंने सोचा कि 4 फरवरी 1922 याने ठीक सौ साल पहले चौरीचौरा नामक गांव की भयंकर दुर्घटना का मोदी हवाला देंगे और किसानों से वे कहेंगे कि जैसे गांधीजी ने उस घटना के कारण अपना असहयोग आंदोलन वापिस ले लिया था, वैसे ही किसान भी अपना आंदोलन खत्म करें, क्योंकि लाल किले पर सांप्रदायिक झंडा फहराने की घटना से सारा देश मर्माहत हुआ है। लेकिन हुआ कुछ उल्टा ही। मोदी ने उन प्रदर्शनकारियों की तारीफ के पुल बांधे, जिन्होंने 22 भारतीय पुलिसवालों को जिंदा जलाकर मार डाला था। इस जघन्य अपराध के कारण उन्नीस आदमियों को फांसी हुई थी और लगभग 100 लोगों को उम्र-कैद। गांधीजी ने इस भीड़ की हिंसा की कड़ी निंदा की थी लेकिन मोदी ने इन्हीं लोगों की याद में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए शताब्दि-समारोह की शुरूआत कर दी। अपने पूरे भाषण में मोदी ने गांधीजी का एक बार नाम तक नहीं लिया। गोरखपुर के महंत और उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मोदी को सावधान करने की बजाय उस समारोह को उ.प्र. के सभी जिलों में मनाने की घोषणा कर दी। मुझे आश्चर्य है कि इस गांधी-विरोधी और बदनाम-कार्य को उत्सव का रुप देने की सलाह किस नौकरशाह या किस अति उत्साही कार्यकर्ता ने इन नेताओं को दे दी ? क्या इस समारोह का संदेश देश भर में यह नहीं जाएगा कि किसी को भी जिंदा जला देना ठीक है ? मोदी सरकार इसे गलत नहीं समझती है। चौरीचौरा में तो 22 पुलिसवालों को जिंदा जलाया गया था याने अब खिसियाए हुए किसान यदि ऐसी कोई नृशंस दुर्घटना कर डालें तो क्या वह भी सराहनीय होगी? यदि लालकिले पर किसी नासमझ लड़के ने तिरंगे की बजाय कोई और झंडा फहरा दिया तो यह क्या कोई गंभीर मामला ही नहीं है ? किसान आंदोलन को ठंडा करने के लिए कुछ नौटंकियां हमारी सरकार रचाए, यह स्वाभाविक ही है लेकिन साल भर चलनेवाली यह नौटंकी हमारी संकटग्रस्त वर्तमान अर्थ-व्यवस्था पर करोड़ों रु. का बोझ बढ़ा देगी और भाजपाई सरकारों को बदनाम भी कर देगी। यह ठीक है कि हमारे ज्यादातर नेताओं को पढ़ने-लिखने का समय नहीं होता और उनसे इतिहासविज्ञ होने की आशा भी नहीं की जा सकती लेकिन उनसे यह अपेक्षा तो अवश्य की जाती है कि इस तरह की नौटंकियों का जब भी कोई प्रस्ताव उनके सामने लाया जाए तो वे विद्वानों और विशेषज्ञों से विनम्रतापूर्वक सलाह जरुर करें ताकि वे इतिहास के पटल पर शीर्षासन की मुद्रा में दिखाई न पड़ें।

# कलप्रियनाथ व ख्वाजा के पीर का इलाका जालौन, कन्नौज...



नईम कुरेशी

**ग्वालियर चम्बल व बुन्देलखण्ड के झांसी संभागों में खूब पुरा सम्पदा भरी पड़ी है पर उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश सरकारों की इच्छाशक्ति व यहां के पुरातत्व प्रेमियों का प्रभाव सरकारों पर कुछ खास नहीं देखा जा रहा है वरना जयपुर, दिल्ली, ग्वालियर, मांडू, लखनऊ से भी काफी ज्यादा स्मारक कालपी, जालौन, माधोगढ़ आदि में बताये व दिखाये जा सकते हैं। इस इलाके में मृत्यु के स्वामी, यम, निज, तेज द्वारा काल से रक्षा करते हैं। उन्हें प्रिय होने से कालपिय कहलाया ह्लकालपीह्व को इस्लाम को मानने वाले ह्लकालपी शरीफह्व भी कहते हैं यहां 200 से भी ज्यादा सतारिया, मदारिया, नक्श व रिया आदि इस्लामिक सिलसिलों के बुजुर्गों का स्थान रहा है। डॉ. डी.सी. सरकार साहब ने स्टेडीज इन दी ज्योग्राफी ऑफ ऐशिया ऐण्ड मेडिवल इंडिया के पेज 244-45 में ये सिद्ध किया है कि कालप्रिय का सूर्य मंदिर कालपी में ही था।**

यमुना नदी के किनारे कानपुर झांसी राजमार्ग पर बसा कालपी बुन्देलखण्ड झांसी कमिश्नरी का प्राचीन नगर है जो जालौन जिले की तहसील में आता है। कालपी में 300 मठ मंदिर व 700 मस्जिदें व 12वीं सदी के इस्लामिक सूफी संत कादरिया सिलसिले के बुजुर्ग बड़े सरकार व छोटे सरकार के नाम से तिंमिरी साहेबान आरामफर्मा हैं। यही इलाका 16वीं सदी के लोकप्रिय बादशाह अकबर के दोस्त महेशदास दुबे उर्फ राजा बीरबल का घर भी इतिहास में पढ़ा जाता है यहीं भगवान वेदव्यास जी का प्राचीन व आधुनिक मंदिर भी है।

कालपी को बसाने में श्रीकृष्ण के पुत्र कलप्रियनाथ व इस्लामिक दरवेश व औलिया हजरत नूह के पुत्र साम व उनके बेटे को भी क छ इतिहासकार बताते हैं। कालपी में कानपुर प्राचीनकाल में जलमार्ग होने के प्रमाण देखे व सुने जाते हैं। डॉ. हरिमोहन पुरवार व कुमुदजी ने कालपी पर व बुन्देलखण्ड इलाकों पर तमाम प्रमाणिक पुस्तकें खोजपूर्ण व प्रमाणिक तौर से लिखी हैं। कालपी जहाँ उत्तर प्रदेश का एक बड़ा पर्यटन केन्द्र रहा है वहीं यहां सूफी परम्परा व सनातन धर्म के महान संतों का भी मुख्यालय होने के स्पष्ट प्रमाण भी देखे व सुने जाने का अनुभव मुझे यहां 30 सालों में अनुभव हुआ। इस पर मुझे डी.डी.-1 की राष्ट्रीय चैनल पर एक 30 मिनट का वृत्तचित्र बनाने का मौका 1992 में दूरदर्शन केन्द्र के महानिदेशक शशिकांत कपूर ने दिया था ह्लबुन्देली विरासतह्व के नाम से।

कालपी व जालौन, उरई में प्राचीन काल में पक्की सड़कें बनाने का वर्णन इतिहास में कुषाण काल में पढ़ा जा सकता है। चन्द्रगुप्त मौर्य ने भी अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को विकसित करने के लिए 5वीं सदी में मथुरा कानपुर कालपी आदि क्षेत्रों में कुछ सड़क मार्ग बनवाये थे। कुछ इतिहासकारों ने उस दौर से 18वीं सदी तक इल इलाकों में जल परिवहन के साधनों पर भी विस्तार से चचार्यें लिखी हैं। कालपी में निगम परिवार द्वारा बनवायी गई लंकामीनार भी 200 सालों से अद्भुत स्मारक बना खड़ा है पर इसके आसपास आजकल पशु बांधे जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मेहकमे को इस क्षेत्र को विकसित करना होगा व प्रशासन स्थानीय लोगों को पुरातत्व स्मारकों के प्रति जागरुक भी बनाये। सरकार व प्रशासन ने उरई से कालपी व उरई से जालौन तथा औरइया आदि का मार्ग काफी बेहतर बनवा रखा है जो 80-90 के दशकों तक बहुत अच्छा नहीं था। डिवाइडरों पर वोगन वेलियम के काफी पौधे उरई कालपी मार्ग पर दिखाई दिए हैं।

बुन्देलखण्ड के पैकेज से यहां की सूरत काफी सुधरी देखी जा सकती है। जालौन, कालपी, उरई, रामपुरा, माधोगढ़ से लेकर झांसी कमिश्नरी के बांदा व ललितपुर, टीकमगढ़, ओरछा, ओरछा के 120 स्मारकों व ग्वालियर फोर्ट के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय भारत सरकार व म.प्र., उ.प्र. की सरकारों की पहल पर यूनेस्को ने पिछले महीने दिसम्बर में कुछ पहल करने की खबरें भी अखबारों में देखी गइऔ पर खेद है कि म.प्र. उच्च न्यायालय की ग्वालियर बैंच के जून 2019 में दिए गए आदेश पर ग्वालियर व कई अन्य जिलों में प्रशासन अतिक्रमणों को हटाने में आनाकानी करता दिखाई दे रहा है।

## मृत्यु के स्वामी

ग्वालियर चम्बल व बुन्देलखण्ड के झांसी संभागों में खूब पुरा सम्पदा भरी पड़ी है पर उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश सरकारों की इच्छाशक्ति व यहां के पुरातत्व प्रेमियों का प्रभाव सरकारों पर कुछ खास नहीं देखा जा रहा है वरना जयपुर, दिल्ली, ग्वालियर, मांडू, लखनऊ से भी काफी ज्यादा स्मारक कालपी, जालौन, माधोगढ़ आदि में बताये व दिखाये जा सकते हैं। इस इलाके में मृत्यु के स्वामी, यम, निज, तेज द्वारा काल से रक्षा करते हैं। उन्हें प्रिय होने से कालपिय कहलाया ह्लकालपीह्व को इस्लाम को मानने वाले ह्लकालपी शरीफह्व भी कहते हैं यहां 200 से भी ज्यादा सत्तारिया, मदारिया, नक्श व रिया आदि इस्लामिक सिलसिलों के बुजुर्गों का स्थान रहा है। डॉ. डी. सी. सरकार साहब ने स्टेडीज इन दी ज्योग्राफी ऑफ ऐशिया ऐण्ड मेडिवल इंडिया के पेज 244-45 में ये सिद्ध किया है कि कालप्रिय का सूर्य मंदिर कालपी में ही था। ये शिव मंदिर न होकर सूर्य मंदिर था। संस्कृत के विद्वान व लेखक नाटककार भवभूति ने अपने प्रसिद्ध नाटकउत्तर रामचरित्रम, महावीर चरित्रम तथा मालती माधव की प्रस्तावनाओं में इन नाटकों का मंचन कालप्रियनाथस्य यात्रायस्यहां के मेले में किया था। जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कालपी का कितना सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व 4-5 शताब्दी में भी रखा था। भारत के एक प्रसिद्ध तीर्थ लेखक रामगोपाल मिश्र जी ने भी इस बात की पुष्टि की है। इस को प्रभावति बताया जो सूर्य की पत्नी का नाम है। पुरातत्ववेता प्रो.के.डी. वाजपेयी कालपी को महाभारतकालीन मत्स्य गंधापुर मानते हैं जहां ऋषि पाराशर तथा केवट कन्या सत्यवति के मिलन से ह्लवेदव्यासह्व के जन्म को बताते है। यहीं वेदव्यास की तपस्थली के तौर पर उनका मंदिर भी एक प्राचीन स्मारक है।

तुगलक कालीन 13वीं सदी में एक अप्रकाशित पाण्डुलिपि तारीखें मुहम्मदी-लेखक जो ब्रिटिश लाइब्रेरी में संरक्षित है उसके अनुसार कालपी का नाम इस्लाम के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब के नाम पर मुहम्मदाबाद रखा गया था। कुछ इतिहासकार इस दौर को हुमायूँ बादशाह का दौर भी मानते हैं। डॉ. अयोध्याप्रसाद कुमुद उरई के अनुसार इस पाण्डुलिपि का ब्रिटिश इतिहासकार पीटरहार्डी ने हिस्ट्री ऑफ मेडिवल इण्डिया प्रकाशक मुंशी मनोहरलाल प्रा.लि. नई दिल्ली 2011 में प्रकाशित भी कर दिया है। कालपी प्राचीनकाल से ही सैनिक अड्डा व बन्दरगाह रहा है। कालपी का बन्दरगाह होना यमुना नदी के किनारे होना भी अतिक्रमणकारियों के लिए महत्वपूर्ण रहा होगा। अधिकतर सभी बादशाह, राजा, महाराजा इसे अपने वश में करना चाहते थे। उत्तर भारत के सबसे प्रतापी सिंधिया राजवंश की राजमाता विजयाराजे सिंधिया भी उरई, जालौन से ही रही हैं। उनके पिता जालौन में एस.डी.एम. के पद पर तैनात रहे थे 1950-60 के दशक में कालपी, जालौन, कदौरा, कौंच आजादी की पहली लड़ाई 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चों में रानी लक्ष्मीबाई की पहल पर यहां के जमींदारों से लेकर कदौरा के नवाब साहब तक अंग्रेजों के खिलाफ लामबंद हुये थे। मुगल दौर में कालपी आगरा सूबे का हिस्सा था व अंग्रेजी दौर में ये हमीरपुर जिले का हिस्सा था। उरई से जालौन से चतुर्भुज शर्मा यहां से 1950-60 के दशक में विधायक व मंत्री भी रहे थे जिनसे मुझे भी मिलने का मौका रहा था। जालौन से महज 80-100 किलोमीटर की दूरी पर ही गाधिपुर वर्तमान कन्नौज जिला है जहां महान सूफी संत अजमेर के ख्वाजा मुईन उद्दीन चिश्ती के दादा पीर की भव्य दरगाह के दर्शन का भी हमें सौभाग्य मिला। हाजीशरीफ जमदानी साहब जो ख्वाजा अजमेरी से कोई 30 साल पहले यहां भेजे गये थे। यहां उनका 830वां उर्स फरवरी में होने जा रहा है। यहीं पर इस इलाके के मशहूर राजा जयचंद साहब का किला बताया जाता है। कानपुर देहात के मकनपुर में मदार साहब का रोजा 800 सालों से प्यार मोहब्बतों की सराय बनी हुई है जहां मदार साहब से उनकी दुआओं से लाखों आम इंसानों को फैज उठाते देखा जा रहा है। जालौन से महज 100 किलोमीटर की आसपास की दूरी पर सनातन धर्म व इस्लाम के महान संतों व सूफी बुजुर्गों की धरती से प्यार सद्भावना का पैगाम पूरे देश भर में भेजा जाना बुन्देलखण्ड व यू.पी. का गौरव कहा जाता है।

यह लेखक की निजी राय है

# लोकतंत्र का गला घोंटे जाने के आरोपों में आखिर कितनी सत्यता है

भारत में लोकतंत्र की हालत क्या है, इस मुद्दे पर हमारे देश में और दुनिया में आजकल बहस तेज हो गई है। इस बहस को धार दे दी है, किसान आंदोलन ने। इसके पहले नागरिकता कानून, धारा 370, मनमानी हत्याएँ और अल्पसंख्यकों में भय-व्याप्ति आदि मामलों को लेकर भारत के बारे में यह कहा जाने लगा था कि यहाँ लोकतंत्र का दम घोंटा जा रहा है। इन मामलों के अलावा सत्तारुढ़ दल में भाई-भाई राज के उदय पर भी उंगली उठाई जा रही थी। किसान आंदोलन के बारे में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो, प्रसिद्ध पॉप आइकन रिहाना, पर्यावरण प्रवक्ता ग्रेटा टुनबर्ग और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की भतीजी मीना हैरिस के बयानों पर हमारे विदेश मंत्रालय ने आपत्ति की है।

बाइडन-प्रशासन ने भी इसी मुद्दे पर टिप्पणी की है लेकिन वह रामाय स्वस्ति, रावणाय स्वस्ति- जैसी है। इन सब टिप्पणियों से भी ज्यादा गंभीर खबर यह है कि लंदन की विश्व प्रसिद्ध ह्यइकनोमिस्ट इंटेलीजेंस युनिटह्ण ने अपने ताजा सर्वेक्षण में निष्कर्ष निकाला है कि भारत का लोकतंत्र नीचे की तरफ लुढ़क रहा है और यहाँ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुठाराघात हो रहा है। उसने अपने आँकड़ों के आधार पर कहा है कि 2014 में लोकतांत्रिक पैमाने में भारत का स्थान 27वाँ था लेकिन मोदी-राज में वह फिसल कर 53वें पर आ गया है। दुनिया का यह सबसे बड़ा लोकतंत्र उन 52 देशों की भीड़ में शामिल हो गया है, जो ह्यलंगड़े लोकतंत्रह्ण कहलाते हैं। इस तरह के देशों में अमेरिका, फ्रांस, बेल्जियम और ब्राजील जैसे देश भी शामिल हैं। इन चार प्रमुख देशों की कतार में खुद को खड़ा देखकर भारत संतोष जरूर कर सकता है लेकिन हमें सोचना चाहिए कि क्या वाकई हम भारत को स्वस्थ और सबल लोकतंत्र बना पाए हैं ?

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र तो अपने आप बन गया है, अपने जनसंख्या-विस्फोट की वजह से लेकिन उसे दुनिया का सबसे बढ़िया लोकतंत्र बनाने के लिए हम क्या कर रहे हैं ? सबसे पहली बात तो यह कि भारत को अपना मनोबल हर हाल में ऊँचा रखना चाहिए। जिस देश ने इंदिरा गांधी- जैसी महाप्रतापी प्रधानमंत्री को कुर्सी से उतार कर चटाई पर बिठा दिया, उसकी तुलना आइसलैंड, नार्वे और न्यूजीलैंड जैसे ह्यआदर्श लोकतंत्रोंह्ण से करना उचित नहीं हैं। इनमें से ज्यादातर भारत के एक प्रांत के बराबर भी नहीं हैं और भारत-जैसी विविधता तो उनके लिए अकल्पनीय है। वे भारत- जैसे विदेशी आक्रमणों और सुदीर्घ गुलामी के शिकार भी नहीं रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र कुछ अर्थों में लंगड़ा जरूर है लेकिन आज भी वह काफी तेजी से दौड़ रहा है। हमारे राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र शून्य है लेकिन न्यायपालिका, संसद और खबरपालिका पर कोई अंकुश नहीं है। यदि इनमें से कोई डरपोक, निस्तेज, स्वार्थी और मंदबुद्धि है तो यह उसका अपना दोष है। व्यवस्था अभी तक तो पूरी तरह से लंगड़ी नहीं हुई है।

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस | 07
नई दिल्ली, रविवार 07 फरवरी 2021

# बाइडेन प्रशासन चीन की चुनौतियों से सीधे निपटेंगा और अमेरिकी हितों पर साथ में काम भी करेंगे

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी में जो बाइडेन प्रशासन ने चीन को अपना सर्वाधिक आक्रामक प्रतिद्वंद्वी बताया है। राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा है कि उनका प्रशासन पेइचिंग की चुनौतियों से न सिर्फ सीधे तौर पर निपटेगा, बल्कि जब अमेरिका के हितों की बात होगी तब वह उसके साथ काम करने से भी नहीं हिचकेगा। बाइडेन ने एक उभरते और कहीं अधिक आक्रामक चीन के अपनी विदेश नीति के लिये सबसे बड़ी चुनौती होने का जिक्र भी किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीजिंग द्वारा पैदा की गई रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का जवाब देने के लिए सहयोगी देशों की जरूरत है। बाइडेन ने वॉशिंगटन में विदेश विभाग के कर्मचारियों को उनके फॉगी बॉटम मुख्यालय में संबोधित करते हुए कहा कि हम चीन द्वारा आर्थिक नियमों का उल्लंघन किये जाने तथा मानवाधिकारों, बौद्धिक संपदा और वैश्विक शासन पर उसके कुठाराघात करने का मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने सर्वाधिक गंभीर प्रतिस्पर्धी, चीन द्वारा अपनी समृद्धि, सुरक्षा और लाकतांत्रिक मूल्यों को पेश की गई चुनौतियों से सीधे तौर पर निपटेंगे।

गौरतलब है कि चीन-अमेरिका संबंध दोनों देशों



और विश्व के लिए मायने रखते हैं। हाल के समय में दोनों देशों के बीच संबंधों में व्यापार, जासूसी और कोरोना वायरस महामारी को लेकर खटास आ गई है। बाइडेन ने कहा कि जब अमेरिका के हितों की बात होगी तब उनका प्रशासन चीन के साथ मिल कर काम करने को भी तैयार है। चीन को लेकर उनके प्रशासन की नीति कैसी रहेगी इसके संकेत देते हुए उन्होंने कहा कि लेकिन अमेरिका के हित की बात आती है तो हम पेइचिंग के साथ मिलकर काम करने को भी तैयार हैं। हम अपने सहयोगियों तथा भागीदारों के साथ काम करके, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में अपनी भूमिका को नया रूप देकर, हमारी विश्वसनीयता एवं नैतिक अधिकार को पुनः प्राप्त करते हुए, देश के अंदर स्थिति बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे।

बाइडेन ने कहा कि इसलिए ही हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की भागीदारी बहाल करने और साझा चुनौतियों पर वैश्विक कार्रवाई को उत्प्रेरित करने की खातिर नेतृत्व की स्थिति में आने के लिए काम शुरू कर दिया। पेइचिंग में, चीन ने इस पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि दोनों देश मिलकर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं और मतभेदों की तुलना में उनके साझा हित ज्यादा महत्व रखते हैं। बाइडेन ने कहा है कि वह बीजिंग की चुनौतियों का सामना करने के साथ ही उसके साथ अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे।

बाइडेन के बयान पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन और अमेरिका बड़े देश के तौर पर साझा हितों और दुनिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाने में भूमिका निभा सकते हैं। यह स्वाभाविक है कि हमारे बीच मतभेद हैं लेकिन हमारे साझा हित ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। हमारे सहयोग से बड़ी उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं।

# चीनी युद्ध पोतों और पनडुब्बियों से आधुनिक बनेगी पाकिस्तानी नौसेना



**बीजिंग।** पाकिस्तान अपनी नौसेना को आधुनिक बनाने और उसकी युद्धक क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य से घनिष्ठ मित्र चीन से चार आधुनिक युद्ध पोत और आठ पनडुब्बियां खरीद रहा है। पाकिस्तान के नौसेना प्रमुख ने यह जानकारी दी। चीन ने 29 जनवरी को पाकिस्तानी नौसेना के लिए द्वितीय टाइप 054ए/पी बहुदेशिय नौसैनिक मिसाइल पोत पेश की। क्रूज मिसाइल से युक्त यह युद्ध पोत चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की नौसेना का मुख्य हिस्सा है और फिलहाल ऐसे 30 पोत सेवा में हैं। चीन के नौसैनिक विशेषज्ञों के मुताबिक टाइप 054ए (जिसपर टाइप 054ए/पी आधारित है) चीन का सबसे आधुनिक युद्ध पोत है, जो आधुनिक राडार प्रणाली और लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइलों से युक्त है। एडमिरल एम. अमजद खान नियाजी ने चीन के एक सरकारी अखबार को बताया कि सेना के आधुनिकीकरण प्रक्रिया के तहत पाकिस्तान नौसेना अपने पुराने पोतों और उपकरणों का हटा कर मित्र देशों से नई खरीदी कर रही है और देश में ही उनके निर्माण के लिए तकनीक का हस्तांतरण भी कर रही है।

# इजरायल की ताबुन गुफाओं में 3.57 लाख साल पुराना औजार मिला

**यरूशलम।** इजरायल की ताबुन गुफाओं में 3.57 लाख साल पुराना औजार मिला है। अपनी तरह के सबसे प्राचीन औजार की खोज लोअर पेलियोलिथिक काल में की गई है। गुफाओं में मिला औजार अंडाकार है। डोलोमाइट से बना, इसका वजन करीब आधा किलो का है। इसके तीन टुकड़े आसपास मिले हैं। इस पर किए काम के निशान मिले हैं, इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसका इस्तेमाल पीसने के काम के लिए किया जाता होगा। यह औजार हाथ से चलने वाली कुल्हाड़ियों के बड़े समूह का हिस्सा मालूम पड़ रहा है। यह लोअर पेलियोलिथिक परत की एकिएलो-यब्रूडियन कॉम्प्लेक्स में है, जो 4.15 लाख से 2.5 लाख साल पुराना माना जाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ हाइफा में जिनमैन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्कियॉलजी के डॉ. रॉन शिमेलमिट्ज के मुताबिक कॉम्प्लेक्स की खासियत है, आग औ चूल्हे से जुड़ीं गतिविधियां और सामाजिक-आर्थिक कार्यों के लिए कॉम्प्लेक्स का निर्माण।

इससे तकनीकी कौशल की झलक मिलती है। इस दौरान ब्लेड्स की तकनीक, किसी औजार को बनाने के लिए दूसरे औजार का इस्तेमाल और पत्थर, हड्डियों, लकड़ी और राख को भी नई शक्ल में तब्दील करने की काबिलियत थी।

# चीन की रेत का अवैध उत्खनन कर रहा ताइवान

**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच बढती तनातनी के बीच चीन की नई करतूत उजागर हुई है उसके सैकड़ों जहाज ताइवानी जलसीमा में स्थित उथले सागर में बड़े पैमाने पर बालू के उत्खनन का काम कर रहे हैं। चीन की इन हरकतों से परेशान ताइवानी नौसेना ने अपनी गश्त को तेज कर दिया है। चीन के रेत उत्खनन वाले ये जहाज ताइवान के मात्सु द्वीप के आसपास अक्सर घुसपैठ करते हैं।

रॉयटर्स ने ताइवानी तट रक्षक कमांडर लिन ची-मिंग के हवाले से बताया है कि उन्होंने कई बार चीन के इन विशालकाय नावों को ताइवानी जलक्षेत्र में देखा है। हालांकि पास जाने पर वह डरकर चीन की जलसीमा में भाग जाते हैं। लिन ने यह भी कहा कि चीन के इन जहाजों को लगता है कि यह उनका इलाका है। वे हमें देखकर भाग जाते हैं लेकिन वापस जाते ही फिर से घुसकर बालू चुराने का काम शुरू कर देते हैं। दरअसर, ताइवानी इलाके से रेत चुराना चीन का नया हथियार है। जिसे वह कथित ग्रे जो वॉर के अभियान में इस्तेमाल किया जाता है। इसके जरिए बिना कोई युद्ध लड़े दुश्मन को उसके इलाके से बाहर निकालने की रणनीति अपनाई जाती है। पिछले साल जून के बाद से चीन के ये रेत उत्खनन करने वाले जहाज निर्माण परियोजनाओं के लिए समुद्र के तल से भारी मात्रा में रेत बाहर निकाल रहे हैं।

ताइवान की नौसेना चीन के इन जहाजों को खदेड़ने के लिए अब 24 घंटे गश्त कर रही है। मात्सु द्वीप के निवासियों का कहना है कि चीन की इन हरकतों से उनके ऊपर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। रेत को चुराकर चीन इस द्वीप की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना चाहता है। इतना ही नहीं, वह पानी के नीचे बिछाए गए संचार केबलों को नुकसान पहुंचाना चाहता है और निवासियों और पर्यटकों को आसपास के द्वीपों पर जाने से डरा भी रहा है। यह भी डर जताया जा रहा है कि चीन के इन जहाजों की खुदाई से आसपास के समुद्री जीवन को नुकसान पहुंच सकता है। दरअसल मात्सु द्वीप के पास स्थित उथला इलाका चीन और ताइवान के बीच बफर जोन का काम करता है। इस द्वीप और इसके आसपास ताइवान के 13,300 के करीब लोग रहते हैं। चीन के जहाज ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा के पास उथले पानी में खुदाई कर रहे हैं। पिछले एक साल में ताइवान ने चीन के रेत खोंदने वाले कम से कम 4,000 जहाजों खदेड़ा था।

# यूएस में नए नशे की महामारी, युवा ले रहे घोड़े को बेहोश करने वाली दवा

## जाइलाजिन के साथ मिलाकर किया जा रहा है अफीम से बनने वाली ड्रग्स का नशा

**न्यूर्याक।** अमेरिका में अब एक नए प्रकार का नशा तेजी से फैल रहा है। अमेरिका में सड़कों और खुलेआम मिलने वाले नशीले पदार्थों को स्ट्रीट ड्रग्स कहा जाता है। स्ट्रीट ड्रग्स में अब ऐसी दवा शामिल हुई है, जिसका उपयोग घोड़ों को बेहोश करने के लिए किया जाता है। इसने घातक ओपिऑयड ड्रग्स की श्रेणी का एक तिहाई हिस्सा कब्जा कर लिया है। हाल ही में अमेरिका के फिलाडेल्फिया में की गई एक स्टडी में इस बात का खुलासा हुआ है। घोड़े को बेहोश करने वाली दवा हार्स ट्रेंक्यूलाइजर का उपयोग नशे के लिए बहुतायत में किया जा रहा है। इस दवा का नाम जाइलाजिन। ये ओपिऑयड ड्रग नहीं है। लेकिन इसका उपयोग ओपियम यानी अफीम से बनने वाली ड्रग्स के साथ मिलाकर किया जा रहा है। नशा करने वाले लोग जाइलाजिन को हेरोइन या फेंटानिल के साथ मिलाकर उपयोग कर रहे हैं। इसे अमेरिका में आजकल ट्रांक डोप कहकर बुलाया जा रहा है। इसे लेकर जो स्टडी की गई है वो 2 फरवरी को मेडिकल जर्नल इंजरी प्रिवेंशन में प्रकाशित हुई है।



शोधकताओं ने स्टडी के लिए कई ऐसे लोगों को पोस्टमार्टम अध्ययन किया जिनकी मौत ड्रग ओवरडोज से हुई है। स्टडी के दौरान पता चला कि पिछले एक दशक में फिलाडेल्फिया में जाइलाजिन और ओपिऑयड ड्रग्स के मिश्रण की वजह से कई लोगों की मौत हुई है। अब शोधकर्ता मांग कर रहे हैं कि इस दवा के अवैध उपयोग पर निगरानी बढ़ाई जाए। स्टडी के अनुसार जाइलाजिन के ओवरडोज से मौत की खबरें सामने नहीं आती क्योंकि अमेरिका के कई प्रयोगशालाओं में इसकी आमतौर पर जांच नहीं होती। इसलिए इसकी वजह से होने वाली मौतों का कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं होता। जाइलाजिन का उपयोग अमेरिका में जानवरों को बेहोश करने के लिए किया जाता है। ये इंसान के ब्लड प्रेशर को कम कर देता है। साथ ही दिल के धड़कने के दर को भी कम कर देता है। स्टडी में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि प्यूर्टो रिको में जाइलाजिन का उपयोग साल 2000 के आसपास से ही शुरू हो गया था। इससे ये पता लगता है कि अमेरिका महाद्वीप में इस ड्रग का अवैध कारोबार हो रहा है। सिर्फ फिलाडेल्फिया में ही नहीं, पिछले दो साल में मैरीलैंड, ओहायो और मिशिगन में भी जाइलाजिन के उपयोग के मामले सामने आए हैं। हालांकि, अमेरिका में जाइलाजिन की सप्लाई बहुत कम है। इसका रिकॉर्ड रखा जाता है लेकिन इसके बावजूद इसका उपयोग नशे के लिए किया जा रहा है।

शोधकताओं ने इस स्टडी में साल 2010 से 2019 तक के समय को शामिल किया। पता चला कि जाइलाजिन और ओपिऑयड ड्रग्स का उपयोग साल 2010 से 2015 तक 2 फीसदी ही होता था। साल 2019 में ये बढ़कर 31 फीसदी हो गया है। फिलाडेल्फिया के कुछ फोकस ग्रुप्स ने बताया कि ओपिऑयड ड्रग्स के साथ जाइलाजिन का उपयोग करने से ओपिऑयड ड्रग्स का असर ज्यादा समय तक रहता है। इसलिए लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। शोधकताओं ने इस दवा के उपयोग पर सरकार से निगरानी करने की बात कही है।

# म्यांमार की सत्ता छोड़े सेना, लोकतंत्र में कोई संदेह नहीं हो सकताः बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि तख्तापलट करके म्यांमा की सेना ने जो सत्ता हासिल की है, वह उसे छोड़ दे। म्यांमा की सेना तख्तापलट करके सत्ता में काबिज हो गई तथा उसने स्टेट काउंसलर आंग सान सू ची, राष्ट्रपति यू विन मिंत और देश के अन्य शीर्ष नेताओं को हिरासत में ले लिया।

सूची को कहां रखा गया है, इस बारे में अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। विदेश विभाग के मुख्यालय में बाइडन ने कहा कि बर्मा की सेना ने जिस सत्ता पर कब्जा किया है उसे वह छोड़ देनी चाहिए।

जिन वकीलों, कार्यकताओं और अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है, उन्हें भी छोड़ा जाए, संचार-संवाद पर लगी पाबंदियों को हटाया जाए तथा हिंसा से बचा जाए। उन्होंने कहा कि मैंने इस हफ्ते की शुरूआत में कहा था कि हम लोकतंत्र की बहाली, कानून का शासन कायम करने तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने की खातिर अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम करेंगे। बाइडन ने कहा कि म्यांमा में तख्तापलट के मामले पर बीते कुछ दिन से उनका प्रशासन सहयोगियों और साझेदारों के साथ बातचीत कर रहा है ताकि इसका समाधान निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को साथ लाया जा सके।

उन्होंने कहा कि मैं रिपब्लिकन नेता मिच मैककॉनेल के साथ संपर्क में हूं, हमने बर्मा में हालात पर साझा चिंताओं पर चर्चा की है और अपने संकल्प को लेकर हम एकजुट हैं।

लोकतंत्र में कोई संदेह नहीं हो सकता, ताकत के बल पर जनता की इच्छाशक्ति को कभी खारिज नहीं करना चाहिए और न ही एक भरोसेमंद चुनाव के निष्कर्ष को खत्म करने के प्रयास करने चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि म्यांमा के विषय में एक द्विपक्षीय सहमति है।

प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी और मैककॉनेल ने म्यांमा पर पाबंदियां लगाने की मांग की है। मैककॉनेल ने कहा कि सेना के कुछ बड़े अधिकारियों पर पहले ही पाबंदियां लगी है। कांग्रेस ने अधिकारियों को वहां की सेना पर और पाबंदियां लगाने की मंजूरी भी दे दी है।

# पुतिन के आलोचक नवलनी के सपोर्ट करने पर रूस ने जर्मनी, स्वीडन और पोलैंड के राजनयिकों को निष्कासित किया

**मॉस्को।** रूस ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के घोर आलोचक एलेक्सी नवलनी का सपोर्ट करने पर जर्मनी, स्वीडन और पोलैंड के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है। इन तीनों देशों के राजनयिकों ने नवलनी के समर्थन में आयोजित विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। रूसी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कह है कि इन तीनों राजनयिकों ने 23 जनवरी को आयोजित अवैध विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। वहीं, यूरोपीय यूनियन ने रूस के साथ अपने रिश्तों को सबसे निचले स्तर पर बताया है। माना जा रहा है कि यूरोपीय यूनियन के देश जल्द ही रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का ऐलान कर सकते हैं।



वहीं, स्वीडन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बात से साफ इनकार किया है कि उनके राजनयिक ने किसी भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया है। भ्रष्टाचार रोधी जांच जांचकर्ता एवं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक नवलनी को जर्मनी से रूस लौटने के बाद पिछले महीने गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्हें सुनवाई के बाद रूसी कोर्ट ने साढ़े तीन साल की सजा सुनाई थी। नवलनी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के घोर आलोचक हैं। हाल में ही उन्होंने वीडियो पोस्ट कर पुतिन पर दुनिया का सबसे बड़ा रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि पुतिन को इसके बदले अरबों की एक हवेली मिली है। हालांकि, पुतिन ने इस महल के स्वामित्व से साफ इनकार किया है। पुतिन ने कहा कि उनके या उनके परिवार का कोई भी सदस्य इस महल का मालिक नहीं है।

यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि रूस के विपक्ष के नेता एलेक्सेई नवलनी के साथ किया जा रहा अनुचित व्यवहार ब्रसेल्स और मॉस्को के बीच संबंधों में एक निम्न बिन्दु है। रूस में नवलनी को लगभग तीन साल की सजा सुनाए जाने के कुछ दिन बाद ईयू के विदेश मामलों के प्रमुख जोसेफ बोरेल ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लैवरोव से मुलाकात की। नवलनी को जेल में भेजे जाने का आदेश दिए जाने से अंतरराष्ट्रीय समुदाय में रूस की निन्दा की जा रही है। बोरेल ने मॉस्को में लैवरोव के साथ बैठक से पहले कहा कि निश्चित तौर पर, हमारे संबंध तनाव से गुजर रहे हैं और नवलनी का मामला हमारे संबंधों में एक निम्न बिन्दु है। बोरेल ने बैठक के बाद कहा कि उन्होंने नवलनी को जेल में डाले जाने तथा उनकी तरफ से प्रदर्शन करने वाले हजारों लोगों को गिरफ्तार किए जाने पर लैवरोव को अपनी चिंताओं से अवगत कराया। यूरोपीय संघ के अधिकारी ने यह भी कहा कि उन्होंने लैवरोव को नवलनी की रिहाई तथा उन पर अगस्त में हुए विष हमले की जांच के लिए यूरोपीय संघ के समर्थन से भी अवगत कराया।

# म्यांमार में सेना के तख्तापलट के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

**यंगून।** म्यामांर में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन तेज हो गया है। चुने हुए नेताओं को सत्ता सौंपने की मांग के साथ सैकड़ों की संख्या में छात्र एवं शिक्षक सड़कों पर उतरे। राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था समेत देश के अन्य भागों में विरोध-प्रदर्शन तेज हो गया है। तख्तापलट के बाद से अब तक हुई सबसे बड़ी रैलियों के दौरान यंगून के दो विश्वविद्यालयों में प्रदर्शनकारियों ने विरोध के तौर पर तीन उंगलियों से सलामी दी। प्रदर्शनकारियों ने आंग सान सू ची के लिए लंबी आयु के नारे लगाए और कहा कि हम सैन्य तानाशाही नहीं चाहते। यंगून विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ नवि थाजिन ने सेना का विरोध जताते हुए कहा कि हम उनके साथ एकजुट नहीं हो सकते। हम चाहते हैं कि इस तरह की सरकार जल्द से जल्द गिर जाए।



म्यामांर में सोमवार को सेना द्वारा तख्तापलट करने और एक साल के लिए सत्ता अपने हाथ में लिए जाने की घोषणा के बाद से ही इस कदम को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी है। इस घोषणा के विरोध में आम लोगों के साथ ही विपक्ष ने भी देश के सबसे बड़े शहर यंगून में हर रोज शाम को खिड़कियों पर खड़े होकर बर्तन बजाना शुरू किया है। हालांकि, अब लोग तख्तापलट के खिलाफ सड़कों पर उतरना शुरू कर रहे हैं। इनमें छात्र एवं चिकित्साकर्मी भी शामिल हैं, जिनमें से कुछ ने काम करने से इंकार कर दिया है। पूर्व में सैन्य तानाशाही के खिलाफ हुए आंदोलन में भी छात्रों की अहम भूमिका रही है। सेना विरोध को दबाने के मकसद से विपक्ष के कुछ नेताओं को गिरफ्तार करने के साथ ही फेसबुक पर भी रोक लगा रही है ताकि प्रदर्शनकारी एकत्र होने की योजना नहीं बना सकें।

# अफगानिस्तान में तालिबानी हमला, 16 सैनिकों की मौत



**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने गुरुवार को घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में 16 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि दो सैनिकों को अगवा कर लिया गया है। यह हमला कुंदुज प्रांतत के खान आबाद जिले ताप-ए-अख्तर में सेना की एक चेक पोस्ट पर किया गया।

अधिकारी रब्बानी रब्बानी ने पुष्टि की कि इस हमले में 16 सैनिक मारे गए। दो सैनिकों को तालिबानी अपने साथ ले गए। हमले के बाद प्रशासन ने क्षेत्र में सेना की एक यूनिट लगा दी है। साथ ही आतंकियों की तलाश में अभियान चलाया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और चीन अफगानिस्तान की सरकार को गिराना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि यहां से नाटो सैनिकों की वापसी हो जाए। यदि ऐसा होता है तो अफगानिस्तान में फिर से हिंसा का दौर शुरू हो सकता है। दो महीने पहले ट्रंप प्रशासन ने एक रिपोर्ट में माना था कि पाकिस्तान के जरिए चीन अफगानिस्तान में अपना दखल बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान से सैन्य वापसी के लिए मई डेडलाइन तय की थी। इसके लिए तालिबान से शांति समझौता भी किया गया था। अब बाइडेन प्रशासन ने समझौता रद्द कर दिया है। लेकिन, इससे अफगानिस्तान में आतंकी हमले बढ़ गए हैं। अब अमेरिका के सहयोगी देशों ने बाइडेन प्रशासन से अपील की है कि अफगानिस्तान में मई के बाद भी नाटो सैनिक मौजूद रहने चाहिए।

# म्यांमार में तख्तापलट के कदम को वापस लेने के लिए दबाव बनाएगा संगठन

**जेनेवा।** वैश्विक निगरानी की शीर्ष संस्था संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संकल्प लिया कि यूएन अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट करने और म्यांमार में हुए सैन्य तख्तापलट के कदमों को वापस लिये जाने का दबाव बनाने वाली परिस्थितियां पैदा करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकतंत्र की बहाली की सुरक्षा परिषद की अपील का क्रियान्वयन, नवंबर में हुए संसदीय चुनाव के परिणाम का सम्मान करना और सेना द्वारा हिरासत में रखे गए सभी लोगों को रिहा करना ह्ययानी तख्तापलट के कदम को वापस लेना अत्यंत



आवश्यकह्ल है। गुतारेस ने कहा, ह्यहमें यह संभव बनाने के लिए हर प्रकार का दबाव बनाना चाहिए।ह्ल म्यांमार की सेना ने सोमवार को घोषणा की थी कि वह एक साल के लिए सत्ता की कमान अपने हाथ में ले रही है। उसने देश की शीर्ष नेता आंग सान सू ची की सरकार पर नवंबर में हुए चुनाव में धोखाधड़ी के आरोपों की जांच नहीं करने का आरोप लगाया। इन चुनाव में सू ची की पार्टी ने जीत हासिल की थी। उसने सू ची, अन्य सांसदों, कार्यकताओं और पत्रकारों को हिरासत में ले लिया है। गुतारेस ने बताया कि म्यांमार के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत क्रिस्टीन श्रानेर बर्गनर ने तख्तापलट के बाद शुक्रवार को पहली बार सेना से संपर्क किया और इस घटनाक्रम के प्रति संयुक्त राष्ट्र का कड़ा विरोध व्यक्त किया।

# टीटीपी ने तीन माह में किए 100 आतंकी हमलेः यूएन रिपोर्ट

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने पिछले साल सिर्फ तीन महीने में हुए 100 से ज्यादा आतंकी हमलों को अंजाम दिया। आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने कई छोटे आतंकवादी समूहों को अफगानिस्तान में फिर से एकजुट करने का काम किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे अफगानिस्तान और क्षेत्र में खतरा बढ़ने का अंदेशा है। इन छोटे-छोटे आतंकवादी समूहों को अलकायदा संचालित कर रहा था। एनालिटिकल सपोर्ट ऐंड सैंक्शंस टीम की 27वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि टीटीपी ने अफनानिस्तान में छोटे-छोटे आतंकी समूहों को कथित रुप फिर से एक करने का काम किया है, जिसका संचालन अलकायदा कर रहा था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे अफगानिस्तान, पाकिस्तान और क्षेत्र में खतरा बढ़ने का अंदेशा है। जुलाई और अगस्त में पांच समूहों ने टीटीपी के प्रति निष्ठा का प्रण लिया था, जिसमें शेहरयार महसूद समूह, जमात-उल-अहरार, हिज्ब-उल-अहरार, अमजद फरूकी समूह और उस्मान सैफुल्लाह समूह शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक इससे टीटीपी की ताकत बढ़ी है और नतीजतन क्षेत्र में हमले बढ़े हैं।

# यूएई में भारतीय बच्चा कैंसर रोगियों के लिए बना सबसे कम उम्र का दानदाता

**दुबई।** कैंसर मरीजों के लिए केश दान करके दो साल का भारतीय बच्चा संयुक्त अरब अमीरात में सबसे कम उम्र का दानदाता बन गया है। जानकारी के अनुसार दो साल 10 महीने का तक्ष जैन केश दान करने के लिए फ्रेंड्य ऑफ कैंसर पेशंट्स में पंजीकरण कराने वाला सबसे कम उम्र का बच्चा है। उसकी मां नेहा जैन ने बताया कि तक्ष ने अपनी बहन से प्रेरित होकर ऐसा किया है।

तक्ष की बड़ी बहन ने 2019 में कैंसर मरीजों के लिए अपना केश दान किया था। जैन ने कहा कि मेरा बेटा सारी बातें सुनता था और फिर हमसे कहने लगा कि वह भी अपनी बहन की तरह अपने केश दान करना चाहता है।

मुझे बहुत अच्छा लगा और मैंने उसके केश लंबे करने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा कि दान करने से पहले हम तक्ष के केश थोड़े और लंबे करना चाहते हैं।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# बाइक रैली से पहुंचे श्री पांडुपोल हनुमान मंदिर दर्शन करने

» मदरलैंड, नागपाल शर्मा



ऐतिहासिक श्री हनुमान जी पांडुपोल मंदिर।

माचाड़ी-राजगढ़ के निकट अंतर्गत सरिस्का अभ्यारण क्षेत्र में ऐतिहासिक पांडुपोल हनुमान मंदिर स्थान पर माचाडी कस्बे से शनिवार को एक शिष्टमंडल मास्क लगा कर बाइको से पांडुपोल मंदिर पर पहुंचा। मंदिर स्थल पर पहुंचकर शिष्टमंडल ने हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और अपने अपने परिवार की मनोकामना के पूर्ण करने लिए अर्जी लगाई। भक्तों ने हनुमान जी महाराज की परिक्रमा देकर दंडोति लगाई। हनुमान जी के दर्शन करने के लिए काफी संख्या में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओ की भीड़ लगी रही। लोगों ने अरावली पर्वत मालाओं के मध्य जंगल में दार्शनिक स्थल का आनंद लेते हुए पांडूओ की पोल का दर्शन किया। इस अवसर पर शुभम शर्मा, रानू, प्रशांत, रघुवीर सैनी, कमलेश सैनी, अंशुल सैनी, राकेश सैनी, मोनू, गोलू, रामदयाल सैनी , श्री सैनी ठेकेदार सहित अनेक भक्तों ने हिस्सा लिया।

# विधायक ने किया चार कक्षा कक्ष का लोकार्पण

» मदरलैंड, महावीर प्रसाद



तिजारा विधायक संदीप यादव ने तिजारा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एम, एस, डी ,पी ,योजनान्तर्गत बने राशि रुपये 40.25 लाख से चार कमरों का लोकार्पण किया । इस दौरान विधायक संदीप यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको शिक्षा के साथ साथ खेल के प्रति भी आगे आना होगा । जिससे आप खेल के क्षेत्र में तिजारा का नाम रोशन कर सकें। इसके साथ ही विधायक ने कहा कि मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा ।कि तिजारा में शिक्षा के कार्यो को ओं भी आगे बढ़ाया जा सके ।जिसके लिए जो प्रयास करने होंगे ।वो उच्च स्तर तक करूँगा। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका सभापति झब्बूराम सैनी ने कहां की विद्यार्थी को पढ़ लिख कर अपने माता पिता और गुरु जनों का नाम रोशन करें ।इस दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरीश गुप्ता, ए, सी ,बी ,ओ ,राजेश यादव, हरीश कुमार, प्रधानाचार्य तिलक राज शर्मा, नवरत्न सोनी, प्रीतम दायमा, जेपी यादव , दिनेश खामरा, निशांत खान सरपंच, मुन्नीलाल गुर्जर,शिवचरण सैनी, मनोज सैनी, राजेश कसाना, मुकेश सैनी, गुल्लू यादव विनोद यादव सुरेंद्र जोशी पार्षद कालू राम शर्मा ,पूर्व पार्षद ।विशंभर सैनी, अजय यादव । सहित कस्बे वासी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक की अनुशंसा पर 1280 लाख के पेयजल कार्य स्वीकृत

मदरलैंड, अशोक भारद्वाज, कठूमर। केंद्र सरकार की योजना जल जीवन मिशन के तहत राज्य सरकार ने स्थानीय विधायक बाबूलाल बैरवा की अनुशंसा पर विधानसभा के पांच बड़े गांवों में पानी के लिए 1280 लाख रुपए की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की है। शीघ्र ही निर्माण कार्य के टेंडर जारी किए जाएंगे। पीएचइडी के एईएन उमेश मीणा ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या की विकरालता को देखते हुए सरकार ने खेड़ामैदा में 156.77 लाख रुपए, मसारी मे258.56लाख रूपए, रोनिजा थान में 153.11 लाख रुपए, खेरली रेल में 369 लाख रुपए व कठूमर कस्बे के लिए 334 लाख रुपए की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की है। और बताया कि केंद्र की 2024 तक घर-घर पानी पहुंचाने की योजना के तहत जल जीवन मिशन योजना ओन में व्यय की जाने वाली राशि को केन्द्र एवं राज्य सरकार पचास पचास फीसदी वहन करेगी। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम में उच्च जलाशय, पंप हाउस, चार या पांच ट्यूबेल एवं घर-घर तक पानी पहुंचाने के लिए वितरण लाइन बिछाई जाएगी। इन योजनाओं की मंजूर होने पर सभी क्षेत्रवासियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार विधायक का आभार जताया है।

### कायाकल्प कार्यक्रम के तहत टीम ने सेटेलाइट अस्पताल का किया निरीक्षण

मदरलैंड, हीरालाल भूरानी, खैरथल। कायाकल्प कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय टीम ने शुक्रवार को राजकीय सेटेलाइट हास्पिटल खैरथल का बाहरी परीक्षण किया। टीम के सदस्य जालोर जिले से जिला कार्यक्रम प्रबंधक चरणसिंह व जालोर जिले से शहरी कार्यक्रम प्रबंधक हरफूल थे। अस्पताल प्रभारी डॉ नितिन शर्मा ने बताया कि कायाकल्प कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय अस्पतालों की दशा व चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए चलाया जाने वाला प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम है। जिसमें प्रथम व द्वितिय असेसमेंट चिकित्सालय की खुद की टीम करती है ।इन असिसमेंट में 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त होने पर जिला स्तरीय टीम द्वारा पीयर असैस्मेंट किया जाता है ।पीयर असैस्मेंट में जिले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/ समकक्ष चिकित्सालयों का राज्य स्तरीय टीम द्वारा एक्सटर्नल असेस्मेंट किया जाता है। जिला स्तरीय टीम द्वारा पीयर असैस्मेंट 11 दिसंबर को किया गया था जिसमें राजकीय हास्पिटल खैरथल का जिला स्तर पर 86 फीसदी अंक के साथ प्रथम स्थान रहा था,85.87फीसदी अंक के साथ सीएचसी बानसूर द्वितीय व 82.5 फीसदी अंक के साथ सीएचसी बहरोड़ तृतीय रही थी। जल्द हटेगा अतिक्रमण मदरलैंड / खैरथल / हीरालाल भूरानी नगरपालिका प्रशासन कस्बे में शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम देगा। पालिका के अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार पूरे कस्बे में सघन अभियान चलाकर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुकानों के बाहर लगाए गए सामान को जब्त करने के साथ ही चालान काटने की कार्रवाई की जाएगी।

### युवा ब्राह्मण सभा परिवार का 'युवा विप्र प्रतिभा रत्न' कार्यालय जारी



मदरलैंड संवाददाता, अलवर । युवा ब्राह्मण सभा परिवार द्वारा 10वी एवँ 12वी कक्षा में 90 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले ब्राह्मण समाज के अभियर्थियों को युवा विप्र प्रतिभा रत्न से सम्मानित किया जा रहा है । ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने बताया सम्मान समाहरोह की कड़ी को सुचारू रखते हुए शनिवार मन्नाका रॉड स्थित फौजी कॉलोनी में अलवर के पुलिस वीभाग में कार्यरत देवकी शर्मा की पुत्री तान्या शर्मा के दसवीं कक्षा मे 92.17% आने पर 'युवा विप्र प्रतिभा रत्न' सम्मान से नवाजा गया , इस दौरान तान्या के दादा सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक वनविहारी शर्मा द्वारा साफा पहनाया गया एवं युवा कार्यकर्ताओ द्वारा माँ सरस्वती एवं भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया गया । दसवीं कक्षा में 92.7% लाने वाली तान्या शर्मा का सपना पुलिस वीभाग की उच्च अधिकारी बनना है , उन्होंने बताया उनका पूरा परिवार पुलिस सेवा में है दादा वनविहारी शर्मा , पुलिस उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त है जबकि पिता देवकीनंदन शर्मा एवं चाचा सुनील शर्मा अलवर में पुलिस वीभाग में सेवारत है। सम्मान समाहरोह के दौरान सेवानिवृत्त सहायक पुलिस उपनिरीक्षक वनबिहारी शर्मा , देवकीनंदन शर्मा , युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा , मनीष शर्मा , महेश उपाध्याय , विष्णु शर्मा , देवेंद्र शर्मा , नितेश , आरडी शर्मा,एड.यशपाल दीक्षित एवं रोहित शुक्ला आदि उपस्थित रहे ।

### बालिका स्कूल प्रांगण में विज्ञान मेले का हुआ आयोजन



मदरलैंड संवाददाता। तिजारा राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका स्कूल के प्रांगण में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया प्राचार्य मीरा मुखीजा ने बताया है कि बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर विज्ञान मेले में भाग लिया आधुनिक तरीकों से बालिकाओं ने सैनिटाइजर ,फ्रिज ,बस कूलर रेल, बस मॉडल ,चार्ट बनाएं । बालिका में भारी उत्साह देखने को मिला ।इस अवसर पर सीबीईओ हरिस गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# महवा में हुई लूट का पुलिस जल्द करे खुलासा: हुडला

## विधायक ओमप्रकाश हुडला ने की दोसा एसपी अनिल बेनीवाल से मुलाकात

» मदरलैंड, राहुल जोशी



मण्डावर। महुआ विधायक ओम प्रकाश हुडला ने दौसा के पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल से शिष्टाचार भेंट कर महवा क्षेत्र की कानून व्यवस्था के बारे में अवगत करवाया। महुआ विधायक ने एसपी अनिल बेनीवाल से महुआ के मंडावर कस्बे में पिछले दिनों एक विधवा महिला से सरे आम मोटरसाइकिल सवार लोगों द्वारा रुपये लूटने की घटना हुई थी। उसका जल्द से जल्द खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे किए जाने की मांग की। साथ ही महुआ में बैंक के सामने हुड़ला निवासी राम सिंह छ लाख रुपये की लूट की जो वारदात हुई थी उसको भी जल्द खुलासा कर अपराधियों को पकड़ कर उन्हें सख्त सजा दिलाई जाने की मांग की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को अपराध के प्रति जीरो टॉलरेन्स की उनकी सोच के बारे में अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने भी महवा विधायक को अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने का भरोसा दिलाया। विधायक हुडला ने मंडावर थाना अधिकारी लाल सिंह राजपूत महुआ थाना अधिकारी नरेश शर्मा से भी व्यक्तिगत बात कर अपराधियों को जल्दी से जल्दी गिरफ्तार करने को कहा।

# पूर्व सांसद स्व. महिंद्रा कुमारी की स्मृति में जरूरतमंदों को किए कम्बल वितरित



» मदरलैंड संवाददाता

अलवर । युवरानी स्व. महेन्द्र कुमारी स्मृति में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह के सानिध्य में श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली की ओर से अलवर जिले से आई बुजुर्ग, विधवा एवं जरूरतमंद महिलाओं को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान श्रम राज्यमंत्री ने अपनी परिवेदनाऐं लेकर आए लोगों की जनसमस्या सुनकर अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर बंजारा बस्ती सीरावास एवं नौरंगाबाद में आ रही ग्रामीणों की पेयजल की समस्या से निजात के लिए बोरिंग कराने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने जनसुनवाई में आई विभिन्न समस्याओं को समन्वय मोबाइल एप पर दर्ज करने एवं अलवर ग्रामीण लोगों के ई मित्र से जुड़ी समस्याओं को निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

# गुवाना गॉव वासियों ने 85000 रु. श्रीराम मन्दिर के लिए समर्पण निधि भेंट की

» मदरलैंड, मयंक जोशी

बहरोड़। भगवान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अभियान के तहत अभियान के सह संयोजक व प्रखण्ड मंत्री सुमित यादव ने बताया कि गुवाना गांव के प्रत्येक घर से लगभग 400 घरों से 85000रुपए की समर्पण निधि एकत्रित करके सौंपी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के लिए गुनावा गांव की कमेटी के अध्यक्ष सुबेसिंह यादव एवं कोषाध्यक्ष कैप्टन सज्जन सिंह ने बताया कि आरएसएस विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर गांव के युवाओं एवं प्रबुद्ध जनों के साथ गांव में कमेटी बनाई। दो टीम बनाकर गांव के प्रत्येक वर्ग तक प्रत्येक घर तक गए और सभी वर्ग ने अपने यथा सहयोग शक्ति के भगवान राम के मंदिर के लिए समर्पण किया। विशेष रूप से माताओं में और बुजुर्गों में भगवान राम के मंदिर निर्माण के विशेष उत्साह दिखाई दिया। सब ने इस कार्य को सराहा और युवाओं के अंदर भी भगवान श्री राम की भव्य मंदिर को लेकर काफी उत्सुकता है और उन्होंने भी अपनी पुण्य कमाई में से भगवान श्री राम के मंदिर के लिए समर्पण निधि दी। इस दौरान नरेंद्र यादव, भीम पाल, मुरारी लाल, सुरेश सेक्रेटरी, रामानंद, सांवल, वीर सिंह पंच, दीपचंद, मदन सिंह उप सरपंच, मनोज, नरेश शर्मा, पृथ्वी सिंह, बस्ती राम, कंवर पाल सिंह सहित गांव के सैकड़ों ग्रामीण व युवा चैपाल पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में श्री राम जन्मभूमि अभियान के सह संयोजक ओम यादव ने प्रत्येक ग्रामवासी एवं कमेटी का आभार व्यक्त किया। इस पुनीत कार्य में सहयोग देने के लिए भगवान श्री राम से गांव की खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की। ओम यादव ने बताया की गुवाना गांव बहरोड तहसील का पहला गांव बना है जिसके प्रत्येक घर से भगवान श्री राम मंदिर के लिए समर्पण निधि भेंट की गई।

# राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने अंबेडकर छात्रावास की अव्यवस्था देखकर जताया खेद

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी

अलवर जिले के उपखंड मुख्यालय रैणी में बाबा अंबेडकर के नाम से निर्मित छात्रावास में बच्चो के भविष्य की कोई चिन्ता नही तो बाहर क्या होगा ? छात्रावास को देखकर लगता है बच्चे अपने गॉव से दूर अध्ययन के लिए नही अपितु काला पानी की सजा काटने के लिए आए हो यहॉ। यह बात शुक्रवार देर सॉय रैणी दौरे पर आए राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास ने रैणी के राजकीय अम्बेडकर छात्रावास के निरीक्षण के दौरान छात्रावास की आबादी से दूरी व वहॉ की व्यवस्था को देखकर कही। राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कस्बे से दूर छात्रावास का निर्माण बच्चो के हित में नही है,आज की व्यवस्था को देखकर लगता है कि मेरे कारण ही ऐसा किया गया है व स्थानिय

**ऐसा लगता है अध्ययन के लिए नही अपितु काला पानी की सजा काटने के लिए आए हो यहाँ: गोपाल कृष्ण व्यास**

प्रशासन को निर्देश दिए की गॉव के नजदीक ही अच्छे छात्रावास का निर्माण कराने का प्रस्ताव सरकार को भेजे,इतनी दूर बच्चो का रहना शोभा नही देता,छात्रावास में कुर्सी टेबल नही है,अलमारी टूटी हुई है। अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी समझे। अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के बच्चो के लिए बनाए गए इस छात्रावास का उद्देश्य अच्छा अध्ययन करवाना है न कि उनको यहॉ अभावो में रखकर परेशान करना है। इस दौरान उपखंड अधिकारी स्नेहलता हारीत ने कहा कि कस्तूरबा गॉधी जैसे आवासीय विद्यालय बच्चो के लिए हो तो उसके और अच्छे परिणाम आएगे। इस दौरान रैणी उपखंड अधिकारी स्नेहलता हारीत,पुलिस उपाधीक्षक राजगढ,थानाधिकारी



राजकीय अम्बेडकर छात्रावास में बच्चो की उचित व्यवस्था के लिए एसडीएम रैणी से विचार विमर्श करते अध्यक्ष जीके व्यास

हनुमान सहाय मीणा,सरपंच प्रतिनिधी शिवचरण सैदावत,एडवोकेट शिवसहाय मीणा,समाज कल्याण अधिकारी जीएस नरूका आदि मौजूद रहे। विभिन्न समाजों के अध्यक्ष और ने किया मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष का स्वागत मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन गोपाल कृष्ण व्यास का विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने साफा माला पहनाकर सम्मान किया। अध्यक्ष महोदय ने विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों को मानवाधिकार की जानकारी दी ओर आमजन के हित मे बनाए गए कानूनों को जानकारी दी। व बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों से अब समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को भी न्याय मिलेगा,वकील भी निशुल्क होगा। इसके लिए लीगल अथॉरटी बनाई गई है। यदि कहीं गलत हो रहा हो , अधिकारो का हनन हो रहा हो तो जनहित याचिका लगाए। राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गोविन्द कृष्ण व्यास के छात्रावास में आने की पूर्व सूचना से छात्रावास में चारो तरफ साफ सफाई करवा दी गई थी व कमरो में बच्चो को पढने के लिए बैठा दिया गया। जिसपर आयोग के अध्यक्ष व्यास ने कहा कि बच्चो को देखकर लगता है कि मेरे कारण इनको पढाई के लिए बैठाया हो।

# मां से मिले संस्कारों पर चलकर यहां तक पहुंचा हूं : जितेन्द्र सिंह

## समन्वय मोबाइल एप एवं ई सुविधा केन्द्र का हुआ लोकार्पण

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर । पूर्व केन्द्रीय मंत्री, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं असम राज्य के प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि मुझे जो संस्कार मिले है वे मेरी मां स्व. पूर्व सांसद युवरानी महेन्द्र कुमारी से मिले हैं। उन्हीं के बताए आदर्शों पर चलकर मैं यहां तक पहुंचा हूं। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि उनके जीवनदर्शन को आत्मसात करने से होगी। जितेन्द्र सिंह शनिवार को मोती डूंगरी स्थित श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली के कार्यालय पर स्व. युवरानी महेन्द्र कुमारी जी की पावन स्मृति में आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए समन्वय मोबाइल एप एवं ई सुविधा केन्द्र का लोकार्पण कर रहे थे। उन्होंने स्व. युवरानी के छात्राचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि पूर्व सांसद महेन्द्र कुमारी जी की अलवर जिले के लिए विकास की सकारात्मक सोच को उन्होंने आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि उनका यह सपना था कि अलवर अपने नाम के अनुरूप आदर्श जिला बने जिसके लिए उन्होंने रोड मैप भी तैयार किया था। उन्हीं के प्रयासों से अलवर जिले के विकास की दिशा में जो सिलसिला शुरू हुआ वह अनवरत जारी है। उन्होंने कहा कि स्व. युवरानी का प्राणीमात्र के प्रति दयाभाव और मानवीय दृष्टिकोण उनके व्यक्तित्व की पहचान बना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं श्रम मंत्री टीकाराम जूली द्वारा अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लोगों तथा आमजन की समस्याओं के निस्तारण की दिशा में समन्वयक एप तथा ई सुविधा सेवा शुरू की गई है। संभवतः यह राजस्थान ही नहीं वरन देशभर में पहली अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि आमजन के जीवन से जुड़े दैनिक लंबित कार्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए ये दोनों नवाचार मील के पत्थर साबित होगे। साथ ही इससे गरीब, अशिक्षित, मजदूर व किसान सहित सभी नागरिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि समन्वय मोबाइल एप आमजन की समस्याओं का स्टेटस अपडेट करेगा जिससे लंबित प्रकरणों के निस्तारण में और फरियादी को उसकी सम्पूर्ण जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन दोनों नवाचारों से गरीब व जरूरतमंदों को सरकारी कार्यालयों एवं ई मित्र के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। साथ ही इस पर खर्च होने वाला सरकारी शुल्क भी श्रम राज्यमंत्री जूली द्वारा वहन करने का कार्य वाकई जनहित का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गरीब, अल्पशिक्षित एवं आमजन को आधुनिक समय में ई सुविधा व समन्वय एप के माध्यम से सरकार की योजनाओं में सहायता उल्लेखनीय योगदान सेवा का बेहतर कार्य है।उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे भी इस तरह की सुविधाऐं जनता को राहत देने के लिए शुरू करे।

# मांचल गॉव निवासी रोडवेज परिचालक सतीश शर्मा ने दिया ईमानदारी का परिचय



प्रियंका को पर्स लौटाते रोडवेज चीफ मैनेजर कैलाश और रोडवेज परिचालक सतीश शर्मा।

» मदरलैंड संवाददाता

बहरोड़। बहरोड़ उपखण्ड के माँचल गाँव निवासी राजस्थान रोडवेज परिचालक सतीश शर्मा ने दो दिन पहले बस में मिले पर्स को वापिस लौटाकर एक तरफ ईमानदारी का परीचय दिया। वहीं गॉव का नाम भी रोशन किया। परिचालक सतीश शर्मा ने बताया कि उनको दो दिन पहले बस के अंदर एक पर्स पड़ा मिला था। पर्स को को खोलने के बाद उसमें देखा जिसमे 1200रुपए, एटीएम कार्ड व अन्य दस्तावेज थे साथ ही पर्स के अंदर एक पर्ची पर फोन नम्बर लिखे हुए थे। उन फोन नम्बर पर बात की तो चैमू ( जयपुर ) निवासी महिला प्रियंका ने बताया कि वो दो दिन पहले जयपुर गयी थी जहॉ उसका पर्स खो गया था। जिस पर रोडवेज परिचालक सतीश शर्मा ने महिला को विधाधर रोडवेज डिपो बुलाकर रोडवेज चीफ मैनेजर कैलाश की उपस्थिति में उनका पर्स व दस्तावेज महिला को वापिस लौटा दिया। महिला ने सतीश शर्मा का बहुत आभार जताया। वहीं रोडवेज चीफ मैनेजर कैलाश ने कहा कि सतीश शर्मा रोडवेज का मान बढाया है।

## भाजपा कर रही किसान, मजदूर को मिटाने का षड़यंत्रः उदय

» राज कुमार



हरिद्वार। मिशन 2022 को लेकर सियासी संग्राम शुरू हो चला है। नव वर्ष की शुभकामना के बहाने टिकट के दावेदारों ने क्षेत्र में अपनी जमीन मजबुत करना शुरू कर दिया है। शनिवार को कांग्रेस पसीसी सदस्य उदय सिंह पुंडीर ने क्षेत्र में नव वर्ष के कलेंडर वितरित कर लोगों को कांग्रेस की रीतियो-नीतियों की जानकारी दी। उदय सिंह पुंडीर ने ढंडेरा, नगला इमरती, लंढौरा, मोहनपुरा में डोर-टू-डोर कैम्पेन कर लोगों को कांग्रेस की नीतियों का पाठ पढ़ाया। नगला इमरती में कैम्पेन के दौरान उदय पुंडीर ने कहा कि कांग्रेस ही किसान, मजदूर, छोटे कारोबारियों, युवाओ को आगे बढ़ा सकती है, उनके हितों की रक्षा कर सकती है। आज देश में एक अलग ही विचारधारा की सरकार चल रही है। भाजपा की सोच किसान, मजदूर, युवाओ और लघु व मझोले कारोबारियों को खत्म करने की बनी है। आए दिन बढ़ते रसोई गैस, डीजल, पैंट्रोल के दाम इसका जीता-जागता उदाहरण है। कहा कि एक तो छोटे कारोबारी, किसान, मजदूर की लॉक डाउन में कमर टूट चुकी है ऊपर से सरकार आम जन को महंगाई का करेंट दे रही है। डायन महंगाई हर किसी को खाय जा रही है। किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष देवेश शर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की तर्ज आदेश पर ही राज्य की त्रिवेंद्र सरकार भी चल रही है। पिछले 4 साल से प्रदेश में कोई भर्ती नहीं निकली है, जिससे शिक्षित युवा बेरोजगार घुम रहे हैं। बेरोजगारी ने युवाओ के तमाम सपनों को ग्रहण लगा दिया है। कहा कि अब किसान, मजदूर, युवाओ, छोटे और मझोले कारोबारियों के साथ ही मध्यम वर्ग को भी समझना होगा।

## कराया जाएगा शिक्षकों की समस्याओं का समाधानः पवन सैनी

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। उत्तराखंड प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ हरिद्वार की नवगठित कार्यकारिणी का शनिवार को नारसन स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ब्लॉक कार्यकारणी द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष पवन सैनी, महामंत्री किरत पाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष कौशिक, अखलाख अहमद कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार वरिष्ठ संयक्त मंत्री का माला पहना कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्म सिंह व संचालन मुहब्बत अली ने किया। जिलाध्यक्ष पवन सैनी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों की ओर से कहा कि जनपद में प्रत्येक शिक्षक की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कोई भी शिक्षक अपने आपको अकेला न समझे। संघ प्रत्येक शिक्षक के साथ उसकी ढाल बनकर खड़ा है। महामंत्री कीरत पाल सिंह ने कहा कि संघ का पहला लक्ष्य शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण कराना है। हर स्तर पर शिक्षकों को सम्मान दिलाना और उनकी आवाज बुलंद करना संघ का उद्देश्य है। समारोह में प्रदीप कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, सुशील कुमार सैनी मंत्री, अरुण कुमार कोषाध्यक्ष, सोरण सिंह वरिष्ठ संयुक्त मंत्री, राकेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीपी सिंह मंत्री ब्लॉक रुड़की, अरुण शर्मा ब्लॉक संरक्षक, राजेन्द्र सैनी, जीत पाल सिंह, यशपाल सिंह, प्रतिभा दोलखा, तलत परवीन, बबिता सैनी, अफरोज जहां, संजीदा, अभिलाषा आदि मौजुद रहे।

## किसान, मजदूर को मिटाने में लगी कांग्रेस, भाजपाः आदित्य

» मदरलैंड संवाददाता



झबरेड़ा। बसपा विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक हरिदास के बेटे आदित्य बृजवाल ने कहा कि बसपा ही सभी वर्गो का विकास कर सकती है, बसपा ही किसान, मजदूर, युवा और छोटे व लघु कारोबारियों को सुरक्षित भविष्य दे सकती है। कांग्रेस, भाजपा केवल अपना हित साधने में लगी है। दोनो दलों का मकसद किसान, मजदूर, छोटे कारोबारियों और युवाओ को समाप्त करने का है। आदित्य बृजवाल ने शनिवार को मानकपुर में आयोजित बैठक में लोगों को बसपा की रीतियो-नीतियों से अवगत कराया। कहा कि देश में आज जिन काले कृषि कानूनों को लेकर बवाल मचा हुआ है वह वास्तव में किसान और मजदूर का डेथ वारंट है। मोदी सरकार जानबुझकर देश से किसान, मजूदर को समाप्त करना चाह रही है। उन्होने सवाल उठाया कि जब सरकार किसानों की हितैषी होने के दावे कर रही है तो फिर किसानों के विरोध के बावजूद कृषि कानून वापस क्यूं नहीं लिए जा रहे है। साफ है कि सरकार की नीयत में खोट है। आदित्य बृजवाल ने प्रदेश की त्रिवेंद्र सरकार और कांग्रेस पर भी हमला बोला, कहा कि दोनों कांग्रेस और भाजपा आपस में एक हैं। दोनों दल मिलकर प्रदेश की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं, लेकिन जनता अब दोनों की रजन विरोधी राजनीति को अच्छी तरह से समझ गई हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष आदेश कुमार, चंद्रपाल सिंह, अजीत कुमार, अनूप सिंह, बादशाह खान आदि भी मौजुद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### संतों के खिलाफ जताया रोष

मदरलैंड संवाददाता, हरिद्वार। कनखल सतीघाट स्थित निर्मल अखाड़े की संपत्ति पर 40 वर्षों से किराएदारी पर चली आ रही राजकीय सस्ते गल्ले की दुकान का हिस्सा बिना किसी नोटिस दिए ही गिराए जाने पर सस्ता गल्ला संचालकों में खासा रोष है। अखाड़े के संतों पर दुकान संचालक ने जबरन दुकान तोड़े जाने का आरोप लगाया। सस्ता गल्ला संचालकों ने बिना दुकान संचालक को नोटिस दिए ही दुकान का हिस्सा ढहाए जाने को लेकर अखाड़े के संतों के खिलाफ दी कनखल थाने में तहरीर दी। थोक केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार के चेयरमैन विकास तिवारी के नेतृत्व में सस्ता गल्ला संचालक सुरेश सैनी, कमल शर्मा, विजय सैनी, रघुवीर सिंह, गजेन्द्र सिंह, मोहित चैधरी, वीरेन्द्र कुमार त्यागी आदि ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का हिस्सा जबरन तोड़े जाने को लेकर अखाड़े के संतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रोष जताया।

### अपर मेला अधिकारी ने किया निरीक्षण

मदरलैंड संवाददाता, हरिद्वार। अपर मेला अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने आज लालजी वाला, लालकोठी के निकट तैयार हो रहे होमगार्ड लाइन, वीआईपी कैम्प एवं 10 बेड के निर्मित हो रहे अस्पताल का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। रामजी शरण शर्मा ने निरीक्षण के दौरान लग रहे बिजली के खम्भों, तैयार हो रहे टेण्टों की मजबूती, भूमि का समतलीकरण, निर्मित हो रहे हॉस्पिटल की प्रगति आदि के सम्बन्ध में बारीकी से निरीक्षण किया। अपर मेला अधिकारी ने वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि होमगार्ड लाइन में जो बोल्डर पड़े हैं, उन्हें अन्यत्र डाला जाये तथा भूमि का एक सिरे से समतलीकरण किया जाये। रामजी शरण शर्मा ने लालजी वाला क्षेत्र में ही निर्मित हो रहे 10 बेड के हॉस्पिटल एवं वीआईपी कैम्प का भी निरीक्षण किया तथा उसकी प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये अधिकारियों को निर्देशित किया कि हॉस्पिटल के निर्माण में तेजी लाई जाये। निरीक्षण के दौरान उप मेलाधिकारी अंशुल सिंह, दयानन्द सरस्वती, कमाडेंट, राहुल सचान सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### मेट्रोरूटों पर स्तिथि स्पष्ट करें सरकारः सुनील

मदरलैंड संवाददाता, हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने हरिद्वार में आने वाली योजना मेट्रो पर सरकार को अपनी स्पष्ट नीति जाहिर करने की मांग करते हुए उसके रूटों पर स्पष्टीकरण की मांग उठाई। सुनील सेठी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि कोई भी ऐसी योजना जिससे किसी का व्यापार प्रभावित हो उसे हरिद्वार के हाइवे पर लागू किया जाए न कि मुख्य बाजारों के रूटों पर। क्योंकि खबरों के अनुसार मेट्रो को बाजारों के रूट में लाने की बात सामने आ रही है, जिससे हजारों व्यापारी प्रभावित होगा। पहले से त्रस्त व्यापारी को परेशान करने की बजाय सरकार मेट्रो के रूटों को लेकर अपनी स्तिथि स्पष्ट करें।

### एनसीसी अपर महानिदेशक ने किया मुख्यालय का निरीक्षण

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। एनसीसी निदेशालय उत्तराखण्ड के अपर महानिदेशक केजे बाबू वाईएसएम ने शनिवार को एनसीसी मुख्यालय रुड़की का निरीक्षक किया। इस दौरान उन्होने कैडेटो के प्रशिक्षण, कैम्पो और कई अन्य एनसीसी संबधी गतिविधियां जांची। कोविड़ आपदा के दौरान लॉक डाउन के समय किए गए सराहनीय कार्यो पर विस्तार से ब्यौरा प्रस्तुत किया। मेजर जनरल केजे बाबू वाईएसएम ने एनसीसी मुख्यालय रुड़की व अधीनस्थ इकाइयो द्वारा पिछले वर्ष किए गए कार्यो की सराहना की। उम्मीद जताई कि भविष्य में इसी प्रकार सभी उत्साह अपने-अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेगें। उन्होने अनुशासन और कड़ी मेहनत का पाठ पढ़ाया। कहा कि एनसीसी राष्ट्र व समाज हित के कार्यो के लिए जानी जाती है। इस अवसर पर डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल कपिल राणा के साथ स्थानीय बटालियों के कमान अधिकारी कर्नल राजेंद्र सिंह, कर्नल आरके शर्मा, केसी, एससी, एसएम, कर्नल पीके भट्ट, ले. कर्नल एलबी मल, अपर निदेशक एवं मुख्यालय स्टाफ पीएस नेगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी लता काम्बोज, प्रशासनिक अधिकारी दीपकशर्मा, पुनीत कुमार, दीपक रावत, बुद्धि सिंह आदि मौजुद रहे।

### मैं हमेशा क्षेत्रवासियों के साथः सतीश

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी वीरा नेगी के निवास पर किसान मोर्चा भाजपा मंत्री सतीश नेगी का उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने फूल माला व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी अध्यक्ष श्रीमती पार्वती रावत व वीरा नेगी ने कहा कि सतीश नेगी की ताजपोशी से भाजपा पूरे जनपद में मजबूत होगी। सतीश नेगी उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी है पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुके हैं। क्षेत्र में विकास कार्य कराए क्षेत्र की जनता के साथ सुख दुख में सहयोग करते हैं। मालदेव करासी व सुमित्रा पटवाल ने कहा सतीश नेगी राज्य व देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। वह भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता है। पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते रहेंगे। मधु रावत व राजू कंडियाल ने कहा सतीश नेगी भाजपा पार्टी के सच्चे कार्यकर्ता हैं क्षेत्र के लिए काफी कार्य कराए अपना घर बार छोड़कर पार्टी के लिए मेहनत करते हैं। सतीश नेगी को जिला मंत्री मनोनीत होने पर बधाई दी गई।

## व्यापार मंडल चुनावः अरविंद, हरदीप के बीच छिड़ी सियासी जंग

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल रुड़की के चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। अध्यक्ष पद को लेकर प्रमुख रूप से 5 दावेदार चुनाव मैदान में बने हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला मौजुदा नगराध्यक्ष अरविंद कश्यप और सरदार हरदीप सिंह उर्फ सन्नी के बीच ही नजर आ रहा है। शहर के अधिकतर कारोबारी भी दोनों के बीच ही दिलचस्पी लेते दिख रहे हैं। हालांकि मतदान तिथी अभी दूर है, इस बीच कौन किस पर भारी पड़ता है यह भी देखना दिलचस्प रहेगा। बता दें कि रुड़की में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के चुनाव की तिथियां घोषित कर दी गई है। हालांकि आरोप-प्रत्यारोप के बीच पहली बार व्यापार मंडल चुनाव मीड़िया की सुर्खियों में भी है। प्रशासन ने भी आरोपों के बीच चुनाव को दो सप्ताह के लिए स्थ्गित कर दिया है। इस बीच व्यापार मंडल पदाधिकारियों को तमाम विवादो को समाप्त करने की भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की ओर से हिदायत दी गई है।

मीड़िया की सुर्खियों और प्रशासन की निगरानी में चुनाव धीरे-धीरे कर आगे बढ़ रहा है। मतदान तिथी नजदीक देख प्रत्याशियों ने भी सियासी मैदान मारने को पूरे जोर लगा दिए है। विरोधियों पर सियासी हमले बोलने के साथ ही सभी खुद को व्यापारियों का हितैषी दशार्ने में लगे हैं।

रिश्तों का हवाला देकर वोट मांगे जा रहे हैं तो लोक लुभावन दावे भी खूब किए जा रहे हैं। कई प्रत्याशी तो व्यापारियों को रिझाने के लिए दिन-रात उनके बीच डटे हैं। डोर-टू-डोर प्रत्याशियों का जनसम्पर्क जारी है। शनिवार को भी प्रत्याशियों का जनसम्पर्क अभियान जारी रहा।

अध्यक्ष्ज्ञ पद उम्मीदवार अरविंद कश्यप और सरदार हरदीप सिंह उर्फ सन्नी ने डोर-टू-डोर जनसम्पर्क कर वोट मांगे और व्यापारियों को हर समय उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। कहा कि व्यापारी होने के कारण व्यापारियों की बात करना, उनकी आवाज उठाना उनका पहला लक्ष्य है। उधर सियासी संग्राम के बीच चुनावी तसवीर भी लगभग साफ होती जा रही है। अरविंद कश्यप और सरदार हरदीप सिंह के बीच ही कांटे की टक्कर भी नजर आ रही है।

दूसरे प्रत्याशियों को फिलहाल व्यापारी भाव देते नजर आ नहीं आ रहे हैं। कुछ व्यापारियों को तो यहां तक कहना है कि दूसरे प्रत्याशी वोट खराब करने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। जिस कारण व्यापारी उन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## दलितों ने किया प्रदर्शन, दोषी पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

» मदरलैंड संवाददाता

हरिद्वार। चमार वाल्मीकि महासंघ, भीम आर्मी, बहुजन मुक्ति पार्टी व कांग्रेस कार्यकताओं ने दोषी पार्षदों के खिलाफ नगर निगम परिसर से सीओ सिटी कार्यालय तक प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। चमार वाल्मीकि महासंघ संस्थापक अध्यक्ष भंवर सिंह ने कहा कि 30 जनवरी को नगर निगम हरिद्वार की बोर्ड बैठक में दलित समाज के सहायक नगर आयुक्त के साथ अभद्रता कर सार्वजनिक तौर पर उसका अपमान किया गया। इसके खिलाफ 30 जनवरी को ही दोषियों के खिलाफ कोतवाली हरिद्वार में तहरीर दे दी गई थी, परंतु उसके खिलाफ आज तक कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। उल्टा दोषी पार्षद कुछ अपने साथियों को लेकर पीड़ित सहायक नगर आयुक्त विनोद कुमार के खिलाफ प्रदर्शन को उतर आए। इससे दलित समाज में भारी आक्रोश है।

एससी-एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि अगर पीड़ित अधिकारी की तहरीर पर पुलिस संविधानिक कार्य नहीं कर रही है तो संविधान का पालन करने वाली पुलिस से आम आदमी को न्याय कैसे मिल सकता है। इसलिए दलित समाज के जागरूक लोगों ने प्रदर्शन कर दोषी पार्षदों के खिलाफ प्रदर्शन कर सीओ सिटी से कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है। कहा कि अगर समय रहते दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो दलित समाज धरना प्रदर्शन को बाध्य होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सांसद भगवानदास राठौर, राजेंद्र श्रमिक प्रदेश अध्यक्ष चमार वाल्मीकि महासंघ, डॉ. प्रशांत राठोर, सचिन कुमार, विशाल प्रधान आजाद समाज पार्टी, जिलाध्यक्ष शेखर कुमार, रजनीश कुमार, राशिद अली, सनी, विधि, विकास आशीष कुमार, शुभम, बिरला, संजय कुमार, भानपाल सिंह रवि जिलाध्यक्ष चमार वाल्मीकि महासंघ, नारायण कुमार, दीपक कटारिया, अतर सिंह राठौर ,संजीव बाबा, जितेंद्र तेश्वर युवा महानगर अध्यक्ष, बबीता हरिद्वार महानगर अध्यक्ष बहुजन क्रांति मोर्चा सोहन सिंह, लक्ष्मी, गीता, विमल कुमार, सुनील कुमार, संतरी मौजूद रहे।

## आनन्द स्वरुप आर्य में मना स्थापना दिवस, राष्ट्र सेवा पर दिया जोर

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। आनन्द स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को विद्यालय का 26वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में यज्ञ एवं सांस्कृतिक गीत का आयोजन किया गया। संस्कृताचार्य विवेक पाण्डेय व योगेश शास्त्री ने यज्ञ सम्पन्न कराया। छात्रों ने सांस्कृतिक गीत एवं वेद ऋचाओं से कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय अध्यक्षा कौशल्या देवी आर्या वीडियो संदेश में कहा कि शिक्षा और विद्या का समन्वय बहुत जरुरी है। विद्या आध्यात्मिक और शिक्षा सांसारिक ज्ञान है। उन्होने विद्यालय के होनहार छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक, बौद्धिक एवं खेलकूद क्रिया कलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं परिणामों के लिए शुभकामनायें दी। सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियन्ता उत्तर प्रदेश राजेश कंसल नें कहा कि आज के नौनिहालों में शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास पैदा किये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है। मातृ एवं शिक्षक शक्ति ही छात्रों को नई दिशा देने में सक्षम है। बच्चें राष्ट्र के कर्णधार है विद्यालय का प्रयास है कि बच्चों में तेजस्वी चरित्र का विकास करें। सेवानिवृत्त एनआईएच कार्यकारी निदेशक भीष्म कुमार ने कहा कि विद्या मन्दिरों में दी जाने वाली शिक्षा में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु मातृ भाषा से प्यार, अपनी संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजना, महापुरुषों के पद्चिन्हों का अनुसरण कराये जाने से नौनिहालों को राष्ट्र निर्माण करने में सहायता एवं प्रेरणा मिलती है। विद्यालय उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कुलश्रेष्ठ ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय छात्रों को संस्कारवान शिक्षा प्रदान कर रहे है। समय-समय पर छात्रों को अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसी का परिणाम है कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को पूरा कर रहा है। विद्यालय प्रबन्धक मन मोहन शर्मा ने स्व. डॉ. आर्य के जीवन के संस्मरणों को साझा करते हुए उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की प्रशन्सा की एवं विद्या भारती की योजना का सुविस्तृत परिचय कराया। बताया कि विद्यालय अध्यक्षा माता कौशलया देवी आर्या, राजेश कंसल, अतुल मित्तल, अंजली, संजय अग्रवाल, प्रदीप पाल एवं किरन चैधरी ने विद्यालय के तीनों भवनों में स्वच्छ जल हेतु वाटर कूलर भेंट किये हैं। प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कहा कि विद्यालय के शिक्षक निरन्तर अध्यापन कार्य में नवीनता, रोचकता लाकर नैतिक मूल्यों एवं जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा से शैक्षिक व्यवस्था को सफलतापूर्वक संचालित करने का सफल प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य मोहन सिंह मटियानी, उप प्रधानाचार्य प्रशासन कलीराम भट्ट, संजय, राकेश गिरी, कवीन्द्र, शमा अग्रवाल, आशुतोष कुमार शर्मा, जसवीर सिंह पुंडीर एवं समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निगम ने जमा किए गए बिल भी जोड़ दिए

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। नगर निगम द्वारा गृह कर के बिलों में पूर्व में जमा किया किए गए धन को जोड़कर भेजने का मामला प्रकाश में आया है जिसके चलते लोगों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण सुरक्षा समिति के महासचिव प्रभाकर पंत ने बताया कि नगर निगम ने चाव मंडी निवासी देवकी नंदन गोयल को जो बिल भेजा गया है उसमें पिछले 4 वर्षों का ग्रह कर भी जोड़ दिया गया है। जबकि मकान स्वामी द्वारा पूर्व की रकम को पहले ही जमा करा चुकी है। उनका कहना है कि गृह कर बिल में हो रही गलतियों से लोगों खासतौर पर महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर आयुक्त से मामले की जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, 1 दबोचा

**मदरलैंड संवाददाता, रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने 2 फरवरी को सुनहरा में सेवानीव्रत कर्मचारी के घर हुई लाखों की चोरी के मामले मेंएक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस को चोरी किये गए तमाम जेवरात और लगभग 30 हजार की नगदी बरामद हुई है। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ करने में जुटी हुई है। पकड़ा गया आरोपी अरविंद उर्फ मोनू सुनहरा गांव का निवासी है। एसपी देहात परमेन्द्र सिंह डोभाल ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सुनहरा गांव निवासी सेवा निवृत्त चंद्रपाल ने पुलिस को तहरीर में बताया था कि उसके बन्द मकान से लाखों सोने चांदी के गहने और नगदी चोरी हो गए हैं जिसके चलते पुलिस ने एक टीम बनाकर छानबीन शुरू की तो पुलिस टीम ने आरोपी अरविंद को रूडकी से गिरफ्तार किया। जिसके पास से चोरी किए गए कीमती गहने और लगभग 30 हजार की नकदी बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपी का अपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है। एसपी देहात ने आरोपी अरविंद कुमार को पकड़ने वाली टीम को ढाई हजार का इनाम देने की घोषणा भी की है। आरोपी अरविंद ने बताया कि लॉकडाउन में वह पूरी तरह से बेरोजगार था जिसके पास कोई काम नहीं था इसलिए उसने सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर का ताला तोड़कर कीमती गहने और लगभग 4 लाख कि चोरी की थी।

## सरकार पूरी तरह से किसानों के साथः बत्रा



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। दीन दयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अंतर्गत रूड़की ब्लॉक में 581 किसानों को चेक वितरित किये गए। विधायक प्रदीप बत्रा ने लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और उनका लाभ उठाने की अपील की। रूड़की ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भी 581 लाभार्थियों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण के चेक बांटे गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि यह ऐसी योजना है जो कि किसानों के लिए बहुत लाभकारी है। कोई भी किसान इस योजना का लाभ उठा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का काम किया है वहीं विभिन्न योजनाएं भी किसान हित में चलाई हैं। उन्होंने बताया कि रूड़की ब्लॉक में 581 किसानों को 2 करोड़ 91 लाख 42 हजार की धनराशि आवंटित की गईं है। इस धनराशि में 5 किसानों को तीन तीन लाख के चेक दिए गए। अन्य को 50 हजार से 1लाख एवं अधिक राशि के चेक बांटे गए हैं। विधायक ने कहा कि सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ है। किसान किसी के भी बहकावे में न आए। इस दौरान बीडीओ राजेंद्र प्रसाद सती, रोमा सैनी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मंगलौर, झबरेड़ा के 400 किसानों को किया ऋण वितरित

» मदरलैंड संवाददाता




मंगलौर। नारसन ब्लाक प्रागण में शनिवार को किसानों के लिए 3 लाख का ब्याज मुक्त ऋण वितरण किया गया। इसमें झबरेडा व मंगलौर विधानसभा के 400 किसानो को लाभान्वित किया गया। झबरेडा विधायक देशराज कर्णवाल व राज्य मंत्री सुरेन्द्र मोगा नें दीप जला कर समारोह का शुभारम्भ किया। देशराज ने कहा कियोजना के तहत उत्तराखण्ड के 25 हजार किसानों को खेती किसानी के साथ ही मत्स्य पालन, जड़ी बूटी, मुगीर्पालन, मौनपालन आदि के लिए ऋण दिया गया है। प्रदेश भर में 100 स्थानों, 95 ब्लोक व 5 अन्य स्थानो पर किसानों को एक साथ ऋण वितरण कार्यक्रम किया गया। मुख्यमंत्री व मंत्री धनसिह रावत ने वर्चुअल के माध्यम से सभी कार्यक्रम स्थलों से जुड़कर लोगों से संवाद किया। विधायकं देशराज कर्णवाल ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत 3 लाख रुपये का ब्याज रहित ऋण वितरण का शुभारंभ किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अलावा कार्यक्रम में प्रदेश की 200 कृषि ऋण सहकारी समितियों को कंप्यूटराइजेशन के लिए हार्डवेयर भी वितरित किए गये।

सहकारी समितियों के कंप्यूटराइजेशन पर लगभग 40 करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। इसमें 25 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार के माध्यम से दी जाएगी। मार्च 2021 तक प्रदेश की सभी सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा जहां प्रदेश की सभी समितियां कंप्यूटरीकृत होंगी। वर्चुअल संवाद में सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि किसानों से किए वादे सरकार पूरा कर रही है। प्रदेश के किसानों ने भी सरकार की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। 2017 में सरकार ने किसानों को 2 प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख रुपये का ऋण दिया था। सरकार ने यह बात भी कही थी कि योजना के अच्छे परिणाम सामने आने पर सरकार ब्याज मुक्त ऋण देने का फैसला लेगी।

अब सरकार किसानों को 3 लाख रुपये और समूह को 5 लाख का ब्याज मुक्त ऋण देगी। झबरेडा विधायक ने कहा कि प्रदेश में 20 सालों में पहली बार गन्ने का भुगतान सत्र शुरू होने से पहले किया गया। सरकार का प्रयास है कि धान, गेहूं, गन्ना समेत अन्य फसलों का किसानों को समय पर भुगतान हो। इसके लिए उन्हें इंतजार न करना पड़े।

इस अवसर पर निदेशक सुशील राठी, सतेंद्र प्रधान मोहनपुरा, राजवीर सिह, डॉ जोध सिह, जितेन्द्र सैनी, जगपाल तोमर, महेन्द्र सिंह सैनी मौजुद रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# बजट अर्थव्यवस्था को आगे ले जाएगा, 2020 का दशक भारत का होगा: सिन्हा



**नयी दिल्ली।** भाजपा नेता जयंत सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 का बजट अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे ले जाएगा और यह भारत को महंगाई के बिना वृद्धि के रास्ते पर ले जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2020 का दशक भारत का होगा। वित्त पर संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि इस बजट में निवेश बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देश में लंबे समय तक मुद्रास्फीति के बिना वृद्धि हो। उन्होंने बताया, यह बजट अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाएगा। देश तेजी से सुधार के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है और इसमें बजट से बहुत अधिक फायदा होगा। यह देश को मुद्रास्फीति के बिना वृद्धि के रास्ते पर लंबे समय तक मजबूती से खड़ा रखेगा।

सिन्हा ने कहा कि इस बजट के चलते भारत न सिर्फ चालू वित्त वर्ष में मजबूत सुधार हासिल करेगा, बल्कि आने वाले वर्षों में भी सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जारी रहेगी। वह मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में वित्त राज्य मंत्री भी थे। उन्होंने कहा, यह बजट और पिछले छह वर्षों में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा किए गए सुधार के चलते 2020 का दशक भारत का दशक होगा। राजकोषीय घाटे के बारे में उन्होंने कहा कि इस साल राजकोषीय घाटे के आंकड़े में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) पर खर्च शामिल है। उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटे को देखने के अलावा यह भी ध्यान रखना चाहिए कि इन अतिरिक्त संसाधनों का इस्तेमाल कहां किया गया। सिन्हा ने कहा कि इस संसाधनों का इस्तेमाल कोरोना वायरस महामारी के दौरान गरीबों को राहत देने के लिए किया गया।

# गूगल का नया कारनामा, स्मार्टफोन कैमरे से पता लगा सकेंगे हृदय की धड़कनें



**नई दिल्ली।** इंटरनेट सर्च इंजन गूगल अपने यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए नए-नए फीचर लाता रहता है। इसी कड़ी में कंपनी ने अब पिक्सल स्मार्टफोन्स के गूगल फिट ऐप में नए हार्ट रेट और रेस्पिरेटरी मॉनिटर देने की घोषणा की है। यह फीचर इस महीने के आखिर तक सभी यूजर्स के लिए रोलआउट किया जाएगा। हालांकि, कंपनी ने इस फीचर के रोलआउट किए जाने की तारीख के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है।

खास बात है कि गूगल पिक्सल डिवाइसेज के लिए आने वाले ये दोनों फीचर स्मार्टफोन कैमरे की मदद से काम करेंगे। यूजर के हार्ट रेट को मॉनिटर करने के लिए यह फिंगरटिप्स से होकर गुजरने वाले ब्लड के कलर में होने वाले बदलाव को ट्रैक करेगा। वहीं, दूसरे तरफ रेस्पिरेटरी मॉनिटर यूजर के चेस्ट के राइज ऐंड फॉल को ट्रैक करेगा। कंपनी के एक हेल्थ प्रॉडक्ट मैनेजर ने बताया कि डॉक्टर भी किसी मरीज के रेस्पिरेटरी रेट को सांस लेने के दौरान चेस्ट के ऊपर उठने और नीचे जाने से ट्रैक करते हैं। गूगल का रेस्पिरेटरी मॉनिटर भी इसी तरीके का इस्तेमाल करता है। कंपनी ने कहा कि इस फीचर को इसलिए रोलआउट किया जा रहा है ताकि इसकी मदद से यूजर अपनी ओवलऑल हेल्थ को ट्रैक कर सकें। इसके साथ ही कंपनी ने यह भी कहा कि ये दोनों मॉनिटर मेडिकल कंडिशन का अंदाजा नहीं लगा सकते। गूगल पिक्सल फोन्स के लिए आया हार्ट रेट मॉनिटर काफी हद तक सैमसंग के गैलेक्सी एस10 जैसे कुछ डिवाइसेज में मिलने वाले फीचर्स की तरह ही काम करता है। हालांकि, सैमसंग ने इस फीचर को गैलेक्सी एस10ई, गौलेक्सी एस20 सीरीज और उसके बाद लॉन्च हुए स्मार्टफोन्स में से हटा दिया है।

## एचसीएल ने एयरबस के साथ डिजिटल कार्यस्थल सेवा समझौता किया

**नई दिल्ली।** प्रमुख आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नालॉजीज ने एयरबस के साथ पांच साल का डिजिटल कार्यस्थल सेवा समझौता किया है। हालांकि इस समझौते के वित्तीय विवरण की जानकारी नहीं दी गई। कंपनी ने कहा कि एचसीएल वैश्विक स्तर पर एयरबस के अधिकांश कर्मचारियों की सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एक आधुनिक डिजिटल कार्यस्थल स्थापित करेगी।

एचसीएल टेक्नालॉजीज के कार्यकारी उपाध्यक्ष (ब्रिटेन तथा आयरलैंड, फ्रांस और बेनेलक्स) संदीप सक्सेना ने कहा कि हमें एयरबस के साथ डिजिटल कार्यस्थल परिवर्तन यात्रा में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदार बनने की खुशी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छोटे निवेशक भी सीधे सरकारी बांड में कर सकेंगे निवेश

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छोटे निवेशकों को सौगात देते हुए सरकारी सिक्योरिटीज (जी-सेक) की खरीद के लिए सीधे केंद्रीय बैंक में अपना खाता खुलवाने की व्यवस्था का ऐलान किया है। जी-सेक को बॉन्ड के रूप में जाना जाता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि अब खुदरा निवेशक रीटेल डायरेक्ट के जरिए सीधे सरकारी बॉन्ड खरीद पाएंगे। इस व्यवस्था के आ जाने से भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो सरकारी सिक्योरिटीज में खरीद-बिक्री के लिए सीधा एक्सेस देते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आरबीआई के इस कदम से सरकार को कर्ज लेने के लिए एक बड़ा साधन मिल जाएगा। अगले वित्त वर्ष में सरकार द्वारा 12 लाख करोड़ रुपए के उधारी लक्ष्य को पूरा करने के मद्देनजर केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि इस कदम से खासतौर से गिल्ट बाजार और व्यापक रूप से ऋण बाजार का विस्तार होगा। इस तरह आरबीआई ने सरकार के लिए उधार लेने का एक बड़ा और अनंत रास्ता खोल दिया है, जैसा कि अभी घरेलू शेयर बाजार में किया जाता है। हालांकि, अंतर यह है कि ऐसा आरबीआई की निगरानी में होगा।

### सेंसेक्स और निफ्टी लगातार पांचवे दिन बढ़त के साथ बंद

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच कारोबार हुआ। हालांकि सप्ताह के आखिर में सेंसेक्स और निफ्टी लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि कारोबार के दौरान दोनों प्रमुख सूचकांकों ने नई बुलंदियों को छुआ। सेंसेक्स बीते सत्र से 117.34 अंकों की तेजी के साथ 50,731.63 पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान सेंसेक्स पहली बार 51,000 के ऊपर तक उछला। निफ्टी भी बीते सत्र से 28.60 अंकों की तेजी के साथ 14,924.25 पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान निफ्टी 15,000 के मनोवज्ञानिक स्तर को पार कर गया। शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बीएसई का प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान सेसेंक्स 440 अंकों से ज्यादा की तेजी के साथ 46,728.83 पर खुला और 2,314.84 अंक की जोरदार तेजी के साथ 48,600.61 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 130 अंक की बढ़त के साथ 13750 पर खुला और646.60 अंकों की मजबूती के साथ 14,281.20 के स्तर पर बंद हुआ।

### पीएनबी को तीसरी तिमाही में 506 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 506.03 करोड़ रुपए रहा। फंसे कर्ज में कमी से बैंक का लाभ बढ़ा है। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में बैंक को 492.28 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक की कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 23,298.53 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2019-20 की तीसरी तिमाही मे 15,967.49 करोड़ रुपए था। एकीकृत आधार पर बैंक का लाभ 2020-21 की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में 585.77 करोड़ रुपए रहा। इससे पूर्व वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बैंक को 501.93 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। एकीकृत आय आलोच्य तिमाही में 23,639.41 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2019-20 की इसी तिमाही में 16,211.24 करोड़ रुपए थी। हालांकि पीएनबी ने कहा कि ताजा परिणाम की तुलना 2019-20 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही से नहीं की जा सकती क्योंकि उस समय के आंकड़े विलय के पूर्व के थे। एक अप्रैल, 2020 से पीएनबी में यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया और ओरिएंटल बैंक ऑफ कामर्स का विलय प्रभाव में आया।

### एल आई सी द्वारा लॉक डाउन हीरोस सेन्ट्रल रेल्वे मुंबई के मोटरमैनों का सम्मान

मुंबई। वैश्विक महामारी के युग ने पूरी दुनिया को एक ठहराव में ला दिया। लेकिन सेंट्रल रेलवे, मुंबई के पहिए नहीं रुके। जब पूरी दुनिया कोरोना के कारण अपने घरों तक सीमित थी, लॉकडाउन हीरोज ने ट्रेन को चलाकर आवश्यक सामग्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाया। दिनांक 2 फरवरी, 2021 को भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक विपिन आनंद ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के हेरिटेज बिल्डिंग में आयोजित एक समारोह में सेंट्रल रेलवे, मुंबई के मोटरमैन, तकनीकी कर्मचारियों व सुरक्षा अधिकारियों को विकास राव, क्षेत्रीय प्रबन्धक पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय और राजीव नायर, कार्यकारी निदेशक, निगमित सम्प्रेषण तथा शलभ गोयल, डी.आर.एम, मध्य रेलवे की उपस्थिति में सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एलआईसी, अपने अभिकताओं, विकास अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ अपने आप में एक अद्वितीय काम कर रहा है।

# जॉनसन एंड जॉनसन की एकल खुराक कोरोना वैक्सीन रेडी



**नई दिल्ली।** शिशुओं को उत्पाद बनाने वाली वैश्विक कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन ने सिंगल डोज कोरोना वैक्सीन के आपाताकालीन इस्तेमाल के लिए अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से मंजूरी मांगी है। जॉनसन एंड जॉनसन ने खुद इस बात की पुष्टि की है। दवाई कंपनी ने अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के पास इसकी मंजूरी के लिए आवेदन भेजा था। हाल ही में जॉनसन एंड जॉनसन के एक एक्सपेरीमेंट में भी कोविड-19 वैक्सीन के सिंगल शॉट का लंबे समय तक इम्यून पर रिस्पॉन्स देखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 29 दिनों के भीतर करीब 90 फीसदी वॉलंटियर्स के शरीर में इम्यून प्रोटीन बना, जिसे न्यूट्रिलाइजिंग एंटीबॉडी कहा जाता है। जबकि 57 दिनों के अंदर सभी वॉलंटियर्स ने एंटीबॉडी जनरेट की। ट्रायल के पूरे 71 दिनों तक इम्यून पर इसका असर देखा गया। इस वैक्सीन की अच्छी बात यह है कि इसे एक बार ही लगाना होता है। जबकि अब तक इस्तेमाल की जा रही फाइजर/बायोएनटेक और मॉर्डना वैक्सीन के दो शॉट्स लगाना अनिवार्य होता है। जॉनसन एंड जॉनसन का एक शॉट अमेरिका में चल रहे टीकाकरण को और भी आसान कर सकता है। कंपनी के आवेदन के बाद नियामक डाटा का निरीक्षण करेगा और सलाहकार समिति के साथ बैठक करने के बाद ही इसके इस्तेमाल की मंजूरी देगा।

बता दें, भारत में कोविड-19 के खिलाफ 16 जनवरी से वैक्सीनेशन प्रोग्राम शुरू हो चुका है। इस अभियान में सीरम इंस्टिट्यूट की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन से लोगों को वैक्सीनेट किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 14 दिन के अंतराल में वैक्सीन के दो शॉट दिए जाएंगे। हालांकि, एक सवाल ये भी उठता है कि वैक्सीन लगने के कितने दिन बाद तक किसी इंसान का शरीर इंफेक्शन से बचा रहेगा। यानी वैक्सीन से शरीर में बनी एंटीबॉडी कितने दिन तक रहेगी। पिछले साल दिसंबर महीने तक, अमेरिका में मॉडर्ना और फाइजर-बायोएंडटेक की वैक्सीन लाखों लोगों को दी गई थी। सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन (सीडीसी) ने इन दोनों वैक्सीन का इफेक्टिवनेस रेट 95 प्रतिशत के आस-पास बताया था। लेकिन ये वैक्सीन कितने समय तक इम्यूनिटी को बनाए रखती हैं? ये अभी तक रहस्य बना हुआ है। हालांकि, पूरी दुनिया में विशेषज्ञों का मानना है कि समय और आगामी शोध के आधार पर ही इसे बारे में निश्चित तौर पर कुछ कहा जा सकता है। ऑरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर ग्लोबल हेल्थ के डायरेक्टर चुन्हुई ची के मुताबिक, कोविड-19 की वैक्सीन लगने के बाद शरीर में निश्चित समय के लिए इम्युनिटी रहती है। इससे बचने के लिए हमें हर साल भी वैक्सीन लगवाने की जरूरत पड़ सकती है।

# दिल्ली में सस्ता हुआ मकान



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने छह महीने के लिए आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों के सर्कल रेट में 20 फीसदी की कमी करने का फैसला लिया है। केजरीवाल कैबिनेट के इस फैसले से दिल्ली में 30 सितंबर 2021 तक आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक संपत्तियों से संबंधित सर्कल रेट कम रहेंगे। इससे राजधानी में संपत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को फायदा होगा। साथ ही कोरोना-काल में आर्थिक संकट से जूझ रहे रियल एस्टेट सेक्टर को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सर्किल रेट में 20 फीसदी की कमी से स्टैंप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन शुल्क से सरकार की होने वाली आय में एक फीसदी के करीब असर पड़ेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कोरोना के दौर में हुए आर्थिक नुकसान से अब धीरे-धीरे उबर रहे हैं। ऐसे में सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह आम आदमी पर बोझ कम करने के लिए सभी कदम उठाए। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस फैसले से प्रॉपर्टी खरीदने वालों को राहत मिलेगी। राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि अब अधिक से अधिक लोगों को अचल संपत्ति में निवेश के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। कोरोना-काल में दिल्ली समेत देशभर में रियल एस्टेट सेक्टर में मंदी देखी गई है। इस दौरान लाखों कामगारों की नौकरियां भी चली गईं। जानकारों का कहना है कि जिस तरह महाराष्ट्र सरकार के स्टैंप डयूटी आधी करने से वहां रियल एस्टेट सेक्टर फिर चमका था। वैसी ही उम्मीद दिल्ली के लिए की जा सकती है।

## सोना गिरा, चांदी उछली

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में शक्रवार को सोने की कीमतें गिरी हैं। सोने की कीमतों में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में कमी दर्ज की गयी है। दिल्ली में शुक्रवार को सोना 163 रुपए की गिरावट के साथ 46,738 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,901 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था पर चांदी की कीमत 530 रुपये के लाभ के साथ 67,483 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो पिछले कारोबारी सत्र में 66,953 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर थी।

दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना लाभ के साथ 1,810 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी 26.71 डॉलर प्रति औंस पर बनी रही।

# ग्राहकों को पसंद आ रही नई टोयोटा फॉर्च्यूनर

● लॉन्च के एक महीने बाद ही बुकिंग आंकड़ा 5000 के पार




**नई दिल्ली।** टोयोटा ने 6 जनवरी को भारत में अपनी लोकप्रिय फुल साइज एसयूवी फार्च्यूनर के दो वेरिएंट्स लॉन्च किए थे। अब कंपनी ने बताया है कि नई फार्च्यूनर और इसके लेजेंडर वेरिएंट को भारत में खूब पसंद किया जा रहा है और इसकी बुकिंग एक महीने के अंदर ही 5 हजार के पार हो गई है। नई फॉर्च्यूनर को 29.98 लाख रुपये की शुरूआती एक्स शोरूम कीमत और लेजेंडर वेरिएंट को 37.58 लाख रुपये की शुरूआती (एक्स-शोरूम) कीमत पर लाया गया है। फॉर्च्यूनर के इन दोनों ही मॉडल्स को अपडेटेड एक्सटीरियर और इंटीरियर के साथ भारत में लॉन्च किया गया है। फॉर्च्यूनर में अब वेंटिलेटेड सीट्स और कनेक्टेड फीचर्स भी दिए गए हैं जिससे ग्राहकों का ड्राइविंग एक्सपीरियंस पहले से कहीं ज्यादा बेहतर हो जाएगा। ये सीट्स कारों में मिलने वाली आम सीट्स से काफी अलग होती हैं। इनमें आपको वेंटिलेशन सिस्टम दिया जाता है, जिसके एक बार ऑन करने पर आपके बैक एरिया को अच्छी खासी कूलिंग मिलती है। आम एयर कंडीशनर से आपको कूलिंग मिलने में कुछ मिनटों का समय लगता है, लेकिन वेंटिलेटेड सीट्स तेजी से ठंडक महसूस करवा देती हैं। फॉर्च्यूनर फेसलिफ्ट और लेजेंडर दोनों ही मॉडल्स में आपको ये सीट्स दी गई हैं।

नई टोयोटा फॉर्च्यूनर में फ्रंट ग्रिल को एक नया डिजाइन, पतले बाई-एलईडी हेडलैंप, नए एलईडी डीआरएल, नया फ्रंट बम्पर, छोटा फोग लैंप व सिल्वर स्किड प्लेट दी गई है। इसमें नई एलईडी टेललाइट के अलावा मल्टी स्पोक अलॉय व्हील्स भी मिलते हैं। यह सामने से अधिक अग्रेसिव लगती है, इसमें पतली फ्रंट ग्रिल और ऊंचा फ्रंट बम्पर लगाया गया है। इसमें नए व अलग एलईडी हेडलैंप दिए गई हैं जो इसे प्रीमियम लुक देती है। पावर बैक डोर के लिए किक सेंसर इसमें मिलता है। नई टोयोटा फॉर्च्यूनर के इंटीरियर में 8 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम लगा है जो एप्पल कारप्ले व एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। नई फॉर्च्यूनर में एलईडी एम्बिएंट लाइटिंग, अपडेटेड इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, मल्टी फंक्शन स्टीयरिंग व्हील, वायरलेस फोन चार्जर और कनेक्टेड कार तकनीक जैसे फीचर्स मिलते हैं। नई टोयोटा फॉर्च्यूनर में जेबीएल स्पीकर, सबवूफर के साथ दिए गए हैं। इसमें तीन ड्राइविंग मोड्स ईको, नार्मल व स्पोर्ट मिलते हैं।

# आरबीआई ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने सही दिशा तय की: बैंक



**नई दिल्ली।** बैंकिंग विशेषज्ञों ने कहा कि बजट के बाद आई आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सही रुख अपनाया गया है और नकदी को बढ़ावा देने के साथ ही वित्तीय बाजारों में घरेलू बचत को बढ़ाने के लिए पर्याप्त उपाए किए गए हैं। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि आरबीआई की नीतिगत घोषणा में ऋण प्रबंधन के लिए एक सुव्यवस्थित, निर्बाध और सुगम नकदी प्रबंधन नीति को बनाए रखने के लिए जो भी जरूरी हो, उसे स्वीकार किया गया और जारी रखा गया है। बढ़ी हुई एचटीएम सीमा का विस्तार, एमएसएफ के तहत धन की उपलब्धता में छूट और एनबीएफसी की टीएलटीआरओ सीमा के विस्तार से ऋण प्रवाह और नकदी प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यह नीति समीक्षा और आम बजट वृद्धि को फिर से जीवंत करने के लिए आदर्श साबित हो सकते हैं। पंजाब नेशनल बैंक के एमडी और सीईओ एसएस मल्लिकार्जुन राव ने कहा कि नीति समीक्षा पूरी तरह केंद्रीय बजट की पूरक है और इसके वृद्धि को बल मिलेगा। बंधन बैंक के एमडी और सीईओ चंद्र शेखर घोष ने सूक्ष्मवित्त के लिए नियामक ढांचे की समीक्षा करने की आरबीआई की योजना का स्वागत किया। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री समीर नारंग ने भरोसा जताया कि दरों में कटौती की निचली सीमा आ चुकी है, हालांकि नकदी बनी रहेगी। बैंक ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ एके दास ने कहा कि आरबीआई की नीति से आर्थिक वृद्धि में तेजी आएगी।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। कल दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दाम 30-30 पैसे बढ़ गए थे। इसके एक दिन पहले 35 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी। दिल्ली में पेट्रोल 86.95 रुपए प्रति लीटर और डीजल 77.13 रुपए प्रति लीटर है। ये दाम ऑल टाइम हाई पर हैं। दिल्ली में पेट्रोल कल के भाव में 86.95 रुपए प्रति लीटर डीजल 77.13 रुपए प्रति लीटर हैं।

मुंबई में भी पेट्रोल के दाम 93.49 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 83.99 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 88.30 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 80.71 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 89.39 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 82.33 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 89.85 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 81.76 रुपए प्रति लीटर हैं।

## टीवीएस आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च



**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी टीवीएस मोटर ने नई दिल्ली में टीवीएस आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च कर दिया है। इस स्कूटर को भारत में 1,08,012 रुपये (एक्स-शोरूम) कीमत पर लॉन्च किया गया है। ये स्कूटर दिल्ली की कुछ चुनिंदा डीलरशिप्स में उपलब्ध होगा। टीवीएस आईक्यूब इलेक्ट्रिक को मूल रूप से एक साल पहले बेंगलुरु में लॉन्च किया गया था। कंपनी का कहना है कि उसने ह्यमहामारी के बावजूद ग्राहकों से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया देखी है।

आपको बता दें कि ये स्कूटर महज 4.2 सेकंड में 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है। अगर इस स्कूटर की टॉप स्पीड की बात करें तो ये 78 किमी प्रति घंटा है। ये स्कूटर सिंगल चार्ज में 75 किमी की अधिकतम रेंज हासिल कर सकता है। फीचर्स के लिहाज से यह स्कूटर कंपनी के नेक्स्ट-जेन टीवीएस स्मार्ट एक्स कनेक्ट प्लेटफॉर्म के साथ आता है और यह एडवांस टीएफटी क्लस्टर और टीवीएस आईक्यूब एप से भी लैस है। कनेक्टिविटी ऐप कई विशेषताएं जैसे जियो-फेंसिंग, नेविगेशन असिस्ट, रिमोट बैटरी चार्ज स्टेटस, लास्ट पार्क लोकेशन, इनकमिंग कॉल अलर्ट/एसएमएस अलर्ट आदि को सपोर्ट करता है। यह डे और नाइट डिस्प्ले, क्यू-पार्क असिस्ट, मल्टी-सलेक्ट इकोनॉमी और पावर मोड और रीजनरेटिव ब्रेकिंग जैसे इनोवेटिव फीचर्स के साथ मार्केट में अवेलेबल है।

# स्ट्रोक्स होने की स्थिति में गोल्डन पीरियड सबसे महत्वपूर्ण



**लुधियाना।** भारत एक और गैर-संक्रामक बीमारी का सामना कर रहा है जिसे स्ट्रोक कहते हैं और अब यह मृत्यु व विकलांगता की तीन प्रमुख वजहों में से शामिल हो चुका है। हम सभी जानते है स्ट्रोक या ब्रेन अटैक हमारे देश में मृत्यु की एक मुख्य वजह है। हाल के समय के दौरान जीवनशैली में आए बदलाव ने भी स्ट्रोक के बढ़ते मामलों में योगदान दिया है विशेष तौर पर युवाओं में। स्ट्रोक रोगियों के सामने समय पर और सही स्ट्रोक देखभाल मिलने संबंधी कई चुनौतियां होती हैं।

ब्रेन स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी होती है जिसमें रक्त आपूर्ति बाधित होने से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। स्ट्रोक के लक्षण में चलने, बोलने और समझने में मुश्किल होने के साथ ही लकवा मारना या चेहरे, हाथ या पैर में सुन्नपन होना शामिल है। स्ट्रोक रोगियों के बढ़ते मामलों के कारण राष्ट्र के स्वास्थ्य पर पड़ते बोझ को देखते हुए ऐसे सेंटरों की संख्या त्वरित रूप से बढ़ाने की आवश्यकता है जो रोगियों को न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से संबंधित समग्र व केंद्रित इलाज उपलब्ध कराएं। यह बात कम लोग ही जानते हैं कि कार्डियक अटैक की स्थिति की तरह ही अगर ब्रेन स्ट्रोक पडे पर रोगी को गोल्डन पीरियड' कहलाने वाले चार घंटे के भीतर सही इलाज मिल जाए तो उसे 100 प्रतिशत ठीक करना संभव है। त्वरित और जल्द कार्रवाई से मस्तिष्क को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है जिससे जटिलताएं सीमित हो जाती हैं और अतिरिक्त स्ट्रोक होने का खतरा भी रुक जाता है।

डॉ. किशन राज, सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी, आईबीएस हॉस्पिटल और थ्रोम्बोलाइटिक थेरेपी विशेषज्ञ ने बताया, स्ट्रोक की स्थिति में तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता होती है और प्री-हॉस्पिटल देखभाल, केंद्रित स्ट्रोक सेवाओं, समग्र थ्रोम्बोलाइसिस इलाज और स्ट्रोक के लिए समग्र रिहैबिलिटेशन सेवाओं का अभाव कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनके तुरंत समाधान की आवश्यकता है। स्ट्रोक के रोगियों की नियमित देखभाल अन्य कमी है क्योंकि इससे रोगियों की हालत में लगातार गिरावट आती है। ऐसे सेंटरों की संख्या बहुत कम है जो इस अंतर की भरपाई कर स्ट्रोक के कारण होने वाले मौतों व विकलांगता को कम कर स्ट्रोक रेडी और आखिर में स्ट्रोक फ्री भारत बनाने में मदद कर रहे हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.85 अरब डॉलर बढ़कर 590.18 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 4.85 अरब अमरीकी डॉलर बढ़कर 590.18 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले 22 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 1.09 अरब डॉलर बढ़कर 585.33 अरब अमरीकी डॉलर हो गया था। आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान मुद्रा भंडार में बड़ा इजाफा विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) के रूप में हुआ, जिसकी कुल भंडार में एक बड़ी हिस्सेदारी है। आरबीआई के साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक एफसीए 5.03 अरब डॉलर बढ़ाकर 547.22 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# रुट के दोहरे शतक से इंग्लैंड का विशाल स्कोर, 555/8

**चेन्नई।** कप्तान जो रुट के शानदार दोहरे शतक 218 और ऑलराउंड बेन स्टोक्स की 82 रनों की अर्धशतकीय पारी की सहायता से मेहमान टीम इंग्लैंड ने भारतीय टीम के साथ खेले जा रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 555 रन बना लिए थे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय डॉमनिक बेस 28 और जैक लीच 6 रन बनाकर खेल रहें थे।

वहीं भारत की ओर से तेज गेंदबाज इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह के अलावा अनुभवी स्पिनर आर अश्विन व शाहबाज नदीम ने दो-दो विकेट लिए।

दूसरे दिन के खेल का आकर्षण कप्तान रुट का दोहरा शतक रहा। रुट अपनी शानदार बल्लेबाजी से सौवें टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बन गये हैं। रूट ने 100वें मैच में छक्के की मदद से दोहरा शतक पूरा किया। रूट ने अपनी इस पारी के दौरान 19 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

वहीं स्टोक्स ने 3 छक्के की मदद से 82 रन बनाए। भारतीय टीम को दूसरे दिन पहली सफलता लंच के बाद मिली। स्टोक्स को युवा बल्लेबाज शहबाज नदीम ने अपनी गेंद पर कैच




आउट कर एक अहम साझेदारी को तोड़ा। तेज गेंदबाज ईशांत ने लगातार दो गेंदों पर 2 विकेट लिए। ईशांत ने इंग्लैंड की पारी के 170वें ओवर की दूसरी गेंद पर जोस बटलर को बोल्ड किया। बटलर 30 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इशांत ने अगली गेंद पर जोफ्रा आर्चर को भी पेवेलियन भेज दिया। आर्चर भी खाता भी नहीं खोल सके।

154वें ओवर की आखिरी गेंद पर नदीम ने दोहरा शतक जड़कर इतिहास रचने वाले रूट को एलबीडब्लयू आउट किया। रूट ने हालांकि रिव्यू लिया था, लेकिन वह स्टंप्स के सामने पकड़े गए और उन्हें पेविलियन लौटना पड़ा।

रूट और स्टोक्स के आउट होने के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। ओली पॉप 34 रन जककि बटलर 30 रनों पर ही पेवेलियन लौट गये वहीं अश्विन ने 153वें ओवर की दूसरी गेंद पर ओली को आउट किया। वह भी एलबीडब्लयू आउट हुए। पोप ने 89 गेंदों में 3 चौके की मदद से 34 रन की पारी खेली। रूट ने टेस्ट क्रिकेट में पांचवां दोहारा शतक लगाया है। रूट ने 341 गेंदों पर 200 रन पूरे किए।

उन्होंने इस दौरान 19 चौके और 2 छक्के लगाए।

स्पिनर शाहबाज नदीम ने अपने 30वें ओवर की पहली गेंद पर स्टोक्स को चेतेश्वर पुजारा के हाथों कैच करा दिया। स्टोक्स 118 गेंदों पर 82 रन बनाकर आउट हुए। रूट और स्टोक्स के बीच चौथे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी हुई।इससे पहले सुबह रूट और बेन स्टोक्स के बीच 92 रन की नाबाद साझेदारी के दम पर इंग्लैंड ने लंच तक पहली पारी में 3 विकेट पर 355 रन बना लिए थे। रूट 277 गेंदों पर 156 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि स्टोक्स 98 गेंदों पर 63 रन बनाकर नाबाद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कुलदीप को टीम में नहीं रखने पर हैरान हैं वान

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल नहीं किये जाने के लिए भारतीय टीम प्रबंधन की आलोचना की है। वान ने कहा कि कुलदीप को टीम में जगह नहीं दिये जाने का कोई कारण समझ में नहीं आ रहा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि कुलदीप पिछले तीन महीनों से ही बेंच पर बैठे नजर आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई दौरे में भी उन्हें केवल एक बार ही खेलने का अवसर मिला। चोटिल होने के कारण ऑलराउडर रविंद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में पूर्व खिलाडियों का मानना था कि कुलदीप को अंतिम ग्यारह में जगह मिलना तय है। वान ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, कुलदीप को टीम में नहीं रखने का भारत का हास्यास्पद फैसला, इससे मुझे हैरान हुई है। अगर खिलाडियों के चोटिल होने के कारण उन्हें घरेलू पिचों पर खेलने का मौका नहीं मिल रहा है तो फिर उन्हें कब अवसर मिलेगा यह समझ से परे है। गौरतल है कि भारत ने कुलदीप की जगह युवा शाहबाज नदीम को जगह दी है।

### श्रीसंत और अर्जुन तेंदुलकर भी आईपीएल नीलामी के लिए शामिल

मुम्बई। पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को भी 18 फरवरी को चेन्नई में होने वाली आईपीएल 2021 सत्र की नीलामी के लिए शामिल किया गया है। अर्जुन ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूनार्मेंट में मुंबई की ओर से खेला था वह पिछले कुछ वर्षों से मुंबई इंडियंस के साथ अभ्यास कर रहे थे। नीलामी के लिए उनका आधार मूल्य 20 लाख रुपए रखा गया है। वहीं आईपीएल 2013 में स्पॉट फिक्सिंग के कारण प्रतिबंधित रहे श्रीसंत का निलंबन पिछले साल ही में खत्म हुआ था उन्होंने हाल ही में मैदान में वापसी करते हुए मुश्ताक अली में केरल की ओर से खेला था। श्रीसंत का आधार मूल्य 75 लाख है। इन दो खिलाडियों के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स से रिलीज किए गए बल्लेबाज केदार जाधव का आधार मूल्य दो करोड़ और चेन्नई के ही पूर्व खिलाड़ी ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का भी आधार मूल्य दो करोड़ तय किया गया है। हरभजन यूएई में हुए आईपीएल 2020 के सत्र से बाहर रहे थे और उस समय ऐसी उम्मीद लगायी जा रही थी कि वह संन्यास लेंगे लेकिन उनके पंजीकृत खिलाडियों की सूची में शामिल होने से उनकी संन्यास लेने की अफवाहों पर विराम लग गया है। वहीं टीम इंडिया के अन्य बल्लेबाज हनुमा विहारी का आधार मूल्य एक करोड़ जबकि चेतेश्वर पुजारा का मूल्य 50 लाख तय किया गया है।

### जेहान दारूवाला ने एशियाई फामूर्ला थ्री चैम्पियनशिप जीती

अबुधाबी। भारत के जेहान दारूवाला ने लगातार दूसरी बार एशियाई फामूर्ला थ्री चैम्पियनशिप जीती है। मुंबई फालकन्स की ओर से खेलते हुए जेहान ने कड़ी मेहनत करते हुए दूसरी रेस में जीत दर्ज की और इसी के साथ ही पोडियम स्थान की हैट्रिक पूरी की। वह तीसरी रेस में दूसरे स्थान पर रहे थे। इससे वह चैम्पियनशिप में बढ़त बनाने में भी सफल रहे। वहीं फ्रांस के इसाक हदजार दूसरे स्थान पर रहे जबकि चैम्पियनशिप में नंबर एक पर चल रहे गुनायू झोऊ एक स्थान नीचे खिसक गये जिससे डिनो बेगानोविच तीसरे स्थान पर रहे। रेसिंग का तीसरा दौर भी अबुधाबी में ही ही होगा।

### घरेलू क्रिकेट पर ध्यान देंगे बैंटन

लंदन। इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम बैंटन ने कहा है कि वह इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने की जगह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने पर ध्यान देंगे। बैंटन के अनुसार वह इसके लिए लाल गेंद के घरेलू क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। पिछले साल आईपीएल में इस खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से केवल दो मैच ही खेलने को मिले थे। उन्होंने कहा कि वह बेंच पर बैठे रहने की जगह क्रिकेट खेलना चाहते हैं। बैंटन ने कहा, ''बचपन से मुझे आईपीएल टूनार्मेंट देखना पसंद था। लेकिन मुझे लगता है कि मैं अब उस दौर में हूं जहां मुझे बेंच पर बैठने की जगह क्रिकेट खेलने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''पिछले साल ने मुझे थोड़ी चीजें समझा दीं, निश्चित रूप से ये सभी टूनार्मेंट अच्छे हैं पर इनमें मुझे काफी समय बेंच पर बैठा रहना पड़ा। ऐसे में मुझे बल्लेबाजी और क्रिकेट खेलने की कमी का अहसाह हुआ।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि करियर के इस मोड़ पर शायद बेहतर यही होगा कि मैं समरसेट के लिये लंबे प्रारूप के कुछ मैच खेलूं जिससे मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलने के अवसर मिलें है।''

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए सेरेना और ओसाका एक ही हाफ में शामिल

मेलबर्न। अमेरिका की महिला टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स, दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी सिमोना हालेप और नाओमी ओसाका को आगामी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए ड्रॉ के एक ही हाफ में शामिल किया गया है। सेरेना का पहले दौर में सामना जर्मनी की लौरा एस से होगा। वहीं अमेरिकी ओपन चैम्पियन जापान की ओसाका पहले दौर में अनास्तासिया पेवलियुचेंकोवा से खेलेगी। इस हाफ में एंजेलिक कर्बर, गार्बाइन मुगुरूजा, वीनस विलियम्स और बियांका आंद्रिस्कू भी हैं। गत चैम्पियन सोफिया केनिन शीर्ष हाफ में है जिसमें नंबर वन रैंकिंग वाली एशले बार्टी भी है। दोनों की टक्कर सेमीफाइनल में फिर हो सकती है। पिछली बार केनिन ने सेमीफाइनल में बार्टी को हराया था। वहीं नौ बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन नोवाक जोकोविच का पहले दौर में सामना जेरोम चार्टी से होगा। उनके हाफ में तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्टान वावरिंका, मिलोस राओनिच और अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी हैं।

# शहडोल ने जीती जे.एस. आनंद ट्रॉफी

## पूजा वस्त्राकर (75) के अर्द्धशतक के दम पर इन्दौर को 113 रनों से हराया

**इन्दौर।** शहडोल ने जे.एस. आनंद ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। इन्दौर में खेले गये सीनियर वुमंस इंटर डिविजनल एक दिवसीय क्रिकेट टुनार्मेंट के खिताबी मुकाबले में पूजा वस्त्राकर (75) की अर्द्धशतकीय के बाद गेंदबाजों के मिश्रित प्रदर्शन की बदौलत शहडोल ने इन्दौर संभाग को 113 रनों से करारी शकिस्त देकर यह खिताब अपने नाम किया। होलकर स्टेडियम में शहडोल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूजा वस्त्राकर (75) की अर्द्धशतकीय पारी के दम पर निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 173 रनों का स्कोर




किया। रीना यादव ने 22, दीक्षा सिंह ने 15, वैष्णवी सिंह ने 15, संस्कृति व पूनम सोनी ने 10-10 रनों का योगदान दिया। स्वाति 7 व उजाला बंसल 14 रन बनाकर नाबाद रही। इन्दौर के लिए उन्नति बागोरा, चारू जोशी, अंजनी यादव, वर्षा चौधरी व प्रियंका कौशल ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में शहडोल के गेंदबाजों उम्मदा प्रदर्शन करते हुए इन्दौर की पारी को 31.3 ओवर में मात्र 60 रनों पर समेट दिया। इन्दौर की वर्षा चौधरी (21) के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू नहीं सका। शहडोल के लिए शशकिला यादव, दीक्षा सिंह व श्वाति वरमन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि पूनम सोनी व संस्कृति गुप्ता को 1-1 सफलता मिली। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण विमानतल निदेशक सुश्री आर्यमा सान्याल के मुख्य आतिथ्य एवं एमपीसीए की संयुक्त सचिव सुश्री सिद्धियानी पाटनी के विशेष आतिथ्य में हुआ। एमपीसीए ने दोनों टीमों को इस स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# भोपाल मंडल की टीम घोषित



**इन्दौर।** अखिल भारतीय एसबीआई इंटर सर्किल क्रिकेट टूनार्मेंट हेतु भोपाल मंडल की टीम घोषित कर दी गई है।

**टीम इस प्रकार है :-** ज्योति प्रकाश त्यागी (कप्तान), मुकेश साहनी, महेन्द्र सातोकर, देवेन्द्र बुन्देला, संजय पाण्डेय, जतिन सहाय सक्सैना, मंजीत कुमार सिंह, मनीष कुमार मजीठिया, हर्ष गवली, एंथोनी पुष्पराज लुईस, अंकित वाणी, देवेन्द्र सिंह कठैत, योगेश बाथम, अभिषेक बकोरिया, अनिल कनौजिया। मैनेजर- सुभाष बोराना।

# पटेल क्लब ने जीता प्रारंभिक मुकाबला

**इन्दौर।** सचिन क्रिकेट एकेडमी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में टी-20 बी-ग्रेड मोयरा ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रारंभ हुई। स्पर्धा के प्रारंभिक मुकाबले में सरदार पटेल क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाये। कलपीत पटेल ने 43 तथा प्रकाश ने 31 रनों का योगदान दिया। रितिक पाटीदार ने 4 विकेट झटके। जबाव में महू स्पोटर्स की टीम 20 ओवर में 155 रन ही बना सकी। विजय पटेल ने 67 रनों की उम्दा पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नही दिला सके। आर्दश पटेल ने 3 विकेट लिए। इसके



पूर्व स्पर्धा का शुभारंभ चन्दुराव शिंदे के आतिथ्य में किया गया। इस दौरान पूर्व क्रिकेटर अमित मेलाने, राजेश कनोजिया, भूषण वर्मा व आशिष शर्मा मौजूद थें। संचालन सचिन सावनेर ने किया, तथा आभार रणजीत वर्मा ने माना।

# वैंकटपति राजू जैसे हैं शाहबाज नदीम: मांजरेकर

**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने युवा स्पिनर शाहबाज नदीम की तुलना वेंकटपति राजू से की है। बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम पहले टेस्ट के पहले दिन उतने प्रभावी नहीं रहे जितनी उम्मीद थी। इस स्पिनर ने मैच के पहले दिन 20 ओवर गेंदबाजी की पर वह एक भी विकेट नहीं ले पाये। इस दौरान उन्होंने 69 रन दिये। मैच के दौरान ही मांजरेकर ने शाहबाज के बारे में एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'शाहबाज हैं।' हालांकि, उन्होंने अपने ट्वीट के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया कि वे यह तुलना क्यों कर रहे हैं। शाहबाज का अंतरराष्ट्रीय करियर अभी शुरू ही हुआ है। वे अपना दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे हैं। वहीं राजू ने 1990 के दशक में 28 टेस्ट और 53 एकदिवसीय मैच खेले थे। राजू



कप्तानी अजहरुद्दीन की उस टीम का हिस्सा रहे, जो कई साल तक भारत में टेस्ट सीरीज नहीं हारी थी। गौरतलब है कि साल 1990 के दशक में अनिल कुंबले, वेंकटपति राजू और राजेश चौहान की स्पिन तिकड़ी काफी सफल रही थी।

# लिसा हॉल ऑफ फेम में शामिल




**सिडनी।** भारतीय मूल की ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर व पूर्व कप्तान लिसा स्टालेकर को हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा कि पुणे में जन्मी लिसा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 12 साल के अपने करियर के दौरान आठ टेस्ट, 125 एकदिवसीय और 54 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। एकदिवसीय और टी20 प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया की चार विश्व कप विजेता टीम की सदस्य रही लिसा ने 2006 में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में टीम की कप्तानी की थी। उन्हें साल 2007 में अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर चुना गया था। उन्हें 2007 और 2008 में ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया था जिसके लिये उन्हें बेलिंडा क्लार्क पदक भी मिला था। इसके अलावा अगस्त 2020 में उन्हें आईसीसी क्रिकेट हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

# आईपीएल नीलामी के लिए 1097 खिलाड़ी हुए पंजीकृत, 283 विदेशी शामिल

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14वें सत्र के लिए इसी माह 18 फरवरी को चेन्नई में होने जा रही नीलामी के लिए 1097 खिलाड़ियों को पंजीकृत किया गया है, इसमें 283 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह के अनुसार आईपीएल नीलामी के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण चार फरवरी को समाप्त हुआ। इसके लिए 1097 पंजीकृत खिलाड़ियों में से 814 भारतीय और 283 विदेशी खिलाड़ी हैं। यह नीलामी




चेन्नई में दोपहर तीन बजे से शुरू होगी। इन पंजीकृत खिलाड़ियों में 207 कैप्ड, 863 अनकैप्ड और 27 एसोसिएट खिलाड़ी हैं। इनमें 21 कैप्ड भारतीय खिलाड़ी, 186 कैप्ड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और 27 एसोसिएट खिलाड़ी शामिल हैं। अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों की संख्या 743 और अनकैप्ड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की संख्या 68 है। विदेशी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा संख्या वेस्टइंडीज से है जिससे 56 खिलाड़ी नीलामी में उतरेंगे। ऑस्ट्रेलिया से 42, दक्षिण अफ्रीका से 38, श्रीलंका से 31, अफगानिस्तान से 30, न्यूजीलैंड से 29, इंग्लैंड से 21, बंगलादेश से पांच, आयरलैंड से दो, नेपाल से आठ, हॉलैंड से एक, स्कॉटलैंड से सात, यूएई से नौ, अमेरिका से दो और जिम्बाब्वे से दो खिलाड़ी नीलामी में शामिल होंगे। बीसीसीआई के अनुसार हर फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में 25 खिलाड़ी रखने होंगे।

# भारत के खिलाफ 'बोरिंग' लाइन में गेंदबाजी करें लीच और बेस : स्वान

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्रीम स्वान ने कहा है कि युवा स्पिनर जैक लीच भारतीय टीम के खिलाफ सफल होने के लिए 'बोरिंग' लाइन में गेंदबाजी करें। स्वान के अनुसार लीच और ऑफ स्पिनर डॉम बेस ने भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी नहीं की है जिससे उन्हें इस टेस्ट सीरीज में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। अनुभवी मोईन अली को ही भारतीय हालातों में गेंदबाजी का अनुभव है। स्वान ने कहा, ''लीच गेंद को स्टंप पर



पिच करता है। मैं उसे बस इतना ही कहूंगा कि देखे कि हेराथ श्रीलंका के लिये क्या किया करता था। लीच के लिये यही योजना सही है, दौड़कर गेंद को सही जगह पर पिच करे और भारत में 'बोरिंग' गेंदबाजी करे।'' उन्होंने कहा कि लीच उस तरह से गेंदबाजी नहीं करते जिस तरह से 2012 में मोंटी पनेसर करते थे, लेकिन स्वान को उनकी निरंतरता प्रभावित करती है। उन्होंने कहा, ''भारत के बल्लेबाज अच्छी गेंद का सम्मान करते हैं और वह ज्यादा गेंद खराब नहीं फेंकता। आम तौर पर भारतीय बल्लेबाज लंबी पारी खेलेंगे। यह उसके लिये अच्छी चीज है क्योंकि इससे उसे लय में आने का मौका मिल जायेगा।'' स्वान को हालांकि बेस से उसी निरंतरता की उम्मीद नहीं है लेकिन उन्हें लगता है कि वह इंग्लैंड के लिये लंबे समय में अच्छा प्रदर्शन करेगा।

# हुसैन ने रूट को जमकर सराहा

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि टीम के वर्तमान कप्तान जो रूट की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि लगातार तीन शतक लगाकर रुट ने साबित किया है कि कयों उन्हें टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के साथ विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों 'फैब फोर' में शामिल किया गया है। रूट इस साल की शुरूआत से ही शानदार लय में हैं और उन्होंने श्रीलंका के साथ एक शतक और एक दोहरा शतक लगाया था। टीम इंडिया के खिलाफ खेले गये अपने सौवें टेस्ट के पहले ही दिन शतक लगाकर रुट ने अपने इरादे जाहिर कर दिये हैं। हुसैन ने लिखा, ''यह तय हो गया कि जो रूट ने अपने 100वें टेस्ट में शतक लगाकर साबित कर दिया कि वह सही मायने में महान है।'' उन्होंने कहा, ''पिछले साल खराब फॉर्म के बाद कुछ लोग रुट को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के समूह में शामिल करने पर सवाल उठाने लगे थे हालांकि तब भी उनका औसत 40 का था। रूट अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले नौवें बल्लेबाज बने हैं इंग्लैंड की तरफ



उनसे पहले कोलिन काउड्रे और एलेक स्टीवर्ट ने यह उपलब्धि हासिल की थी। उसके अलावा जावेद मियादाद, गोर्डन ग्रीनिज, इंजमाम उल हक, रिकी पोंटिंग, ग्रीम स्मिथ और हाशिम अमला भी इस सूची में शामिल हैं। जो रूट दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं जिन्होंने 98वें, 99वें और 100वें टेस्ट में शतक लगाया हो। रूट विश्व के एकमात्र ऐसे क्रिकेटर हैं, जिन्होंने अपना पहला, 50वां और 100वां टेस्ट एक ही जगह पर खेला है। रूट ने भारत के खिलाफ 2012 में नागपुर में टेस्ट डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने 73 रन की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने 50वां टेस्ट 2016 में विशाखापत्तनम में भारत के ही खिलाफ खेला था। अब वह अपना 100वां टेस्ट भी भारत (चेन्नई) में ही खेल रहे हैं।

# एसजीएफआई फिर से चुनाव आयोजित करे : खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय स्कूल खेल महासंघ (एसजीएफआई) को फिर से चुनाव कराने के लिये कहा है। खेल मंत्रालय के अनुसार एसजीएफआई ने दिसंबर 2020 में कराये गये चुनावों में राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन किया था। मंतालय के अनुसार चुनाव अधिकारी की नियुक्ति करने का अधिकार सबंधित महासंघ के अध्यक्ष को होता है जिसका पालन नहीं किया गया था। एसजीएफआई के अध्यक्ष दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार हैं।

भारत सरकार में उप सचिव एसपीएस तोमर ने अपने पत्र में कहा, ''चुनाव अधिकारी नियुक्त करने से लेकर चुनाव की पूरी प्रक्रिया एसजीएफआई के अध्यक्ष से मंजूरी के बिना संपन्न हुई जो कि एनएसडीसीआई 2011 का उल्लंघन है।'' इसमें कहा गया है, ''इसलिए आपसे भारतीय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011 के आदर्श चुनाव दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार फिर से चुनाव कराने का अनुरोध किया जाता है।''

# Shweta Tiwari के इस लुक के दीवाने हुए फैंस दिखा ग्लैमरस लुक



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फोटोज वीडियो शेयर करती रहती हैं। इसी बीच उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। जिनमें उनका ग्लैमरस लुक देखने को मिल रहा है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं। उन्होंने फोटो शेयर कर कैप्शन लिखा, 'अपनी असीम क्षमताओं पर विश्वास करो।' उनके फैंस और टीवी कलाकार उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। उनकी इस तस्वीर पर मशहूर डायरेक्टर एकता कपूर ने कमेंट कर लिखा, 'वाह।' वहीं अभिनेता करण बोहरा ने उनकी इस तस्वीर पर कमेंट करते हुए लिखा, 'आग ही आग' और फायर के इमोजी कमेंट किए हैं। बता दें कि श्वेता तिवारी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत टीवी सीरियल 'कलीरें' से की थी। जिसके बाद उन्होंने कई टीवी शो में अहम किरदार निभाया है। लेकिन उन्होंने पहचान टीवी शो 'कसौटी जिंदगी की' से मिली है। बता दें अभिनेत्री श्वेता तिवारी टीवी शो बिग बॉस सीजन 4 की विनर्स हैं। इस सीजन में वो अभिनेत्री डॉली बिंद्रा के साथ लड़ाई को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही थी।

# सलमान खान का इस बार वैलेंटाइन डे का प्लान



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इंडस्ट्री में न सिर्फ अपनी फिल्मों बल्कि अपने अफेयर्स को लेकर भी काफी चर्चा में रहे हैं। अबतक भाई जान कई एक्ट्रेसेज को डेट कर चुक हैं बावजूद इसके वो अभी तक ऑफिशियली सिंगल ही हैं। वहीं जब भी वैलेंटाइन आता है तो उनके फैंस हमेशा उनके वैलेंटाइन वीक प्लान के बारे में जानने के लिए एक्साइटेड रहते हैं। सभी जानना चाहते हैं कि सलमान का आखिर वैलेंटाइन को लेकर क्या प्लान है। हाल ही में सुपरस्टार से वैलेंटाइन को लेकर सवाल पूछा गया। तो जानते हैं उन्होंने क्या कहा...सलमान खान हाल ही में एक इंवेंट पर नजर आए। इस दौरान का वीडियो बॉलीवुड के फेमस फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि सलमान से पूछा गया कि वैलेंटाइन डे आने वाला है आपका इस बार का क्या प्लान है। इस पर सलमान ने बड़े ही मजाकिया अंदाज में कहा वैलेंटाइन डे का मेरे से क्या लेना देना। फिर वह कहते हैं- 'गौर से सुनिए... वैलेंटाइन डे से मेरा क्या लेना देना भाई? या मेरा ही लेना देना है वैलेंटाइन डे से?' हालांकि बाद में सलमान खान ने वहां मौजूद सभी को मुस्कुराते हुए वैलेंटाइन्स डे की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा, 'अल्लाह आपको सलामत रखे।' इसी दौरान जर्नलिस्ट ने सलमान खान से किसान आंदोलन को लेकर भी सवाल पूछा। सलमान खान से पूछा गया कि इनदिनों चल रहे किसान आंदोलन के बारे में आपकी क्या राय है। एक के बाद एक कई इंडस्ट्री के लोग इसको लेकर ट्रवीट कर रहे हैं। इस पर सलमान खान ने कहा, 'मैं इस बारे में जरूर बोलूंगा...।' लेकिन उन्होंने कुछ नहीं कहा। बता दें कि सलमान खान का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं फैंस को एक बार फिर उनका ये अंदाज काफी पसंद आ रहा है। सलमान खान के इस वीडियो पर फैंस लगातार कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो 'अंतिम' के अलावा फिल्म 'राधे : योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' में भी नजर आने वाले हैं। सलमान खान फिलहाल 'अंतिम' मूवी की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में उनके जीजा आयुष शर्मा के अलावा साउथ इंडियन सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल लीड रोल प्ले करती नजर आएंगी। प्रज्ञा ने कई सुपरहिट तेलुगू फिल्मों दी हैं। वहीं फैंस उनकी एक्टिंग की जमकर तारीफ करते हैं।

# शादी के बाद वायरल हुआ दुल्हनिया नताशा का बोल्ड अवतार





बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और नताशा दलाल इनदिनों अपनी मैरिड लाइफ एंजॉय कर रहे हैं। हाल ही हुई नताशा और वरुण की शादी काफी सुर्खियों में रही थी। दोनों ने अलीबाग में कुछ खास रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए। शादी की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। इसी बीच अब वरुण की पत्नी नताशा की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई है। वरुण धवन की पत्नी नताशा दलाल शादी से ही सुर्खियों में बनी हुई हैं। सिंपल लुक में हमेशा नजर आने वाली नताशा एक बार फिर से घर के बाहर स्पॉट हुईं। हमेशा सिंपल लुक में नजर आने वालीं नताशा इस बार काफी बोल्ड अवतार में दिखीं। उन्होंने रेड कलर की काफी बोल्ड ड्रेस पहनी हुई थी। इस दौरान की उनकी तस्वीर सोशल मीडिया परखूब वायरल हो रही हैं। नताशा की इस दौरान की तस्वीरें बॉलीवुड के फेमस फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस तस्वीर को लइक करने के साथ ही फैंस इस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। इससे पहले हाल ही में नताशा दलाल को मुंबई में स्पॉट किया गया था। वरुण धवन उनके साथ नहीं थे, वह अकेले नजर आईं थीं। इस दौरान की नताशा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं थी। तस्वीरों में वह कार से उतरते हुए दिखीं थीं। उन्होंने ब्लैक स्वेटर के साथ मैचिंग पैंट पहन रखा था। साथ ही इस ड्रेस के साथ उन्होंने मास्क भी पहना हुआ है। वहीं उनके एक हाथ में मोबाइल फोन भी साफ देखा जा सकता है। आपको बता दें कि वरुण धवन और नताशा दलाल ने 24 जनवरी को शादी की थी। अलीबाग में हुई उनकी इस शादी में उनके कुछ करीब दोस्तों और रिश्तेदार शामिल हुए थे। वहीं वरुण ने अपनी शादी की कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर की थीं। वहीं उनकी शादी की कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे। शादी के बाद न्यूली मैरिड कपल को फैंस और सेलेब्स ने जमकर बधाइयां दीं थीं।

# कंगना ने धाकड़ में एक्शन सीन के लिए टीम को सराहा



अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म 'धाकड़' की पूरी टीम की सराहना की। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर कोयले की खदान में हुए एक्शन सीन की एक वीडियो शेयर की, जिसमें वह सीन की रिहर्सल करती दिखाई दे रही हैं। कंगना ने ट्वीट में लिखा कि 'ये मेरे टीम के लिए सराहना ट्वीट है। कोयले की खदान में एक्शन शूट के लिए इन्होंने लगभग महीनें भर से तैयारी की। मैं अपने अतिथि के रूप में एक आलसी रिहर्सल के लिए अपने चीफ रजी घाई के साथ पिछले कुछ दिनों से इस स्थान पर रह रही हूं।' अभिनेत्री ने खदान से क्रू मेंबर की तस्वीरें भी शेयर कीं। वहीं शेयर वीडियो में वह अपने एक्शन निर्देशकों से एक्शन सीन का अभ्यास करते नजर आ रही हैं।







